फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष-34, अंक 43, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा 16

रिंकू और काजोल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवे 15

एक नजर

आयोग ने स्थगित की पीसीएस प्री परीक्षा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा को स्थगित कर दिया है। परीक्षा अब लोकसभा चुनाव के बाद होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। गौरतलब है कि परीक्षा का विज्ञापन एक जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इसमें 220 पदों के लिए 5,74,538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

दिल्ली विवि के कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामलाल आनंद कॉलेज को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद वहां दहशत फैल गई। दरअसल, कॉलेज के एक कर्मचारी के फोन पर बम होने की धमकी वाला संदेश आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा कि कर्मचारियों को सुबह 9:34 बजे व्हाट्सएप पर बम होने की धमकी वाला संदेश मिला था। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के तुरंत बाद ही पुलिस की टीम एक एम्बुलेंस, बम निरोधक दस्ते और बम का पता लगाने वाले दल के साथ कॉलेज पहुंचीं और उसके बाद छात्रों और कर्मचारियों को वहां से बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया कि कॉलेज में तलाश और जांच जारी है।

कार्यवाही टालने के लिए हथकंडे अपना रहे आरोपी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक स्थानीय अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी के कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले के आरोपी कार्यवाही टालने के हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने हिरासत की अवधि के दौरान पूछताछ की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सहित सीसीटीवी फुटेज की एक प्रति सौंपे जाने को लेकर आरोपियों की अर्जी का विरोध करते हुए यह बात कही।

केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढोतरी करने का गुरुवार को निर्णय लिया जिसका लाभ करीब 50 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई भत्ता पहले से 46 प्रतिशत है और अब इस बढ़ोत्तरी से यह 50 प्रतिशत हो गया है। इसके मद्देनजर अब आवास भत्ते के साथ ही ग्रेच्युटी आदि में भी बढ़ोत्तरी होगी। अब आवास भत्ता नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाएगा। इसके साथ ही ग्रेच्युटी की ऊपरी सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी से सरकार पर 12868.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

कैबिनेट के फैसले

- इस बढ़ोत्तरी के बाद 50 प्रतिशत मिलेगा भत्ता
- 50 लाख कर्मियों 67.95 लाख पेंशनरों को लाभ

उज्ज्वला योजना पर जारी रहेगी 300 रु.सब्सिडी

सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। योजना के तहत लाभार्थियों को हर साल 12 रिफिल तक प्रदान की जाने वाली 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी गई है।

छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फांसी की सजा

सोना खरीदने वाले सर्राफ को उम्रकैद, सुरेश शर्मा नगर में 10 साल पहले हुई थी घटना

विधि संवाददाता, बरेली

- आयकर इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान कर दी गई थी भाई-भाभी व मां की हत्या
- चार मार्च को ही अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार देकर भेज दिया था जेल
- शाहजहांपुर के चौक मोहल्ले का है सर्राफ, पांच लाख रुपये का जुर्माना भी डाला

अमृत विचार : सुरेश शर्मा नगर में आयकर विभाग के इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान उनके भाई-भाभी और मां की हत्या कर देने वाले छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई।

इनमें दो महिलाएं हैं। लूटा गया सोना खरीदने वाले शाहजहांपुर के सुनार राजू वर्मा को उम्रकैद के साथ पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी गई है। अदालत ने इन सभी को चार मार्च को दोषसिद्ध होने के बाद जेल भेज दिया था। शहर को दहला देने वाली यह वारदात सन् 2014 में 22/23 अप्रैल की रात आयकर इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा के घर में हुई थी जिनकी तैनाती पीलीभीत में थी। पुलिस की विवेचना में सामने आए तथ्यों के मुताबिक छैमार गैंग के लोग पड़ोस के निर्माणाधीन मकान से होते हुए रविकांत के घर की छत पर चढ़े थे। सब्बल के जरिए खिड़की की ग्रिल निकालने बाद घर में दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने सिर पर ईंट मारकर रविकांत की बुजुर्ग मां की हत्या की। इसके बाद भाई-भाभी को भी ईंट से सिर कुचलकर मार दिया। रविकांत मिश्रा की ओर से थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि सुरेश शर्मा नगर स्थित घर से वह 21 अप्रैल 2014 सुबह नौ बजे ड्यूटी पर पीलीभीत गए थे। 23 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया तो संपर्क नहीं हो पाया। पड़ोसियों से मेनगेट अंदर से बंद होने की बात पता चलने पर अनहोनी की आशंका हुई तो वह घर आए।

इन्हें फांसी की सजा...: बिथरी चैनपुर के गांव डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, जुल्फाम और फहीम, शेरगढ़ के गांव कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद और संभल के गांव बुकनाला निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस।

बंदिशों के खत्म होने के बाद खुली हवा में सांस ले रहा कश्मीर : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा-अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस ने देश को किया गुमराह

- करोड़ों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में थे। इस दौरान उन्होंने 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।



सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद की बेड़ियां तोड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है।

भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। करीब 5,000 करोड़ रुपये का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं।

कश्मीरी युवा के साथ ली सेल्फी और दोस्त कहा

श्रीनगर। कश्मीरी युवा नाजिम नजीर के लिए गुरुवार को यह सपने सच होने जैसा पल था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल उनके साथ एक सेल्फी ली बल्कि उन्हें अपना 'दोस्त' भी कहा। नजीर ने एक सफल मधुमक्खी पालन इकाई स्थापित की हुई है। वह उन युवाओं में से एक थे जिन्हें बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक रैली के बाद मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था। प्रधानमंत्री ने बाद में नजीर के साथ ली गई सेल्फी को पोस्ट करते हुए एक ट्वीट भी किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त नजीर के साथ एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे काम से बेहद खुश हूं। जनसभा के बाद उन्होंने एक सेल्फी का अनुरोध किया और मुझे उनसे मिलकर खुशी हुई।

सपा विधायक इरफान सोलंकी के घर समेत छह ठिकानों पर ईडी का छापा

भाई-पिता के अलावा सपा नेत्री नूरी शौकत, हाजी वसी के घर भी छानबीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर गुरुवार सुबह 5.30 बजे लखनऊ से आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की। इरफान के भाई रिजवान सोलंकी, साथी और जमीनों के कारोबार में साझीदार बिल्डर हाजी वसी और सपा नेत्री नूरी शौकत के घरों समेत कुल छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। इरफान की आय में बढ़ोत्तरी हुए बिना संपत्ति में 282 प्रतिशत वृद्धि के साक्ष्य मिले हैं। विधायक के घर से 26 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। जबकि बैंक अकाउंट से साढ़े 12 करोड़ रुपये का ब्योरा मिला है। आयकर रिटर्न में उन्होंने छह लाख रुपये की औसत आय दिखाई थी। वसूली, सरकारी और निजी संपत्तियों समेत नजूल की जमीनों पर कब्जा, अवैध निर्माण के साथ ही मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत जांच शुरू की गई है।

सपा विधायक इरफान सोलंकी डिफेंस कालोनी निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट पर तोड़फोड़ और आगजनी, फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने, बांग्लादेशी डॉ रिजवान को भारतीय नागरिकता देने समेत कई अन्य मामलों में पिछले एक वर्ष से महराजगंज जेल में बंद हैं। विधायक पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई थी। गुरुवार सुबह एक साथ 40 से ज्यादा गाड़ियों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें शहर पहुंचीं। उनके साथ सीआरपीएफ के जवान थे। आठ से ज्यादा गाड़ियों से ईडी अधिकारी जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित इरफान सोलंकी के घर पहुंचे और दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। किसी को अंदर-बाहर आने-जाने नहीं दिया गया।

छापेमारी के दौरान आई घर की नौकरानी और दूध वाले को वापस कर दिया गया। आवास पर विधायक के परिजन मौजूद नहीं थे। घर में सिर्फ नौकर थे, जिनसे टीम ने पूछताछ कर छानबीन शुरू की। आवास के सीसीटीवी कनेक्शन काट दिए गए। नौकरों के फोन ले लिए गए। ईडी के सदस्य आवास के भीतर फोटो कॉपी मशीन और कटर मशीन ले गए। कटर मशीन से तिजोरी और लॉकर काटने की चर्चा रही। इरफान सोलंकी के पुराने मकान पेंचबाग में भी छापा मारा गया। ईडी की दूसरी टीम इरफान के पिता स्व. हाजी मुश्ताक सोलंकी और भाई रिजवान सोलंकी के घर पहुंची।

ईडी के सदस्यों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों की तलाशी के साथ ही घर की नापजोख की। इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय की दो अलग-अलग टीमों ने ग्वालटोली स्थित सपा नेत्री नूरी शौकत और नई सड़क दंगे के मास्टरमाइंड हाजी वसी के घर छापेमारी की। हाजी वसी हमराज कंस्ट्रक्शन के निदेशक हैं जिसमें इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी डॉयरेक्टर थीं। इस कंपनी के जरिये करोड़ों का हेरफेर किए जाने का आरोप है। देर शाम तक छह स्थानों पर ईडी की पूछताछ और कार्रवाई जारी थी।

- विधायक के घर से मिले 26 लाख नकद, आय बिना 282 प्रतिशत संपत्ति बढ़ने के साक्ष्य
- टीम इरफान के घर ले गई थी फोटो कॉपी और कटर मशीन तिजोरी, लॉकर काटे गए

तौकीर रजा प्रकरण : बरेली पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 11 मार्च को मामले में सुनवाई से पहले धार्मिक नेताओं से बातचीत के निर्देश

अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा खान से जुड़े मामलों पर शासन भी नजर बनाए हुए है। इस प्रकरण में न्यायिक कार्यवाहियों का संज्ञान लिया जा रहा है। राज्य गृह विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को ब्रीफिंग भी की गई है।

ऐसे में बरेली पुलिस-प्रशासन से शांति-व्यवस्था बहाल रखते हुए तौकीर केस की 11 मार्च को होने जा रही अगली सुनवाई से पहले कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई है। साथ ही सभी धर्मगुरुओं से संपर्क बनाए रखने की भी उम्मीद की गई है। बुधवार को बरेली कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा को 2010 की सांप्रदायिक हिंसा का मास्टरमाइंड करार दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि सत्ता के पदों पर बैठे लोगों को धार्मिक व्यक्ति होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेकर प्रशंसा की। कोर्ट ने कहा कि एक धार्मिक व्यक्ति का जीवन त्याग और समर्पण का प्रतीक होता है, न कि विलासिता में जीने का। दरअसल, पिछले दिनों भी तौकीर रजा ने उत्तराखंड में सीएए लागू होने के बाद बरेली में समर्थकों के साथ प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया था। इस बीच लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में सीएए कानून लागू होने की संभावनाओं को देखते हुए सुरक्षा व शांति बनाए रखने को लेकर यूपी पुलिस पूरी तरह तैयार है। बुधवार को ही पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए हमारे पास डंडा भी है और डेटाबेस भी। डीजीपी ने कहा कि, हमारी तैयारी हमारी ट्रेनिंग का पार्ट है, हम ट्रेनिंग में इतना पसीना बहा रहे हैं कि खून बहाने की नौबत नहीं आएगी। हमारी फील्ड फोर्स, हमारे उपकरण किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

लश्कर सदस्य कासिम को घोषित किया आतंकवादी

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई कई आतंकी हमलों में रहा शामिल

केंद्र. सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गुरुवार को आतंकवादी घोषित कर दिया। सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गुज्जर कई आतंकी हमलों और भारत के खिलाफ युद्ध की साजिश में संलिप्त रहा है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से कठोरता से निपटा जाएगा।

एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक उपकरण और नकदी गिराने के लिए ड्रोन के समन्वय, आपूर्ति, स्थानों की पहचान करना शामिल है।

रिटायर्ड आईएएस राज प्रताप सिंह बने राज्य निर्वाचन आयुक्त

लखनऊ। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राज प्रताप सिंह को नया राज्य निर्वाचन आयुक्त पंचायती राज व स्थानीय निकाय बनाया गया है। राज्य सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छह साल के लिए नियुक्ति की है। शासन की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के बाद आरपी सिंह ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर अभी मनोज कुमार तैनात थे। उनका कार्यकाल 17 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया था।

पूर्व डीजीपी राजकुमार बने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 नए सूचना आयुक्तों की भी नियुक्ति

अमृत विचार : रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी व पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा नए राज्य मुख्य सूचना आयुक्त बनाए गए हैं। इसके अलावा 10 नए राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है।

शासन द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आदेश के अनुसार नए सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण द्विवेदी, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेंद्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। राज कुमार विश्वकर्मा 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। डीएस चैहान के बाद उन्हें कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया गया था। मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले विश्वकर्मा सपा सरकार में आईजी कानून-व्यवस्था, पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के महानिदेशक और चेयरमैन का पद भी संभाल चुके हैं। सूचना आयुक्तों का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए है।

यूको बैंक घोटाला मामले में सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजस्थान-महाराष्ट्र के 7 शहरों में 67 जगहों पर कार्रवाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के आईएमपीएस घोटाले के संबंध में राजस्थान और महाराष्ट्र के सात शहरों में 67 स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मामला 8,53,049 से अधिक आईएमपीएस (तत्काल भुगतान प्रणाली) लेन-देन से संबंधित है जो पिछले साल 10 नवंबर से 13 नवंबर के बीच बैंक में हुए थे। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि सात निजी बैंकों के लगभग 14,600 खाताधारकों से शुरू किए गए आईएमपीएस आवक लेन-देन को यूको बैंक के 41,000 से अधिक खाताधारकों के खातों में गलत तरीके से पोस्ट किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 820 करोड़ रुपये मूल बैंकों से वास्तविक डेबिट किए बिना यूको बैंक खातों में जमा किए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को राजस्थान और महाराष्ट्र में तलाशी उन लोगों पर केंद्रित थी, जिन्होंने पैसे प्राप्त किए और बैंक को वापस करने के बजाय इसे निकाल लिया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष व्यापारिक कर्ज में डूबे ससुराल को मुसीबत से बाहर निकाला, लंदन तक भेजा उत्पाद

कभी घर-घर जाकर लेती थीं ऑर्डर, आज दो फैक्ट्रियों की एमडी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

अमृत विचार : जमीन से आसमान तक का सफर मुसीबतों के बीच तय करके मुकाम बनाना हर किसी के बस में नहीं होता। महिला उद्यमी ममता शुक्ला की कहानी एक ऐसी ही संघर्ष गाथा है। एक वक्त था जब वे एक अदद ऑर्डर के लिए दरवाजे-दरवाजे दस्तक देती थीं, आज शहर में दो बड़ी फैक्ट्रियों की मालिक हैं। उन्होंने ससुराल पर चढ़ा व्यापारिक कर्ज तो उतारा ही समाज के तानों की परवाह न करते हुए खुद को साबित भी किया।

संघर्ष की मिसाल

- महिला होने के नाते लोग मारते थे ताने आज दे रहीं 150 लोगों को रोजगार

उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि कारोबार संभालने में कभी रुचि नहीं थी। वे पर्दे वाली बहू थीं, जिसका दायरा काफी सीमित था। 1988 में पति डॉ. प्रदीप शुक्ला ने 'पारुल होम्योलैब' नाम से फर्म शुरू की। दो साल बाद इस फर्म की वजह से कर्ज हो गया। बैंक में मकान तक गिरवी हो गया। 1991 आते-आते कारोबार भी ठप हो गया। परिवार की हालत देखकर उन्होंने अपनी सास से कारोबार दोबारा शुरू करने की इच्छा जताई। सास विंदेश्वरी शुक्ला ने उनका हौसला बढ़ाया। इस पर उन्होंने दोबारा कारोबार शुरू करने की ठानी। होम्योपैथिक दवाइयां और उसमें इस्तेमाल होने वाली स्वीट पिल्स 'सफेद छोटी गोलियां' का कारोबार दोबारा शुरू किया।

90 के दशक में घर की बेटियों और बहुओं का कामकाज करना समाज में कम ही था। ऐसे में उन्होंने शहर से बाहर जाकर ऑर्डर लाने का निर्णय लिया। शुरुआत प्रयागराज से की। वहां पर होम्योपैथिक डॉक्टरों के घर-घर जाकर ऑर्डर लिए। वह पैदल और ऑटो से पूरा शहर घूमती थीं। उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि उस वक्त मार्केटिंग में महिलाएं बहुत कम थीं। बाजार में कई बार लोग ताने मारते थे। लोगों को भरोसा नहीं होता था इसलिए उधार कच्चा माल कोई व्यापारी नहीं देता था। बमुश्किल इलाहाबाद से ऑर्डर मिले जिससे आत्मविश्वास बढ़ा। ऑर्डर मिलने के बाद उत्पाद की पैकिंग खुद अपने हाथों से करती थीं। बच्चे छोटे थे तो उनकी देखभाल और घर की भी जिम्मेदारी भी थी।

बाजार में कुछ समय गुजारने के बाद उन्होंने पाया कि कम रेट में बेहतर क्वालिटी से उनका उत्पाद लोगों और डॉक्टर के बीच चर्चित हो रहा है। इसी मंत्र को वे आज तक कायम रखे हैं। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ा और बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों में उनके उत्पाद जाने लगे। अब वे उत्पाद पनकी की दो फैक्ट्री में बनवाती हैं। एक में 'स्वीट पिल्स' और दूसरी में होम्योपैथिक दवाइयां बनाई जाती हैं।

वर्ष 1999 में उन्होंने उत्पादों को लंदन तक भेजा। दो साल तक विदेश में कारोबार करने के बाद उन्होंने भारतीय बाजार की ओर रुख किया। अब दोबारा निर्यात की योजना बना रहीं हैं। महिला उद्यमी ने बताया कि उनके संघर्ष में बड़े बेटे की अहम भूमिका रही। बड़ा बेटा अमित शुक्ला 14 वर्ष की उम्र में उनके साथ सड़क पर घूमता था। उन्हें दुख है कि इस वजह से वह सेना में जाने का सपना पूरा नहीं कर पाया। मेधावी होने के बाद भी सिर्फ बीकॉम तक ही पढ़ाई कर सका।

एक नजर

डीजीपी से मिले एसएसबी के डीजी दलजीत चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : एसएसबी के डीजी दलजीत चौधरी गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी प्रशांत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान डीजीपी को प्रतीक चिन्ह भी दिया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नेपाल की सीमा पर सुरक्षा को लेकर भी दोनों अफ़सरों के बीच हुई चर्चा हुई। इस दौरान उप्र पुलिस एवं एसएसबी के बीच समन्वय बनाने की बात हुई। इसके तहत भारत-नेपाल सीमा पर प्रभावी गस्त, चेकिंग एवं पेट्रोलिंग के संबंध में साझा रणनीति भी बनी।

महाशिवरात्रि को लेकर दीं शुभकामनाएं

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने महाशिवरात्रि पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने गुरुवार को शुभकामना संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि पर्व शिव और शक्ति की उपासना का पर्व है। शिवरात्रि पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है। लोकमंगल के लिए जीवन और मृत्यु पर विजय के संदेश से महाशिवरात्रि पर्व हमें जीवन के वास्तविक अर्थों से जोड़ता है।

रामलला आ गए और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया

सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बोले योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : हमारा अन्नदाता किसान जब आपस में मिलता है तो राम-राम कहता है। आज अयोध्या में रामलला भी आ गए हैं और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। उत्तर प्रदेश में सभी कार्य राम का नाम लेकर चल रहा है, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कृषकों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में 'संकल्प की सिद्धि' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने यहां प्रदेशभर से आए किसानों और किसान यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां प्रदेश के वित्तमंत्री, कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव, बिजली विभाग के अधिकारी, किसान यूनियन के नेता सभी मौजूद हैं। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता।

- बोले मुख्यमंत्री, राम का नाम लेकर उप्र. में हो रहे सभी काम
- संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम को भी किया संबोधित

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर किसानों से पीएम कुसुम योजना के साथ जुड़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत ट्यूबवेल पर सौलर पैनल लगाकर किसान बिजली पैदा कर सकेंगे। अपने उपयोग के बाद बची हुई बिजली सरकार को भी बेच सकेंगे। इससे न केवल किसानों को अतिरिक्त आमदनी होगी बल्कि उनके बिजली की आवश्यकता की भी पूर्ति होगी।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विद्युत मंत्री एके शर्मा, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव विद्युत विभाग महेश कुमार गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में आए प्रदेशभर के अन्नदाता एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

सीबीजी प्लांट का आज लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : महा शिवरात्रि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर के धुरियापार में बने इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर वह बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत भी करेंगे।

मुख्यमंत्री 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। पहले चरण में यहां सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) और दूसरे चरण में एथेनाल का उत्पादन होना है। इंडियन ऑयल ने सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) प्लांट का निर्माण धुरियापार चीनी मिल परिसर में 18 एकड़ भूमि पर 165 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से किया है।

9 हजार से अधिक कुशल श्रमिक जाएंगे इजरायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दूसरे चरण में 4,121 श्रमिकों का हुआ चयन

अमृत विचार: इजरायल में नवनिर्माण कार्य के लिए उप्र. के श्रमिकों को चयनित कर भेजे जाने की कवायद जारी है। प्रथम चरण में 5087 और दूसरे चरण में 4121 श्रमिकों को इजरायल में सेवायोजित किए जाने के लिए चयनित किया गया है। इस तरह कुल 9208 कुशल श्रमिक इजराइल में 01 लाख 37 हजार प्रतिमाह वेतन पर सेवायोजित किए जाएंगे।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि केन्द्र सरकार एवं इजरायल सरकार के बीच एमओयू किया गया है जिसके अंतर्गत व्यवसाय मेसन प्लास्टरिंग वर्क, मेसन सेरेमिक टाइलिंग, मेसन बिल्डिंग फ्रेमवर्क और मेसन आयरन वेन्डिंग के क्षेत्र में इजराइल में भारतीय श्रमिको को सेवायोजित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

28 फरवरी से 07 मार्च तक राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में कुशल श्रमिकों के द्वितीय चरण का स्किल टेस्ट इजरायल की टीम के द्वारा लिया गया, जिसमें 4121 कुशल श्रमिकों को चयनित किया गया है। इस तरह कुल 9208 कुशल श्रमिकों को इजराइल की टीम के द्वारा चयनित किया गया है।

सीबीआई ने घूसखोरी में दो को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि को निपटाने के लिए मांगी गई थी रिश्वत

अमृत विचार : सीबीआई ने पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटाने के लिए 18 हजार रिश्वत लेने के आरोप में अलीगढ़ स्थिति ग्रामीण बैंक के फील्ड अधिकारी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने एक शिकायत पर मोहित अग्रवाल, फील्ड ऑफिसर, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, पाली रजापुर शाखा, जिला-अलीगढ़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता के पिता के पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटान करने के लिए आरोपी द्वारा घूस मांगी गई थी। उस केसीसी ऋण खाते को एनपीए घोषित कर दिया गया था और कथित तौर पर बैंक ने उक्त खाते में 10,03,232 रुपये (लगभग) की बकाया राशि की गलत गणना की थी।

यह भी आरोप लगाया गया कि फील्ड ऑफिसर ने उस बकाया केसीसी ऋण राशि का निपटान करने के उद्देश्य से, शिकायतकर्ता के पिता के नाम पर दो नए केसीसी ऋण खाते खोले और पुराने केसीसी ऋण खाते में 8 लाख रुपये और 1.5 लाख रुपये हस्तांतरित किए। आरोपी फील्ड ऑफिसर ने समय सीमा बढ़ाने के लिए शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी।

सभी पोलिंग बूथों पर 9 व 10 को पढ़कर सुनाई जाएगी मतदाता सूची

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारी सभी पोलिंग बूथों पर 9 व 10 मार्च को लोगों को मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे। इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव की ओर से जारी निर्देश में जिला निर्वाचन अधिकारियों से निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। कैलेंडर के अनुसार, 9 व 10 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह दो बजे के बीच प्रत्येक बूथ (ग्राम पंचायत स्तर व वार्ड स्तर) पर मतदाताओं की जागरूकता के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाए, जिससे जिन अर्ह व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना ससमय पंजीकरण करा लें।

प्रदेश में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुटी एटीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे कृपाशंकर से एटीएस कर रही पूछताछ
- पूर्वांचल और बिहार से सटे उप्र के जिलों में नक्सली नेटवर्क पर टिकी हैं निगाहें

अमृत विचार : नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन की प्रयागराज से गिरफ्तारी के बाद एटीएफ उप्र में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुट गई है। इस बाबत अदालत से सात दिन रिमांड पर लिए गए कृपाशंकर सिंह से पूछताछ कर नक्सलियों की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

एटीएस सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के पूर्वांचल में पनाह लेने और सक्रिय होने के संदर्भ में भी पूछताछ कर रही है। दरअसल, कृपाशंकर सिंह कुशीनगर का मूल निवासी है, जबकि उसकी पत्नी छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के यहां सक्रिय होने का अंदेशा हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हुए नक्सली हमले के बाद उप्र में नक्सल प्रभावित जिलों- चंदौली, गाजीपुर, सोनभद्र और मिर्जापुर में अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन उप्र के इंटेलिजेंस महकमें ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बलिया, मऊ और आजमगढ़ में भी नक्सलियों को लेकर पुलिस को सतर्कता बरतने को कहा था।

2009 में ही देवरिया के 26 गांवो में और कुशीनगर के एक गाँव में नक्सली गतिविधियों की बाद सामने आयी थी। पूर्वांचल में नक्सली सक्रियता की पुष्टि 2010 में गोरखपुर में महिला नक्सली हिरामन की गिरफ्तारी से भी हुई थी। सूत्रों के मुताबकि एटीएस अपनी पूछताछ में इस बिन्दुओं को भी शामिल किया है।

एमएलसी चुनाव में भी क्रॉस वोटिंग की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 13 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव के लिए 21 को डाले जाएंगे वोट

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जल्द जारी होने की संभावनाओं के बीच राजनीतिक दलों में सरगर्मी तेज है। इस बीच नेताओं का पाला बदलने का भी सिलसिला हैं। वहीं, लोस चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विधान परिषद के चुनाव होने जा रहे है। 13 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव के लिए 21 मार्च को वोट डाले जाएंगे।

राज्यसभा चुनाव की तरह एमएलसी चुनाव में भी क्रॉस वोटिंग का डर सताने लगा है। खासकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव अंतरात्मा की आवाज पर वोटिंग करने वाले सपा विधायकों से निपटने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। दरअसल, राज्यसभा चुनाव में सपा के कई विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करके अखिलेश को झटका दिया था।

विधान परिषद की 13 सीटें रिक्त के लिए 21 मार्च को होने जा रहे मतदान से पहले 4 मार्च से शुरु हुई नामांकन प्रक्रिया 11 मार्च तक चलेगी। इस चुनाव में भी सत्तासीन दल भाजपा और सपा आमने-सामने है। संख्या बलों के आधार पर इस चुनाव में भाजपा 10 और सपा तीन सीट आसानी से जीत सकती है। लेकिन अगर राज्यसभा की तर्ज पर भाजपा 11वां उम्मीदवार ऐन वक्त पर उतार देती है तो मुकाबला कांटे का हो सकता है। ऐसे में क्रॉस वोटिंग की आशंका भी स्वाभाविक है।

मंत्री बनने के बाद बदले ओपी राजभर के तेवर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा, थाने पर सफेद नहीं, पीला गमछा पहन कर जाएं

अमृत विचार : हमेशा अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर के तेवर बदल गये हैं। मंत्री बनने के बाद गुरुवार को मऊ में आयोजित जनसभा में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने पर जायं तो सफेद नहीं, पीला गमछा पहनकर जाएं।

उन्होंने कहा कि अगर पीला गमछा पहन कर जाएंगे, तो दरोगा को कार्यकर्ताओं की शक्ल में वे नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि वे थाने पर बताएं कि उन्होंने उन्हें भेजा है। दरोगा से लेकर डीजीपी तक किसी के पास यह पावर नहीं है कि वे पूछें कि उन्हें उन्होंने भेजा है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह 'पावर' होती है।

डॉ. अरविंद राजभर घोसी सीट से प्रत्याशी घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने घोसी लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने अपने बेटे डॉ. अरविंद राजभर को प्रत्याशी बनाया है। मालूम हो कि ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को मंत्री पद की शपथ ली थी। बताया जा रहा है कि एनडीए में राजभर को दो सीटें मिल सकती हैं।

गुरुवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजिल अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

देश के महान सपूत थे गोविंद बल्लभ पंत

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजिल अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उप्र. के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री रहे गोविंद बल्लभ पंत को याद करते हुए कहा कि वह भारत माता के महान सपूत थे। साथ ही योगी ने उनकी स्मृतियों को भी नमन किया। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा देश की आजादी के लिए समय- समय पर चलाए गए आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभायी। उन्होंने 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन पर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की व्यवस्था को सुचारू रूप से आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

9 को पांच जिलों में जाएंगे एयर ट्रैफिक कंट्रोलर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विमान सेवा 10 या 11 मार्च से हो सकती है शुरू
- रक्षा मंत्री 10 को तीसरे टर्मिनल व 11 को आउटर रिंग रोड की करेंगे शुरुआत

अमृत विचार : पांच जिलों के लिए फ्लाईबिग 10 या 11 मार्च से उड़ान सेवा शुरू कर सकती है। पांच जिलों में नौ मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एयर ट्रैफिक कंट्रोलर भेज दिए जाएंगे। दूसरे दिन 10 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एयरपोर्ट पर बने तीसरे टर्मिनल की शुरुआत करेंगे।

बता दें कि पांच जिलों के लिए फ्लाईबिग की ओर से विमान सेवाएं शुरू होनी है। विमान सेवा चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए शुरू होगी। इसका शेड्यूल पूर्व में जारी किया गया था और 2 मार्च से विमान सेवाएं शुरू होनी थीं। हालांकि 2 मार्च से उड़ान सेवा शुरू नहीं हो सकी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट कंट्रोलर को प्रशिक्षण दिया गया है। कंट्रोलर नौ मार्च को पांच जिलों के लिए भेजे जाएंगे। 10 या 11 को उड़ान सेवा की शुरुआत हो सकती है। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री के वर्चुअल जुड़ने की संभावना है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर बने तीसरे नए टर्मिनल का शुभारंभ 10 मार्च को करेंगे। टर्मिनल पर कस्टम और इमीग्रेशन काउंटर का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। रक्षा मंत्री आउटर रिंग रोड का शुभारंभ 11 मार्च को करेंगे।

महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस मुख्यालय से भेजी गई 230 कंपनी पीएसी, तीन कंपनी एसडीआरएफ व आठ कंपनी सीएपीएफ

अमनृत विचार : महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। स्थानीय सुरक्षा बलों के अलावा पुलिस मुख्यालय से 230 कंपनी पीएसी, 3 कंपनी एसडीआरएफ एवं 8 कंपनी सीएपीएफ भेजी गई हैं।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि वाराणसी, बाराबंकी तथा बागपत में बड़े आयोजन तथा श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस मुख्यालय स्तर से पुलिस अफसरों-पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। इसमें, दो अपर पुलिस अधीक्षक, पांच डिप्टी एसपी, 85 दरोगा, 8 महिला दरोगा, 275 सिपाही, 50 महिला सिपाही, 5 यातायात निरीक्षक, 6 यातायात सिपाही, 3 बीडीडीएस टीम के अलावा एंटी माइन्स टीम, एएस चेक टीम तथा एटीएस की कमांडो टीमों को भी उपकरण एवं संसाधनों के साथ तैनात किया गया है। वहीं सादे वेश में महिला एवं पुलिस कर्मियों की टीमों को बॉडी वार्न कैमरे, वाइना कूलर, ड्रैगन लाइट और वारलेस सेट आदि के साथ लगाया गया है।

महत्वपूर्ण शिवालयों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे तथा हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जा रही है। यूपी-112 के तकरीबन पांच हजार दो पहिया और चार पहिया वाहनों से पेट्रोलिंग भी की जा रही है।

स्कूलों की एनओसी पर नहीं हो सकी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत शैक्षिक सत्र 2023-24 में गरीब बच्चों के प्रवेश न लेने वाले विद्यालयों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जबकि इस संबंध में तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार की ओर से करीब 24 निजी विद्यालयों की सूची जेडी माध्यमिक कार्यालय को भेजी गई थी। सूची भेजे जाने के बाद जेडी कार्यालय की ओर से मनमानी करने वाले विद्यालयों को नोटिस तक नहीं जारी हो सकी है।

बता दें कि पिछली बार आरटीई के चारों चरण में चयनित बच्चों का बड़े निजी स्कूलों ने प्रवेश लेने से इनकार कर दिया था, ये सभी विद्यालय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। आरटीई अधिनियम लागू होने के बाद कई ऐसे विद्यालय हैं जिनका रिकार्ड है कि वह हर बार चयनित बच्चों को प्रवेश देने से इनकार कर देते है। इस बार पहली लॉटरी में कई बच्चे चयनित हुए हैं, इसमें बड़े स्कूल कितने बच्चों को प्रवेश देंगे ये देखने वाली बात होगी।

लंबित मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव करते शिक्षक अभ्यर्थी, साथ ही मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

शिक्षक अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री का आवास घेरा

अमृत विचार, लखनऊ : 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर गुरुवार को शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव किया।

सुरक्षा के लिए मंत्री आवास पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री से न्याय की मांग की।

अभ्यर्थियों का कहना है कि शिक्षा मंत्री ने मीटिंग में जो वादे किए थे उसके मुताबिक सरकार के वकील कोर्ट में पक्ष नहीं रख रहे हैं बल्कि आरक्षित के अभ्यर्थियों का विरोध कर रहे हैं। इसी बात से नाराज अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया।

आश्रम पद्धति विद्यालयों में फार्मासिस्ट के 90 फीसदी पद खाली

103 पदों के सापेक्ष सिर्फ 14 तैनात हैं, विभाग ने 89 फार्मासिस्ट की नियुक्ति के लिए अध्याचन भेजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य राम भरोसे
- नियमावली बनाकर शासन को भेजी, पत्रावली कार्मिक विभाग के पास

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की देखभाल भगवान भरोसे है। वजह, उनकी सेहत की प्राथमिक स्तर पर देखभाल की जिम्मेदारी उठाने वाले फार्मासिस्टों की संख्या न के बराबर है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित इन विद्यालयों में फार्मासिस्टों के 90 प्रतिशत पद खाली हैं।

यूपी में समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन्हें सर्वोदय विद्यालय के नाम से जाना जाता है। इसी तरह विभाग की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए आठ कोचिंग सेंटर संचालित हैं। समाज कल्याण विभाग ने इन संस्थानों में छात्र-छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा देने के लिए फार्मासिस्ट के 103 पद सृजित हैं। लेकिन, वर्तमान में इन सृजित पदों के सापेक्ष विभाग में महज 14 फार्मासिस्ट ही तैनात हैं।

> फार्मासिस्टों के पदोन्नति की नियमावली बनाकर शासन को भेज दी है। नियमावली की पत्रकावली कार्मिक विभाग के पास है। जबकि 89 फार्मासिस्ट के पदों पर नियुक्त के लिए अध्याचन आयोग को भेजा गया है। प्रयास किया जाएगा कि जल्द नियुक्ति हो जाए।
>
> -कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

पदोन्नति के लिए नहीं है कोई नियम

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग में तैनात फार्मासिस्टों की पदोन्नति का कोई नियम नहीं है। समाज कल्याण फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से सरकार और विभाग से सेवा नियमावली बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। सेवा नियमावली बनने से पदोन्नति के रास्ते खुलेंगे। उनके प्रमोशन के रास्ते खुलेंगे।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

अद्भुत है श्रीराम के गुरु धाम का शिवालय, 52 अनोखे शिवलिंगों में से एक है महादेवा

आस्था

- अयोध्या से जोड़ती है सरयू की धारा, धरती से निकला था शिवलिंग

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचारः बाराबंकी के सप्त ऋषि आश्रम को प्रभु श्रीराम का गुरुधाम कहा जाता है। जहां से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर वह शिवालय स्थित है जो पृथ्वी पर उपलब्ध 52 अनोखे व दुर्लभ शिवलिंगों में से एक है। इसे महादेवा के नाम से जाना जाता है।

ऐसा माना जाता है कि महाभारत काल से पूर्व भगवान शिव की एक बार फिर से पृथ्वी पर प्रकट होने की इच्छा हुई। सूरतगंज ब्लॉक के लोधौरा निवासी पंडित लोधेराम अवस्थी एक विद्वान ब्राह्मण, सरल, दयालु और अच्छा स्वभाव वाले किसान थे। कहा जाता है कि एक रात भगवान शिव ने स्वप्न में उन्हें दर्शन दिए। अगले दिन लोधेराम, जो पुत्रविहीन थे, अपने खेत में सिंचाई करने गए तो उन्होंने एक गड्ढा देखा जहां से सिंचाई का पानी पृथ्वी में जाकर गायब हो रहा था। उन्होंने उस गड्ढे को पाटने के लिए कड़ी मेहनत की लेकिन असफल होकर घर लौटे। रात में उन्होंने फिर से उसी प्रतिमा को अपने सपनों में देखा और मूर्ति को फुसफुसाते हुए यह कहते सुना, 'उस गड्ढे में जहां पानी जाकर गायब हो रहा है, वह मेरा स्थान है, वहां मुझे स्थापित करो, इससे मुझे तुम्हारे नाम से प्रसिद्धि मिलेगी।' ऐसा कहा जाता है कि अगले दिन लोधेराम उस गड्ढे की खुदाई करने पहुंचे तो उसका उपकरण किसी कठोर पदार्थ से टकराया और उसने अपने सामने वही मूर्ति देखी और उसमें रक्त स्राव हो रहा था जहां उनका उपकरण मूर्ति पर पड़ा था। यह निशान आज भी देखा जा सकता है। इस दृश्य से लोधेराम भयभीत हुए लेकिन मूर्ति के लिए खुदाई जारी रखी पर मूर्ति के दूसरे छोर तक पहुंचने में असफल रहा। उसने उसे जस का तस छोड़ दिया और उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण किया जिसे अर्ध-नाम 'लोधे' और भगवान शिव के 'ईश्वर' का नाम दिया और इस प्रकार भक्त के नाम अर्थात लोधेश्वर से प्रसिद्ध हो गया। इसके बाद पुत्र विहीन लोधे राम अवस्थी को चार बेटों का आशीर्वाद मिला, महादेवा, लोधौरा, गोबरहा और राजनापुर के नाम दिए गए। इन नामों वाले गांव आज भी विद्यमान हैं। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख मिलता है कि महाभारत के बाद पांडव ने इस स्थान पर महायज्ञ का आयोजन किया था। एक कुंआ आज भी पांडव कूप के नाम से यहां अस्तित्व में है। इस कुंए के पानी में आध्यात्मिक गुण हैं और जो कोई इस पानी को पीता है, उसकी कई बीमारियों ठीक हो जाती हैं। महादेवा से चंद किलोमीटर की दूरी पर महारानी कुंती द्वारा स्थापित कुंतेश्वर महादेव मंदिर है जो इस शिवलिंग के महाभारत कालीन होने की पुष्टि करता है। जिस दिन लोधेराम अवस्थी ने इस शिवलिंग की स्थापना की थी, वह अगहन का महीना था जिसके परिप्रेक्ष्य में आज भी प्राकट्योसव (अगहनी मेला) आयोजित किया जाता है। फाल्गुन मास में श्रद्धालु महाशिवरात्रि से 15 दिन पहले से ही बिठूर से गंगाजल लेकर महादेवा पहुंचकर लोधेश्वर का जिला अभिषेक करते हैं। दुनिया भर में मेलों और जनमानस के एकत्रित होने वाले समूहों के इतिहास में महादेवा में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित मेला अद्वितीय है। पहले सरयू नदी महादेवा से सटकर बहती थीं। तटबंध निर्माण से पहले भी जब बाढ़ आती थी तो मां सरयू की धारा लोधेश्वर महादेव का अभिषेक कर वापस लौट जाती थी। आज भी सरयू की धारा इस स्थान को अयोध्या से जोड़ती है।

महादेवा मंदिर। अमृत विचार

काशी की तर्ज पर कॉरिडोर बनाने की कार्य योजना

काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर ही लोधेश्वर महादेवा का कॉरिडोर बनाने की योजना है। इसके लिए 4 एकड़ जमीन पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी है। पूरे कॉरिडोर के लिए 11 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। शासन ने एक करोड़ की टोकन मनी भी अवमुक्त कर दी है। हालांकि, सिर्फ मुआवजा देने के लिए ही 50 करोड़ की जरूरत है।

एक नजर

सामने बंदर आने से गिरा बाइक सवार, घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हैदरगढ़ अवसानेश्वर मार्ग पर रीठी सिकंदरपुर के निकट गुरुवार अचानक बंदर के सामने आ जाने से असन्द्रा के पारा इब्राहिम गांव निवासी अहमद हसन (40) पुत्र कमालुद्दीन व लोहारपुर निवासी अवधेश (32) पुत्र मोलहे घायल हो गए। दोनों तहसील से वापस लौट रहे थे। अहमद को जिला अस्पताल भेजा गया है।

सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर जताया शोक

हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय बारा से वर्ष 2012 में प्रधानाध्यापक के पद से सेवानिवृत्त हुए त्रिवेदीगंज निवासी अनिल कुमार त्रिपाठी के निधन पर गुरुवार को सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। दो मिनट का मौन धारणकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान सिद्धनाथ त्रिपाठी, ओमप्रकाश अवस्थी, उमानाथ शुक्ला, माता बदल हरिश्चंद्र राम अवध आदि मौजूद रहे।

युवक का शव मिला

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : 25 वर्षीय व्यक्ति का शव गनेशपुर जाने वाले पुराने हाईवे स्थित नटवर बाबा मंदिर के पास मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव की शिनाख्त थाना क्षेत्र के ग्राम नाचना निवासी 25 वर्षीय ज्ञानेश पुत्र बुधई यादव के रूप में की। ग्रामीणों का कहना है की वह नटबीर बाबा के मंदिर की देखरेख करता था। थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने बताया कि किसी वाहन की टक्कर से मौत हुई है। मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

एसडीएम ने देखी व्यवस्था

हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर्व पर अवसानेश्वर महादेव मंदिर में लगने वाले मेले की तैयारी को लेकर गुरुवार को उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने मंदिर के गर्भ गृह के अलावा मेला परिक्षेत्र, स्नान घाट, प्रवेश व निकास व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरि, राम गोपाल, विनोद गिरि, रामकृष्ण,, अतुल, हरि प्रकाश आदि रहे।

महादेवा में आज उमड़ेगा आस्था का सैलाब

लोधेश्वर महादेव के शिवलिंग पर आस्थावान करेंगे जलाभिषेक, शिवमय हुआ पूरा क्षेत्र, चप्पे-चप्पे पर नजर

जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

महादेव पहुंचे कांवरिएं। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचारः लोधेश्वर महादेवा में इस बार महाशिवरात्रि पर लाखों शिवभक्तों का जन सैलाब उमड़ेगा। मंदिर की समिति के अनुसार, दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का आंकलन किया जा रहा है। अब तक यहां लगभग कई लाख शिवभक्त जलाभिषेक कर चुके हैं। शिवरात्रि पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए शिवलिंग पर जाली लगा दी गई है जिस पर चढ़कर शिवभक्त शिवलिंग का जलाभिषेक कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ने के पीछे 10वीं-12वीं के मुख्य विषयों की परीक्षा का समाप्त होना अहम कारण माना जा रहा है।

हर कोई बम-बम भोले और लोधेश्वर महादेव के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन दिख रहा है। लोधेश्वर मंदिर के चारों तरफ के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जुट रही है। चारों ओर से आ रहे श्रद्धालुओं के जत्थे कदम से कदम मिलाकर मंदिर की और बढ़ रहे हैं। श्रद्धालुओं का जलाभिषेक करने का क्रम निरंतर जारी है। जिसे लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है। हाईवे से लेकर महादेवा मार्गों पर कांवरियों व शिवभक्तों का रेला दिखाई पड़ रहा है। पूरा महादेवा क्षेत्र हर-हर, बम-बम के जयकारों से गूंज रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले की निगरानी सीसीटीवी व ड्रोन से की जा रही है। शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए डॉग स्क्वाड, फ्लट व पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। मेले में ढोलक, बर्तन, बिसातखाना आदि की दुकानें लगी हैं। मेले में लगी खिलौनों की दुकानों पर कांवरिएं जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मेले में अव्यवस्था न हो, इसके लिए साधनों से आने वाले कांवरियों के वाहन ऑडिटोरियम के पास स्टैंड पर खड़े कराए जा रहे हैं। समिति के सदस्य व्यवस्था सुधारने में लगे हैं।

जगह-जगह लगे भंडारे

सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर आ रहे कांवड़ियों के लिए स्थानीय समाजसेवियों व शिव भक्तों द्वारा जगह-जगह भंडारे चलाए जा रहे हैं। कहीं सब्जी-पूड़ी, हलवा तो कहीं फल वितरण किए जा रहे हैं जिन्हें कांवड़िएं महादेव के प्रसाद के रूप में ग्रहण कर रहे हैं। इससे पहले लोधेश्वर मंदिर पहुंच रहे कांवरिएं सर्वप्रथम मोहनिया तालाब और मंदिर परिसर के निकट स्थित अभरन में स्नान करने के बाद व अपने मन में भगवान शिव का स्मरण करते हुए जलाभिषेक के लिए कतार में लग रहे हैं। दोनों तालाबों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से जल पुलिस नाव और लाइफ जैकेट के साथ तैनात हैं।

सजे शिवालय, आज गूंजेंगे भोले के जयकारे

बाराबंकी, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिवभक्त गुरुवार देर शाम तक शिवालयों की साफ-सफाई में जुटे रहे। शिवालयों में विभिन्न प्रकार की झांकियों की सजावट की गई। इसके साथ ही रुद्राभिषेक व अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां भी जोरों पर रहीं। कई जगह तो गुरुवार से ही शिव जाप का आयोजन भी शुरू हो चुका है। रामनगर के लोधेश्वर महादेवा के साथ ही ओमकारेश्वर, सिद्धेश्वर महादेव सहित शहर के नागेश्वर नाथ मंदिर को झालरों से सजाया गया है। सुबह से ही व्रत रखकर भक्त शिवलिंग पर जलाभिषेक को उमड़ेंगे। शहर सहित जिले के सभी शिवालयों में साफ-सफाई और तैयारियां दिन भर चलती रहीं। महाशिवरात्रि पर्व शुक्रवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शहर में नागेश्वरनाथ मंदिर से विशाल शिवशोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा जिले कई अन्य क्षेत्रों में भी भव्य शिवबरात निकलेगी। वहीं, शिवभक्त गुरुवार को पूरे दिन शिवालयों को चमाचम करने में सुबह से शाम तक जुटे रहे। इस दौरान शहर के नागेश्वर नाथ, दूधेश्वर महादेव, धनोखर स्थित शिव मंदिर सहित हैदरगढ़ के ओमकारेश्वर, सिद्धौर क्षेत्र के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर सहित फतेहपुर, रामनगर, सिरौलीगौसपुर, हैदरगढ़ और रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के सभी शिवमंदिरों में शिव भक्तों ने साफ-सफाई की गई। मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ ही रंगाई-पुताई भी की गई। मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ को फल व फूल अधिक पसंद हैं। इससे शिवभक्त शिवालयों में विभिन्न प्रकार के फूलों से शिवमूर्तियों व शिवलिंगों की सजावट में देर शाम तक जुटे रहे। इसके अलावा, शहर के सभी शिव मंदिरों के आसपास भांग, धतूरा, फल-फूल, बेलपत्र आदि की दुकानें भी लग गई हैं। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार, क्षेत्र के कल्याणी नदी के तट पर बसा प्राचीन बुढ़वा बाबा मंदिर, कोटवासड़क के श्री नाथ शिव मंदिर और क्षेत्र के गांवों में शिवरात्रि को धूमधाम से मनाए जाने के लिए मंदिरों में तैयारियां देर शाम तक पूरी कर ली गईं थी।

हैदरगढ़ में सजा शिवालय।

शिवालयों की हुई साफ-सफाई झालरों से किए गए जगमग

12 ज्योतिर्लिंग होंगे शिव बारात के प्रमुख आकर्षण

शिव बारात के लिए सजाया गया शिवलिंग। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : विगत 40 वर्षो से नगर में शिवरात्रि के अवसर पर निकाली जाने वाली शिव बारात इस वर्ष भी निकाली जाएगी। महाशिवरात्रि वार्षिकोत्सव के रूप में शिव की बारात दोपहर 3 बजे श्री नागेश्वर नाथ मंदिर से सट्टी बाजार घंटाघर, घनोखर चौराहा, सतरिख नाका होते हुए बाबा पंचमदास कुटी दशहराबाग पहुंचेगी। यह बारात ब्रह्मलीन बाबा पंचमदास एवं ब्रह्मलीन भरतदास के आर्शीवाद से आयोजित होती है। इस वर्ष बारात का मुख्य आकर्षण केंद्र 12 ज्योर्तिलिंग के दर्शन व विभिन्न प्रकार की झांकियां रहेंगी। दशहराबाग मेला मैदान पर द्वार पूजन, पांव पूजन, विवाह व भंडारा और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य सेवादार राजकुमार कश्यप, संजय निगम, राज सिंह, दिनेश तिवारी, मयंक द्विवेदी, संजय आकाश कश्यप, अभय सिंह, आलोक वर्मा प्रद्युम्न यादव (पंडवा), रवींद्र खजांची, मनीष सिंह आदि रहेंगे।

सार-संक्षेप

सूक्ष्म आकारी देवता हैं भोलेनाथ

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : शंकर जी आदि शक्ति के रूप में पूजे जाते हैं, वही आदि और अंत हैं। उन्हीं को परमात्मा शिव के नाम से भी जाना जाता है। ब्रम्हा, विष्णु और शंकर का स्वरूप परमात्मा शिव में विद्यमान है। उक्त विचार ब्रम्हकुमारी बहन ऋचा कुमारी ने नगर के मोहल्ला पचघरा में स्थित सेवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शंकर सूक्ष्म आकारी देवता हैं। शिव पिता परमात्मा निराकार ज्योति स्वरूप है। शिव का नाम कल्याणकारी है। शिव पिता परमात्मा, ब्रम्हा, विष्णु व शंकर तीनों देवताओं के रचयिता हैं। शिव जी की याद में शिवलिंग प्रतिमा के रूप में आज भी देश के तमाम शिवालयों में विद्यमान है। शव बनने वाली इस देह को भूलकर, सर्व को सदैव नि :स्वार्थ, निर्विकारी, प्रेम करने वाले प्यार के सागर, सुख-शांति, पवित्रता के दाता भाग्यविधाता शिव से भाग्य लेने का समय अभी है। इस मौके पर तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

जमा राजस्व की हुई समीक्षा

संग्रह अमीनों की बैठक को संबोधित करते उप जिलाधिकारी आनंद तिवारी।

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : नवागत उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी की अध्यक्षता एवं तहसीलदार वैशाली अहलावत के संयोजन में राजस्व अमीनों की समीक्षा बैठक तहसील के पारिजात सभागार में हुई। इस मौके पर एसडीएम व तहसीलदार ने सभी राजस्व अमीनों द्वारा जमा कराए गए राजस्व की समीक्षा की और आवाश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडेय, संजय कुमार सहित समस्त राजस्व अमीन उपस्थित रहे।

पिकअप पलटी, एक घायल

दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : गोंडा से कैटर्स का सामान लेकर जा रही तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पिकअप चालक सहित उस पर सवार अन्य लोग फरार हो गए। गुरुवार की भोर दरियाबाद भिटरिया मार्ग पर स्थित मथुरानगर गांव के पास हैदरगढ़ के शिवा कैटर्स का सामान लेकर भिटरिया की तरफ जा रहीं तेज रफ्तार पिकअप पुलिया व शौचालय तोड़ अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकप के पलटने से शौचालय में शौच गए सोनू 20 वर्षीय पुत्र राम चंदर निवासी मथुरानगर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन सोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरा नगर ले गए जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पिता राम चंदर ने बताया कि जिला अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। सोनू के चाचा ने दरियाबाद कोतवाली में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। पिकअप को कब्जे में लेकर आगे की करवाई की जा रही है।

पलटी पड़ी पिकअप। अमृत विचार

दो पुलिसकर्मियों पर 30 हजार रुपये वसूली का आरोप

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के मानपुर राह पुलिस चौकी में तैनात दो पुलिसकर्मियों पर एक वृद्ध ने जेल भेजने की धमकी देकर 30 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। सतरिख थाना क्षेत्र अंतर्गत भिटौली कला निवासी मुनेश्वर का आरोप है कि पुलिस चौकी पर तैनात रामू यादव और विपिन ने छेड़छाड़ के एक मामले को लेकर उनके बेटे संजय उर्फ नरेंद्र को पकड़ने के लिए दबिश दी। उसके नहीं मिलने पर वृद्ध पिता को पकड़ लाई और जेल भेजने की धमकी देते हुए 30 हजार रुपये ले लिए। इस संबंध में सीओ सदर सुमित त्रिपाठी ने बताया कि वृद्धि से पैसे लेने की शिकायत मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

58 लीटर शराब बरामद, 5 आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना सुबेहा व सफदरगंज पुलिस ने 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 58 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। सुबेहा पुलिस ने दुलारचंद्र पुत्र प्रभू मांझी, सूरज पुत्र दुलारचंद्र निवासी ग्राम दस्तूरपुर थाना व जनपद नालंदा (बिहार) हाल पता छोटा बरगदहा थाना सुबेहा, सरजू प्रसाद रावत पुत्र रामपाल रावत व राधेश्याम रावत पुत्र स्व. गुरूदयाल रावत निवासी ग्राम कमेला थाना सुबेहा को गिरफ्तार किया है। थाना सफदरगंज पुलिस ने बाल गोबिंद पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम बिरौली थाना सफदरगंज को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 18 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है।

एक और नकलची पकड़ी गई

बाराबंकी, अमृत विचार : गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ने छापा मारकर हस्तलिखित पर्ची से नकल कर रही छात्रा को धर दबोचा। यूपी बोर्ड की रसायन विज्ञान इंटरमीडिएट की द्वितीय पाली की परीक्षा में सद्गुरु इंटर कॉलेज, सेमरावां की एक छात्रा को हस्तलिखित पर्ची के साथ नकल करते जिला विद्यालय निरीक्षक बाराबंकी ने पकड़ा। छात्रा आरजेएस टिंडवा से पंजीकृत थी।

किया दावा | महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर कुंतेश्वर महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक

राष्ट्रद्रोही इंडिया गठबंधन के साथ : परमहंस

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

अमृत विचार : महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर अयोध्या के तपस्वी छावनी के परमहंस आचार्य ने गुरुवार को महाभारत कालीन कुंतेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया।

जलाभिषेक के बाद परमहंस आचार्य ने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी 500 से अधिक सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा से अगर कोई जानवर भी खड़ा हो जाएगा तो वह भी जीतेगा। जनप्रतिनिधि कोई भी हो, कोई मायने नहीं रखता। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश की जनता काफी खुश है। इस बार का चुनाव वैचारिक महाभारत है। जिस प्रकार महाभारत में देश दो भागों में बंट गया था, कुछ लोग धर्म के पक्ष में खड़े थे तो कुछ लोग अधर्म के पक्ष में खड़े हो गए थे। जो देश को आगे बढ़ना चाहते हैं, उनको भाजपा का ही चयन करना पड़ेगा और जो पत्थरबाज हैं, जो राष्ट्रद्रोही हैं, ऐसे लोग इंडिया गठबंधन के साथ हैं। इस दौरान कुंतेश्वर धाम के बाबा गुरुदीन दास, मंदिर समिति के सदस्य संदीप मौर्य सहित कई अन्य लोग व ग्रामीण भी मौजूद रहे।

कुंडेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते आचार्य परमहंस। अमृत विचार

प्रशिक्षकों ने घरेलू कचरे से खाद बनाने के बताए तरीके

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : चक्रीय अर्थव्यवस्था में जितना महत्वपूर्ण सूखे कचरे का समाधान है, उतना ही महत्वपूर्ण गीले कचरे का निपटारा करना है। इसे अधिक सुगम और सुलभ बनाने के लिए सैहारा गांव प्रयासरत है। एसेंड टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु के सहयोग से 'सैहारा: एक स्वच्छ और हरित गांव पंचायत' कार्यक्रम के तहत लक्ष्य संस्था द्वारा एक दिवसीय घरेलू खाद तैयार करने के प्रशिक्षण की कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया।

इस कार्यक्रम में गांव के युवा और अनुभवी सदस्यों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला के प्रशिक्षक मोइन खान ने घरेलू कचरे को खाद में बदलने के कई महत्वपूर्ण तरीके बताए। किस तरह बची हुई सब्जी सामग्री जैसे छिलका, पत्तियां, फलियां और जड़ों, चावल व दाल के पानी, फलों के छिलके और बीजों का सही तरीके से इस्तेमाल कर इन्हें खाद में बदला जा सकता है। यह भी बताया कि कैसे ये विधि न केवल कचरे की मात्रा को कम करेगी, बल्कि घर के किचन गार्डन और खेतों को उर्वर क्षमता भी बढ़ा सकती है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

कामयाबी की नई इबारत लिख रही हैं बाराबंकी की महिलाएं

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'अमृत विचार' की टीम ने कामकाज की वजह से समाज में बेहतर स्थान रखने वाली सशक्त महिलाओं से बातचीत की, जिनसे दूसरी महिलाएं प्रेरणा ले सकती हैं। सभी महिलाओं ने जहां इस मुकाम तक पहुंचने को लेकर अपने संघर्षों को बताया, वहीं महिलाओं के अधिकार, शिक्षा व सुरक्षा के प्रति उन्हें जागरुक भी किया और कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार: शास्त्रों में लिखा है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः, यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्रफलाः क्रिया।' इस श्लोक का अर्थ है कि जहां स्त्रियों का सम्मान होगा, वहां देवी-देवता निवास करते हैं। जहां उनका सम्मान नहीं होता, वहां अनेक जतन करने के बावजूद किसी काम का शुभ फल नहीं मिलता। इन लाइनों का मूल ये है कि भारतीय समाज में प्राचीन काल से ही स्त्रियों का स्थान ऊपर रहा है। बीच के कुछ दशकों में महिलाओं के मनोबल को कुचलने की कोशिश की गई तो हमारे समाज को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा लेकिन लोगों को जल्द ही यह बात समझ में आ गई कि आधी आबादी को दबाकर नहीं रखा जा सकता। अब फिर महिलाओं को पुरुषों जैसे समान अवसर मिले तो वो विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहरा रही हैं। 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर 'अमृत विचार' ने कामकाज की वजह से समाज में बेहतर स्थान रखने वाली सशक्त महिलाओं से बातचीत की जिनसे अगर दूसरी महिलाएं भी प्रेरणा लें तो वे भी अच्छे मुकाम तक पहुंच सकती हैं।

महिलाएं हर क्षेत्र में बुलंद कर रहीं अपना नाम

रामसनेहीघाट महिला थाना प्रभारी रश्मि कुशवाहा बताती हैं कि महिलाएं घर व ऑफिस के काम को संभालते हुए भी सभी सदस्यों की जरूरतों का पूरा ख्याल रखती हैं लेकिन इसके बावजूद कई घरों में उन्हें सम्मान कम मिलता था लेकिन अब समय बदल रहा है। कानपुर नगर के पनकी थाना क्षेत्र की रहने वाली रश्मि बताती हैं कि 1998 में नौकरी में आने के बाद दो बच्चों के जन्म के दौरान कई जगहों पर चुनाव व परीक्षा ड्यूटी करना उनके जीवन में अब तक का सबसे संघर्ष का समय रहा।

शिक्षा से ही हासिल कर सकती हैं हर मुकाम

डॉ. फरज़ाना शकील अली एक शिक्षाविद के रूप में 31 वर्षों का विविध अनुभव रखती हैं। फरज़ाना अपनी ससुराल लखनऊ में अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां व कार्य क्षेत्र संबंधित दायित्वों को बखूबी निभा रही हैं। वर्तमान में वह सहोदया बाराबंकी क्लस्टर की सचिव भी है। वह बताती हैं कि आज की महिला मानसिक व शैक्षिक रूप से मजबूत है लेकिन ग्रामीण अंचलों में बेटियों की शिक्षा पर सवाल उठते हैं। शिक्षा से ही बेटी हर मुकाम हासिल कर सकती हैं।

महिलाएं बनें आत्मनिर्भर तो अच्छा होगा जीवन

तहसील सिरौलीगौसपुर में बतौर तहसीलदार के पद पर अपनी सेवाएं दे रहीं मेरठ जिले की निवासी वैशाली अहलावत बताती हैं कि आज वह जिस मुकाम पर हैं, उसके पीछे उनके पूरा परिवार है। आज पारिवारिक सपोर्ट के बाद आज यहां तक पहुंची हैं। वह कहती हैं कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें, इससे जहां उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। बेटियां आज हर क्षेत्र में खेत से लेकर खेल तक और आसमान से लेकर जमीन तक जलवा बिखेर रहीं हैं।

संघर्ष से ही मिलती है सफलता

शहर के कृष्णानगर निवासी सबा फातिमा बताती हैं कि उन्होंने रायबरेली शाखा से मास्टर ऑफ सोशलवर्कर का कोर्स किया है। वह सिद्धौर ब्लॉक में बीएमएम के पद पर हैं। 2020 में राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। संघर्ष के दिनों को याद करते हुए वह बताती हैं कि एक समय था जब उनके भाई ने बाहर काम करने से उन्हे मना कर दिया था लेकिन जज्बे और हौसले का ही नतीजा है कि वह आज इस मुकाम पर हैं।

एक नजर

पदोन्नति पर लगाया स्टार

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले में दो मुख्य आरक्षियों को उपरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने गुरुवार को फतेहपुर में नियुक्त मुख्य आरक्षी शिव बहादुर व मुख्य आरक्षी बृजेंद्र कुमार पाल को पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी।

100 ग्राम मॉर्फीन बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : सतरिख पुलिस ने गुरुवार को एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 100 ग्राम मार्फीन बरामद की। बराबर मॉर्फिन की कीमत 10 लख रुपये बताई जा रही है। अभियुक्त मुन्ना पुत्र स्व. हबीब निवासी मल्कियाना कस्बा व थाना सतरिख को गिरफ्तार किया गया।

दो तस्कर पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : जयपुर पुलिस ने गुरुवार को मादक पदार्थों के दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 98 ग्राम मार्फीन बरामद की है। पुलिस के मुताबिक अनिल यादव पुत्र बालकराम व संदीप यादव पुत्र देशराज यादव निवासी गोडहिया नंबर-4, थाना कैसरगंज को गिरफ्तार किया गया।

चोरी की बाइक बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : रामनगर पुलिस ने अब्दुल मलिक पुत्र अनवर अली निवासी ग्राम महादेवा थाना रामनगर व सुहेल पुत्र मो. शकील निवासी ग्राम रजनापुर मजरे महादेवा थाना रामनगर को केशरीपुर रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है।

दो वांछित अभियुक्त दबोचे

बाराबंकी, अमृत विचार : सुबेहा पुलिस ने वांछित अभियुक्त नकछेद रावत उर्फ नत्थू पुत्र स्व. सुखराम व केवला पत्नी नकछेद रावत उर्फ नत्थू निवासी ग्राम गुलामाबाद मजरे शहरी इस्लामपुर को गिरफ्तार किया है।

जिला पंचायत ने दी 117.149 करोड़ रुपये के पुनरीक्षित बजट को मंजूरी

बैठक के दौरान राज्य मंत्री ने 222 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार: जिला पंचायत बोर्ड ने गुरुवार को 117.149 करोड़ के पुनरीक्षित बजट को मंजूरी दी। बोर्ड ने 2024-2025 के मूल बजट 61.77 करोड़ के साथ ही पंचम व 15वें वित्त आयोग की 56 करोड़ की कार्य योजना को भी स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जिला पंचायत की 222 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

इसके पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत की अध्यक्षता में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में पूर्व निर्धारित एंजेंडा के आधार पर कार्रवाई शुरू हुई। बैठक में जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2023-24 में पुनरीक्षित बजट 117.149 करोड़, वित्तीय वर्ष 2024-2025 के मूल बजट 61.77 करोड़ के साथ ही पंचम व 15वें वित्त आयोग की 56 करोड़ की कार्य योजना बनी। मनरेगा योजना से नए वित्तीय वर्ष में 26815 लाख से कार्य कराने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्यों व अन्य प्रतिनिधियों ने सिचाई जल निगम, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज व जिला पंचायत से संबंधित विभागों के मुद्दों को उठाया। सांसद उपेंद्र रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, सीडीओ अब्दुल सुदन समेत कई आलाधिकारी मौजूद रहे।

जिला पंचायत की बैठक में मंचासीन जिला पंचायत अध्यक्ष, सांसद व विधायक। अमृत विचार

बैठक में मौजूद सदस्य। अमृत विचार

नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में 10 करोड़ का बजट पारित

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : नगर पंचायत देवा के सभागार में गुरुवार को बोर्ड की बैठक हुई। बजट पर चर्चा के अलावा नियमानुसार ठेका नीलामी से संबंधित राजस्व वृद्धि का प्रस्ताव पेश किया गया। वहीं, कुछ सभासदों ने पिछले कार्यों के अभिलेख न दिखाए जाने और आउटसोर्सिंग में कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बैठक के बहिष्कार की बात कही। हालांकि, चेयरमैन ने आरोपों को निराधार बताया है। आदर्श नगर पंचायत देवा कार्यालय के सभागार में नगर पंचायत बोर्ड की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष हारून वारसी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बजट पर चर्चा के दौरान अनुमानित 10 करोड़ की आय होने की संभावना पर चर्चा की गई जिनमें जलकर, गृहकर, दुकान किराया, लाइसेंस शुल्क, निविदा शुल्क, थोक की नीलामी, शासन पोषित योजनाओं से होने वाली आय पर अनुमानित 9 करोड़ 95 लाख की संभावनाओं पर चर्चा की गई। सभासद रज्जाक अली ने लालापुर में जल निकासी का प्रस्ताव दिया। सभासद वसीम ने ठेकों की नीलामी से संबंधित राजस्व वृद्धि का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। सभासद रिजवान, शाफे जुबेरी सलमान, तरन्नुम, शानू, अजय निगम, नाज बानो, उबैदुल्लाह, शमीम, सरिता, सोनी ने नगर पंचायत प्रशासन पर आउटसोर्सिंग में गड़बड़ी व पिछले कार्यों से संबंधित अभिलेखों को प्रस्तुत न करने और कार्यालय के सीसीटीवी कैमरे बंद किए जाने आदि का आरोप लगाते हुए बैठक के बहिष्कार की बात कही है। चेयरमैन हारुन वारसी ने कहा कि किसी के दबाव में आकर कोई नियम विरुद्ध कार्य नहीं किया जाएगा।

10 लाख से होगा आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य

कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार: सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के जरगावां गांव में गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख आरती रावत व बीडीओ पूजा सिंह ने हवन-पूजन कर आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण का शिलान्यास किया जो करीब 10 लाख की लागत से निर्मित होना है। विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद उसका पत्थर लगा दिया गया। सचिव दीपक कुमार ने बताया कि अभी तक पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं था, नौनिहाल किराए के भवन में लाभान्वित किए जा रहे थे लेकिन अब केंद्र का नवनिर्माण होने पर कैमरा व किचन जैसी सुविधाएं होंगी। इस दौरान ग्राम प्रधान रजनी जायसवाल, ग्राम पंचायत सचिव दीपक कुमार, संजय चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि अनिल जयसवाल, रामू गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

औषधीय पौध प्रशिक्षण में दी जरूरी जानकारी

बनीकोडर बाराबंकी, अमृत विचार: गुरुवार को रामसनेही घाट क्षेत्र के मवैया गांव में औषधीय पौधों की खेती वैज्ञानिक पद्धति से करने के लिए किसान गोष्ठी आयोजित की गई। तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के मवैया गांव स्थित पंचायत भवन में औषधीय पौधों की वैज्ञानिक खेती के बारे में जागरूक करने के लिए आयोजित गोष्ठी में पहुंचे कृषि वैज्ञानिक डॉ. अनिल सिंह ने मौजूद किसानों को औषधीय खेती अश्वगंधा, तुलसी समेत अन्य के बारे में बताया। बता दें कि ये कार्यक्रम राष्ट्रीय औषधीय बोर्ड दिल्ली द्वारा प्रायोजित है।

सार-संक्षेप

किसानों को मिले फसलों का मुआवजा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा की अगुवाई व ब्लॉक अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के संयोजन में क्षेत्र के किसानों ने बेमौसम हुई बारिश से फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने सहित 8 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार वैशाली अहलावत को दिया है। गुरुवार को ब्लॉक परिसर में मासिक बैठक भी की गई जिसमें कई मांगे उठाई गईं। तहसीलदार ने आश्वस्त किया कि समस्याओं पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बेचन वर्मा, अजय, राजाराम, रामफेर, सूरजलाल, राकेश, सतीश, विजय, निर्मल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

चार दिवसीय महायज्ञ शुरू

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम पंचायत गोंदौरा में भव्य कलश यात्रा के साथ 4 दिवसीय पंचकुंडीय महायज्ञ की शुरुआत की गई। मधु शुक्ला द्वारा आयोजित महायज्ञ की शुरुआत में पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश रखकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पूजा स्थल पहुंची जहां आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की गई। रामेंद्र त्रिवेदी, आत्म शंकर मिश्रा, ललितेश, निखिल, संजीव, मोहन, रमेश चंद्र आदि ने सहयोग किया।

उल्लास पूर्वक मनाया महिला दिवस

महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय डब्ल्यूसीए इंटर कॉलेज, सत्यप्रेमी नगर में महिला दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं की महिला अभिभावकों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रत्येक खेल की विनर को ताज पहनाया गया। अंत में सभी विनर की पुन: प्रतियोगिता कराई गई। विद्यालय के प्रबंधक विजय आनंद बाजपेई व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

परिषदीय स्कूलों में अपने बच्चों का कराएं नामांकन

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड हैदरगढ़ की पूर्व माध्यमिक विद्यालय नरौली में हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार गौड़ के मार्गदर्शन में हुआ। उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, विशिष्ट अतिथि एसडीएम अनुराग सिंह, ब्लॉक प्रमुख हैदरगढ़ प्रतिनिधि रामदेव सिंह, बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता ने किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि अभिभावक अधिक से अधिक अपने बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में नामांकित कराएं। इस मौके परएसआरजी राहुल शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

महिला दिवस पर संगोष्ठी में रखे विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : जवाहर लाल नेहरु मेमोरियल महाविद्यालय में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्त्री कल, आज और कल विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह ने किया। संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही संगोष्ठी के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता प्रो. अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि यदि महिलाएं अपनी क्षमताओं का प्रयोग करें तो विश्व का स्वरूप परिवर्तित हो सकता है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्टेट बैंक के गेट पर किया प्रदर्शन

बाराबंकी, अमृत विचार: कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद चुनावी बांड से प्राप्त राजनीतिक दलों के चंदे को सार्वजनिक न करने का आरोप लगाया है। कहा कि सुप्रीम कोर्ट के भारतीय स्टेट बैक को चुनावी चंदे की पूरी जानकारी 6 मार्च से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौपने के निर्देश से सत्तारूढ दल में बेचैनी है क्योकि 2017 में योजना की शुरूआत के बाद से राजनैतिक दलो को सामूहिक रूप से 12 हजार करोड़ से अधिक धन मिला है जिसमें सिर्फ अकेले भाजपा को 6,566.11 करोड़ मिले।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनुज पुनिया ने कहा कि स्टेट बैंक ने सूचना सार्वजनिक करने के बजाए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अवेदन दायर कर जानकारी साझा करने के लिए 30 जून तक के समय की मांग की है। इस आवेदन से जाहिर होता है कि भाजपा द्वारा वित्तीय अनिमित्ताओं और कालेधन के स्रोत को छुपाने के लिए भारतीय स्टेट बैक का उपयोग किया जा रहा है। इस दौरान मो. मोहसिन, राजेंद्र वर्मा फोटोवाला, रामहरख रावत, मो. इजहार सिद्दीकी, मो.इरफान कुरैशी, वीरेंद्र प्रताप यादव, रामानुज यादव, सना शेख, मो.आरिफ, मुइनुद्दीन अंसारी आदि रहे।

नामांकन व नियमित उपस्थिति का रखे ध्यान

दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : 3 से 6 वर्ष के अधिक से अधिक के विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दरियाबाद ब्लॉक संसाधन केंद्र में गुरुवार को आयोजित 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव' कार्यक्रम का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी मनीराम वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है, उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे उनके मानसिक क्षमता का विकास हो और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहे। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय किटोली की छात्रा हिमांशी व छात्र अवी को पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवानंद पांडेय व मनीराम ने निपुण प्रमाण पत्र प्रदान किए। दिलीप दीक्षित, राकेश अवस्थी, दीपक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

शिक्षिकाएं नदारद, बच्चों की पढ़ाई चौपट

दरियाबाद, बाराबंकी

अमृत विचार : दरियाबाद शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत न्यामतपुर में बने कंपोजिट विद्यालय में जूनियर की कक्षाओं में शिक्षिकाएं गुरुवार को नहीं पहुंची। इससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई चौपट हो रही है। इसे लेकर खंड शिक्षाधिकारी भी बेपरवाह दिख रहे हैं।

ब्लॉक क्षेत्र के न्यामतपुर गांव में संचालित कम्पोजिट विद्यालय के जूनियर कक्षा में तैनात शिक्षिकाएं ममता, आसू व उजमा अंसारी गुरुवार को विद्यालय नहीं पहुंची। छात्र-छात्राओं ने काफी देर शिक्षिकाओं का इंतजार किया लेकिन जब वह नहीं पहुंची तो बच्चे खेलकूद में मशगूल हो गए।

उपस्थित बोर्ड पर अंकित 6 मार्च की तिथि, प्रधानाचार्य कक्ष में लटकता ताला।

यहीं नहीं, प्रधानाध्यापक कक्ष में भी ताला लटक रहा था तो वहीं विवरण पट पर बुधवार की उपस्थिति दिखाई गई थी। विद्यालय में कुल 92 छात्र अंकित है। प्रधान के भतीजे लाल बहादुर ने बताया कि कई जगह शिकायत की गई लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है। दो बार खंड शिक्षा अधिकारी को फोन किया गया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी मनीराम ने भी मामले को गोल-मोल करते हुए बताया की शिक्षिका ममता, आसू प्रशिक्षण में थी। उजमा अंसारी के बारे में जानकारी नहीं है। अगर ऑनलाइन छुट्टी ली होगी तो जांच की जाएगी। अगर अवकाश न लेकर गायब है तो कार्रवाई होगी।

कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी

पत्रांक: 1780/लेखा/रा0औ0प्र0बेलहरा/2023-24 दिनांक 06.03.2024

नीलामी नोटिस

राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र बेलहरा, बाराबंकी में वर्ष 2023-24 की आम फसल बहार की नीलामी प्रक्षेत्र प्रांगण में दिनाँक 11 मार्च, 2024 को अपरान्ह 2:00 बजे के स्थान पर अब दिनॉक 12 मार्च, 2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे की जायेगी। नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

महेश कुमार श्रीवास्तव
जिला उद्यान अधिकारी,
बाराबंकी।

बैठक | दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के अध्यक्ष ने दिए निर्देश

सतर्कता से करें प्रभावित फसलों की भरपाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक गुरुवार को विधान परिषद के कक्ष में हुई। इसमें कहा गया कि हाल में हुई बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई नियमानुसार की जाएं और क्षति का मूल्यांकन भी सही किया जाएं। प्रभावित किसानों को उनके नुक़सान की भरपाई के लिए पूरी सतर्कता के साथ कार्य किए जाएं।

समिति के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, बाबू लाल व इंजीनियर अवनीश कुमार, शासन के संबधित अधिकारी व अपर ज़िलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि किसानों राहत अब कोई औपचारिकता नहीं रह गई है, बल्कि एक वास्तविक तथ्य बन चुकी है। उन्होंने कहा कि खड़ी फसल बारिश या ओलावृष्टि से चौपट हुई है या खेतों में कटी हुई, जो उठाई नहीं जा सकी और खेत में रह गई थी, उसके भी नुकसान का मूल्यांकन भी विशेष सतर्कता से किया जाएं और नियमानुसार राहत उपलब्ध कराई जाएं। बाढ से बचाव के कार्य तेजी से पूर्ण किए जाएं।

दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति यह बैठक को संबोधित करते हुए एमएलसी उमेश द्विवेदी। अमृत विचार

पत्नी ने भाई और उसके दोस्तों से पति को पिटवाया

रामसनेहीघाट बाराबंकी

अमृत विचार: पति-पत्नी के हर दिन विवाद होने के कारण पत्नी ने हिसाब करने के बहाने पति ओर उसके परिजनों को बुलवाकर भाई व उसके दोस्तों से लाठी-डंडे से पिटवा दिया। लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी ले जाया गया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

रामसनेही घाट कोतवाली क्षेत्र के मलुहामऊ मजरे मोहम्मदपुर उपाध्याय निवासी सुल्तान अली पुत्र इम्तियाज अली ने कोतवाली में शिकायत पत्र देकर बताया कि पत्नी तय्यबा से उसकी आए दिन अनबन होती रहती थी। ससुराल पक्ष के लोगों ने बुधवार को हम दोनों के अलग होने को लेकर लिखापढ़ी के लिए सुमेरगंज के मदरसा के पास मुश्ताक के घर बुलाया। मुश्ताक के घर लिखापढ़ी होने के बाद सभी जेवर ओर रुपये दे दिए गए तो साले आलिम, आरिफ और उनके दोस्त नाशिर ने गाली-गलौज देते हुए सिर पर लोहे कि रॉड मार दी जिससे सिर सहित शरीर के अन्य जगहों पर चोट आई और बहन आशमीन के जेवर भी छीन लिए। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर करवाई शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

आवश्यकता है

यूबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार,**
सम्पर्क – प्रबंधक
मो.: 9454716161

सूचना

मेरा नाम रामसागर आधार कार्ड व पैन कार्ड में दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र सुनील कुमार के नौकरी के अभिलेखों में मेरा नाम रामसागर तिवारी दर्ज हो गया है। रामसागर व राम सागर तिवारी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **नाम– रामसागर पता– निवासी ग्राम तेजीपुर पोस्ट मल्लावां तहसील बिलग्राम, जनपद– हरदोई पिन कोड 241303, जिला– हरदोई, उत्तर प्रदेश।**

सूचना

मेरा नाम प्रेमलता आधार कार्ड व पैन कार्ड में दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र सुनील कुमार के नौकरी के अभिलेखों में मेरा नाम प्रेमलता देवी दर्ज हो गया है। प्रेमलता व प्रेमलता देवी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **नाम– प्रेमलता पता– निवासी ग्राम तेजीपुर पोस्ट मल्लावां तहसील बिलग्राम जनपद– हरदोई पिन कोड 241303 जिला– हरदोई, उत्तर प्रदेश।**

पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

आवश्यकता है

संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की– **प्रवक्ता बी.ए. –** हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। **प्रवक्ता एम.ए.–** शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02–02 पद। **प्रवक्ता बी. एड.–** 04 पद। **योग्यता–** यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। **वेतन–** राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।

प्रबन्धक– डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0– 8004232988

सजा भोले बाबा का दरबार

रायबरेली। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में देर शाम से ओम नम: शिवाय गूंजने लगे। इस दौरान मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शुक्रवार को आस्था का सैलाब उमड़ेगा। शहर के जगमोहनेश्वर, पहलवान वीर बाबा मंदिर से धूमधाम से भोलेबाबा की बरात निकलेगी। वहीं शाम को भंडारा होगा।

अपनी प्रतिभा से नए आयाम स्थापित कर रही नारी शक्ति

विश्व महिला दिवस पर विशेष

- जिले में राजनीति से लेकर महत्वपूर्ण प्रशासनिक कुर्सियों पर विराजमान है नारी शक्ति

अनंतराम श्रीवास्तव

सदर विधायक अदिति सिंह

प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर

सीओ वंदना सिंह

सोनिया गांधी

सीडीओ पूजा यादव

महराजगंज नपं अध्यक्ष सरला साहू

डिडौली प्रधान पूनम सिंह

रायबरेली, अमृत विचार। जिले में नारी शक्ति अपनी प्रतिभा से प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। यहां राजनीति से लेकर जिले की सबसे बड़ी प्रशासनिक कुर्सी पर नारी शक्ति ही विराजमान हैं। विकास कार्यों में भूमिका की बात करें तो डिडौली प्रधान पूनम सिंह ने एक नया आयाम स्थापित किया है। उन्होंने अपनी इच्छाशक्ति से कर दिखाया कि गांव और शहर में कोई अंतर नहीं है। इसके लिए उन्हें प्रदेश और केंद्र सरकार से सम्मान मिल चुका है।

बात करें जिले की तो कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी 2004 से लगातार 19 वर्षों से जिले की सांसद हैं। उनके रायबरेली आने के बाद रेलकोच कारखाना, एम्स, निफ्ट सहित कई महत्वपूर्ण सौगातें जिले को मिली हैं। सदर विधायक अदिति सिंह लगातार दूसरी बार विधायक बनी हैं। आम जनता के बीच उनकी तगड़ी पैठ रहती है। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर ऊंचाहार के रोहनिया की जिला पंचायत सदस्य रंजना चौधरी 2021 से काबिज है। उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने 17 सितंबर को कार्यभार संभाला। इसके बाद निरंतर जिले को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं।

आम जनमानस की समस्या हो या फिर जिले के विकास कार्य, हर्षिता माथुर लगातार उस पर कार्य कर रही हैं। वहीं 30 सितंबर 2022 से आईएएस पूजा यादव मुख्य विकास अधिकारी के पद पर जिले के विकास कार्यों को गति दे रही हैं। सीओ सिटी रही वंदना सिंह पहले शहर तो अब सलोन की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही हैं।

उन्हें जिले में मिशन शक्ति का नोडल अधिकारी भी बनाया गया है। उन्होंने क्षेत्र को सीसीटीवी से लैस करने के लिए काफी प्रयास किए है। सीसीटीवी के माध्यम से उन्होंने सलोन में कई अपराधों का खुलासा भी किया है।

स्मृति व प्रतिभा दे रही विकास कार्यों को गति

केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी दिशा (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) की अध्यक्ष हैं। अमेठी के साथ ही रायबरेली पर भी उनकी नज़र रहती है। एम्स में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हो या फिर सड़क व नितिन गडकरी की जनसभा, केंद्रीय मंत्री कार्यक्रमों में मौजूद रही है। जिले में आने वाले अमेठी संसदीय क्षेत्र के सलोन विधान सभा के विकास पर उनकी नज़र रहती है। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला जिले की प्रभारी मंत्री हैं। जिले का अक्सर दौरा कर वे विकास कार्यों की समीक्षा कर गति देने में प्रयासरत रहती हैं।

नगर पंचायतों में आधी आबादी का दबदबा

बात नगर पंचायतों की करें तो यहां पर भी आधी आबादी का दबदबा है। नगर पंचायत महराजगंज में लगातार सरला साहू काबिज हैं। वहीं लालगंज, ऊंचाहार में भी नगर की कमान आधी आबादी के हाथ में हैं। लगातार बेहतर कार्य से इनकी प्रशंसा भी खूब हो रही है।

एनटीपीसी की ऐश पाइप लाइन फटी राख युक्त पानी से बर्बाद हुईं फसलें

- मनीरामपुर शारदा सहायक नहर पुल के आसपास के किसान प्रभावित, अंजान बने अफसर

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। एनटीपीसी संयंत्र क्षेत्र से रायपुर गांव स्थित ऐश पांड को जाने वाली राख की पाइप लाइन फट गई है। जिससे राख युक्त पानी आसपास के खेतों में भर रहा है। नतीजतन सैकड़ों बीघे फसल बर्बाद होने के कगार पर हैं। वहीं एनटीपीसी के जिम्मेदार अभी घटना से अंजान बने हुए हैं। इससे किसानों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

एनटीपीसी संयंत्र क्षेत्र से पानी युक्त राख पाइप लाइन से अरखा गांव और रायपुर गांव स्थित ऐश पांड में पाइप लाइन द्वारा निकाला जाता है, जहां से राख ट्रक व डंफर द्वारा विभिन्न एजेंसियों और सड़क निर्माण के लिए भेजा जाता है। पाइप लाइन में तेज प्रेसर द्वारा राख का प्रवाह होता है। प्रेसर की गति एक हजार किमी प्रति घंटा से अधिक होती है। इस प्रेसर के कारण बुधवार की देर शाम मनीरामपुर शारदा सहायक नहर पुल के पास इस पाइपलाइन की एक पाइप में रिसाव शुरू हो गया।

एनटीपीसी संयंत्र क्षेत्र से रायपुर गांव स्थित ऐश पांड को जाने वाली पाइप लाइन से निकलता राख युक्त पानी।

धीरे-धीरे इसका आकार बढ़ता गया। नतीजा यह हुआ कि तेज धार से कीचड़ राख युक्त पानी पाइप से निकलकर खेतों में भरने लगा। प्रेसर इतना तेज था कि उसे रोकना किसानों के बस के बाहर हो गया। परिणाम स्वरूप किसान बेबस होकर अपनी फसल की बर्बादी देखते रहे। जिसके कारण बीकरगढ़ निवासी किसान प्रधान राजेन्द्र, रतीराम, देवनाथ पटेल, राजेश कुमार, जगन्नाथ, माता बदल, हरिश्चंद, अमृतलाल, राजेश कुमार, श्रीमती, ममता समेत पचासों किसानों के खेतों में तैयार गेहूं, सरसों की फसलों में जल भराव हो गया।

गुरुवार की सुबह तक आसपास के खेत में पानी ही पानी नजर आ रहा था। किसानों ने इसकी सूचना एनटीपीसी अधिकारियों को दी, लेकिन कोई मौके पर नहीं पहुंचा। किसानों का कहना है कि जल भराव के कारण उनकी फसलों में उगड़ा रोग लग जाएगा, जिसकी वजह से पैदावार प्रभावित हो जाएगी। एनटीपीसी परियोजना की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, जल्द ही पाइपलाइन को बंद करा कर मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

संयुक्त शिक्षा निदेशक ने परीक्षाओं का लिया जायजा

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने लालगंज पहुंचकर परीक्षाओं का जायजा लिया। प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा ,विषय की परीक्षा में संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज और चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज का औचक निरीक्षण किया।

संयुक्त शिक्षा निदेशक ने केंद्र व्यवस्थापक डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक गया प्रसाद सिंह और स्टेटिक मजिस्ट्रेट जितेंद्र सिंह एवं परीक्षा प्रभारी सुनील त्रिपाठी, उदय विक्रम सिंह, भवानी प्रसाद श्रीवास्तव, उग्रसेन सिंह आदि की प्रशंसा की। संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग ने चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज का भी दौरा किया और वहां चल रही परीक्षाओं के प्रति संतोष जताया। व्यवस्थापक दीप प्रकाश शुक्ला और प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला की प्रशंसा की।

संयुक्त शिक्षा निदेशक को प्रतीक चिन्ह देते प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र सिंह।

अमृत मित्र बन शहर के स्वच्छ रखने में योगदान देंगी महिलाएं

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इसी के तहत अब उन्हे अब शहर को स्वच्छ रखने के लिए बनाए गए एफएसटीपी में तैनात किया जाएगा। अमृत-मित्र योजना के अंतर्गत फीकल स्लज प्रबंधन के संचालन के लिए एसएचजी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। डूडा के परियोजना अधिकारी शशी कुमार मेहरोत्रा ने महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कहा कि शहर को स्वच्छ रखने में इनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। जिम्मेदारी बड़ी है, इसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना होगा।

सीएचसी अधीक्षक बने डॉ. प्रेमशरन : शिवगढ़, रायबरेली। चिकित्साधिकारी डॉ. प्रेमशरन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ का नया अधीक्षक बनाए जाने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। गुरुवार को डॉ. प्रेमशरन द्वारा अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने पर सीएचसी स्टाफ के साथ ही क्षेत्रीय लोगों द्वारा बधाइयां देने का सिलसिला जारी रहा।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

सार-संक्षेप

छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन

स्मार्ट फोन दिखाते छात्र-छात्राएं।

जगतपुर, रायबरेली। दशरथ प्रसाद महाविद्यालय में स्नातक पांचवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। गुरुवार को शासन के दिशा निर्देश पर छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए प्रबंधन अभय कुमार मिश्रा द्वारा स्नातक के पांचवें सेमेस्टर के 324 छात्राओं को स्मार्टफोन दिया गया। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा को पूरा करते हुए स्मार्टफोन छात्राओं को वितरण किया गया। छात्रों का कहना है कि सरकार द्वारा हम लोगों को स्मार्टफोन दिए गए हैं, इससे हम ऑनलाइन पढ़ाई तथा अन्य जानकारी भी स्मार्टफोन के माध्यम से कर सकेंगे। इस मौके पर विजय यादव, नागेश पांडे, हरिमोहन मिश्रा, राजेंद्र वर्मा, संदीप मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

घर में घुसकर तोड़फोड़, रिपोर्ट दर्ज

खीरो, रायबरेली। थाना क्षेत्र के मिश्रनखेड़ा मजरे डुमटहर में सात माह पूर्व एक युवक की सहन की जमीन में पड़ोसी जबरन कब्जा कर रहे थे। विरोध करने पर आधा दर्जन पड़ोसियों ने घर मे घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ की थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। गांव के रमेश कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि विगत सात माह पूर्व 25 जुलाई को सुबह आठ बजे उसकी सहन की जमीन पर पड़ोसी चंदिका प्रसाद, उनके पुत्र उमेश कुमार, मुकेश कुमार, महेश कुमार पुत्री पिंकी व पत्नी भानुमती जबरन कब्जा कर रहे थे। उसने विरोध किया तो सभी छह लोगों ने उसके घर मे घुसकर मारापीटा व तोड़फोड़ किया।

विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

लालगंज, रायबरेली। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा छह, सात और आठ में अध्यनरत बच्चों की विज्ञान क्विज प्रतियोगिता ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज में आयोजित की गई। इसमें ब्लॉक के 27 जूनियर हाई स्कूल विद्यालयों के 162 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सहभागी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को खंड शिक्षा अधिकारी कुलदीप द्वारा पुरस्कृत किया गया। शिक्षक आशीष प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। इस मौके पर एआरपी प्रवीण कुमार बाजपेई, मनोज कुमार शर्मा, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

विकसित भारत वीडियो वैन से लोगों से लिए सुझाव

लालगंज, रायबरेली। गुरुवार को भाजपा पदाधिकारियों ने सरेनी विधानसभा के एक दर्जन स्थानों पर मोदी की गारंटी वैन से प्रचार-प्रसार के साथ सुझाव पेटिका में लोगों से उनके सुझाव पत्र भी डलवाने का काम किया। गुरुवार को भाजपा के रंग में रंगी मोदी गारंटी वैन लालगंज के गोविंदपुर वलौली पहुंची, जहां सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, अभियान संयोजक दीप प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में लोगों से सुझाव पत्र आमंत्रित किए गए। इसी प्रकार गांधी चौराहा, दोसड़का, जनता बाजार, गंगागंज, बेनी माधवगंज, सराय बैरिया खेड़ा, मलकेगांव, भोजपुर, सरेनी, ऐहार, मधुकरपुर में भी मोदी गारंटी वैन के द्वारा लोकप्रिय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया और भाजपा के घोषणा संकल्प पत्र के लिए सुझाव पत्र भी लिए गए। मोदी गारंटी वैन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस मौके पर सुरेंद्र गुप्ता, कैलाश बाजपेई ,शिवम मिश्रा, विनय अवस्थी, शिव प्रकाश पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

ऑनलाइन सेवाओं से आय होगी अर्जित: मनीष

संवाददाता, रायबरेली। सहज कंपनी की ओर से बुधवार को राही ब्लॉक सभागार में एक बैठक की गई। इस दौरान सहज जन सेवा केन्द्र प्रभारी व पंचायत सहायकों को ऑनलाइन सेवाओं का प्रशिक्षण दिया गया। सहज के क्लस्टर हेड मनीष निगम ने प्रशिक्षण देते हुए सहज व पंचायत सहायकों को बताया कि गाड़ियों का इंश्योरेंश, बिजली का बिल, आय, जाति, निवास व अन्य ऑनलाइन की सेवाओं से जनता का न सिर्फ काम होगा, बल्कि उन्हें इससे आय भी अर्जित होगी। उन्होंने बताया कि अगर आनलाइन सेवाओं में किसी भी तरह की समस्या आने पर जिला प्रबंधक अभिषेक सिंह मौके पर पहुंच कर उसे आसान करने में मदद करेंगे।

लापता खिलाड़ी के मिलने से पुलिस ने ली राहत की सांस

सलोन, रायबरेली। सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाली विजेता खिलाड़ी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। देर शाम तक जब युवती घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर सौंपी थी। सुबह युवती लालगंज अझारा जनपद प्रतापगढ़ में बरामद हो गई। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने हाल ही में महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कराई थी। राजापुर कटेह की रहने वाली बीएससी की युवती रस्सी कूद में प्रथम आई हुई थी। परिजनों ने बताया की उनकी बेटी को इनाम लेने के लिए लहूरेपुर स्थित कालेज के शिक्षकों ने यह कहकर टोल तक बुलाया था कि यही से सभी बच्चे कार्यक्रम स्थल पर चलेंगे। इसके बाद उनकी बेटी आटो पकड़कर टोल के लिए निकली थी।

युवती के पिता का कहना था कि देर शाम तक युवती घर नहीं लौटी तो थाने में बेटी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। परिवारजनों ने यह भी बताया कि सुबह खुद बेटी ने फोन करके बताया कि लालगंज अझारा के समीप सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़ी थी। इस संबंध में कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। लड़की और उसके परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए है।

हम लोगों के शरीर में दाने निकल आए... कोई मदद करे

- बीमारी से जूझती बच्चियों का वीडियो वायरल
- बीएसए ने बीईओ को दिए जांच के निर्देश

खीरों, रायबरेली

अमृत विचार। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का भगीरथ प्रयास कर रही है। लेकिन भ्रष्टाचार सुरसा के मुंह की तरह बढ़ता ही जा रहा है। ऐसा ही एक मामला कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खीरों का प्रकाश में आया है। जहां विद्यालय की बच्चियां बीमारी से जूझ रहीं हैं। वहीं वार्डेन पर बच्चियों ने अनेक प्रकार से भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं, जिसका वीडियो और बच्चियों के शिकायती पत्र इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने से हड़कंप मच गया है। विभागीय अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं तो स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी विद्यालय पहुंचकर बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार शुरू कर दिया है।

कस्बा खीरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय स्थित है। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों की एक सैकड़ा बच्चियां पढ़ रही हैं। प्रसारित वीडियो के अनुसार अनेक बच्चियों के पूरे शरीर में दाने और छाले पड़ने के कारण उनसे पस और कीड़े निकल रहे हैं। आरोप है कि लापरवाह वार्डेन शांति सिंह ने इस सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग और न ही विभागीय अधिकारियों को जानकारी देकर उनका उपचार कराया। बच्चियों द्वारा शिकायत करने पर उनका उपचार कराया गया। विद्यालय की शिकायतकर्ता बच्चियों ने बताया कि किसी भी मामले की शिकायत करने पर वार्डेन शांति सिंह द्वारा उन्हें अनेक प्रकार से प्रताड़ित किया जाता है। उन्हें अच्छा भोजन नहीं दिया जाता है। विद्यालय में उनके बैग से पुस्तकें और कापियां चोरी होने पर वार्डेन से शिकायत करने पर उल्टे उन्हें ही डांट मिलती है।

इस संबंध में वार्डेन शांति सिंह ने बताया कि समय से बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उपचार कराया गया। जब पूछा गया कि क्या एक दिन में बच्चों के शरीर से पस और कीड़े निकल रहे थे तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। बीएसए के निर्देश पर जांच करने पहुंचे बीईओ मुकेश कुमार ने बताया कि सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया वीडियो दिसम्बर माह के अंत का है। उसके बाद बीमार बच्चियों का उपचार कराया गया था।

आवासीय बालिका विद्यालय खीरों में जांच करते बीईओ मुकेश कुमार।

> प्रकरण संज्ञान में आया है। खंड शिक्षा अधिकारी को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया मामला दो शिक्षिकाओं के विवाद का सामने आया है। इसके बावजूद यदि छात्राओं के आरोप सही मिलते हैं तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।
>
> -शिवेंद्र प्रताप सिंह
> जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली

मदरसा बोर्ड : ऑनलाइन बैठक पर फंसा विरोध का पेच

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी मदरसा बोर्ड में मूल्यांकन केन्द्र निर्धारण पर रार छिड़ने के बाद अध्यक्ष ने ऑनलाइन बैठक बुलाने के निर्देश दिये। बैठक ऑनलाइन बुलाने पर समिति के सदस्यों ने विरोध जताया और इसकी शिकायत अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ की अपर मुख्य सचिव से शिकायत की है। सदस्यों का तर्क है कि जब कोविड कॉल नहीं है तब ऑनलाइन बैठक बुलाने का क्या औचित्य है। ऐसी बैठक का वह बॉयकाट करेंगे।

यूपी मदरसा बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए पिछले दिनों केंद्रों का निर्धारण कर दिया था। इनमें पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू कर दिया गया है। सदस्यों ने इस पर असहमति जताकर विरोध किया। पूरे मामले को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। इस पर बोर्ड बैकफुट पर आ गया। अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद के निर्देश पर बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी ने गुरुवार को ऑनलाइन बैठक बुलाने का पत्र जारी कर दिया गया। बैठक में गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि सहित छह बिन्दु शामिल किये गए हैं। पत्र प्राप्त होने के बाद मदरसा बोर्ड के सदस्यों ने मंगलवार को अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ की अपर मुख्य सचिव मोनिका गर्ग से मुलाकात कर मूल्यांकन केन्द्र बनाए जाने की शिकायत की। बोर्ड सदस्य कमर अली बताते हैं कि जब कोविड नहीं है, तो ऑनलाइन बैठक बुलाने का क्या औचित्य है। विभागीय जिम्मेदार ऑनलाइन बैठक कर मूल्यांकन केन्द्रों के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। इस बैठक का सभी सदस्यों ने बॉयकाट करने का मन बनाया है।

उत्तर पुस्तिकाओं की हो सकती है दोबारा जांच!

सूत्रों के अनुसार सदस्यों ने जो तथ्य अपर मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत किए हैं, उसको लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की दोबारा जांच कराए जाने की चर्चा छिड़ गई है। ऐसे में देर शाम तक उच्चाधिकारियों द्वारा विचार - विमर्श किया जाता रहा।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

पूर्व विधायक ने की एम्स में विश्रामालय की शुरूआत

राही, रायबरेली

तीमारदार विश्रामालय का शुभारंभ करते पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह।

अमृत विचार। एम्स मरीजों के तीमारदारों को रहने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अब उनको यह सुविधा एम्स परिसर में बने रतनपाल तीमारदार विश्रामलय में मिलेगी। गुरुवार को जनपद के दानवीर पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने एम्स परिसर में नवनिर्मित अपने पिता ठाकुर रतनपाल सिंह की मूर्ति का अनावरण और पिता के नाम पर नवनिर्मित रतनपाल तीमारदार विश्रामालय का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि वह अपने पिता स्व. रतनपाल के द्वारा संचालित दान परम्परा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। इस विश्रामलय के बन जाने से एम्स आने वाले मरीजों के तीमारदारों को बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक ने बताया कि इस विश्रामगृह पर सवा दो करोड़ की धनराशि खर्च हुई है। उन्होंने दो मंजिला विश्रामगृह बनाने का संकल्प लिया। पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि दो मंजिला विश्रामगृह बनने के बाद जनपद के साथ पड़ोसी जिलों से आने वाले मरीजों के तीमारदारों को बड़ी राहत मिलेगी। इस कार्य की शुरुआत जल्द ही करेंगे।

वेतन बहाल न होने पर शिक्षक देंगे अनिश्चित धरना

संवाददाता, रायबरेली

- बीएसए ने बीईओ की रिपोर्ट पर डिजिटलाइजेशन नहीं करने वाले तीन प्रधानाध्यापक का रोका वेतन

अमृत विचार। डिजिटलाइजेशन में शिक्षकों की तरफ से न किए जाने पर विभाग ने तीन प्रधानाध्यापक का वेतन रोक दिया है। इस पर सभी शिक्षक संगठन ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी देते हुए गुरुवार को बीएसए को ज्ञापन सौंपा। बीएसए को ज्ञापन देते हुए शिक्षक समन्वय समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर 10 मार्च तक वेतन नहीं बहाल किया जाता है तो फिर 11 मार्च से बीएसए कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

बीएसए को दिए गए ज्ञापन के माध्यम से शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक संघ की शिक्षक समन्वय समिति ने कहा कि हम लोगों को विभाग की तरफ से कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला सरंक्षक समर बहादुर सिंह और जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि कोई भी सुविधा उपलब्ध कराए बिना ही विभाग के अधिकारी काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटलाइजेशन के लिए जरूरी सिम कार्ड व डेटा दिये बिना ही जबरदस्ती विभाग के अधिकारी डिजिटलाइजेशन करने को कह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अब खण्ड शिक्षाधिकारी ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों और प्रधानाध्यापक पर दबाब बना रहे हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया की ऊंचाहार ब्लॉक में परिषदीय विद्यालय नरवापर, मदारीगंज और पूरे पर्वत के प्रधानाध्यापक का वेतन बीईओ की रिपोर्ट पर रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक और प्रधानाध्यापक का वेतन रोककर जबरदस्ती भय का माहौल बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि प्रधानाध्यापक अंजू गुप्ता, राखी कुशवाहा, रामचेत का वेतन अगर बहाल नहीं किया जाता है तो फिर शिक्षकों की तरफ से प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम लोगों की तरफ से लगातार विभाग से सुविधा राहत के लिए शिक्षकहित में मांगी जा रही है, लेकिन मांग को पूरा नहीं किया गया है। अब विभाग जबरदस्ती ही हम लोगों पर दबाव बनाकर शिक्षकों में भय का माहौल पैदा किया का रहा है।

बाबा बाल्हेश्वर मंदिर का शिवलिंग खुदाई से हुआ था प्राप्त

लालगंज, रायबरेली। लालगंज ही नहीं जनपद का विशेष धार्मिक पीठ श्री बाल्हेश्वर महादेव मंदिर महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं उमड़ेंगे। मंदिर के व्यवस्थापक कीर्ति मनोहर शुक्ला, अनुज अवस्थी, मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज, प्रदीप तिवारी, रामशंकर तिवारी, अखिलेश पांडे, बबुआ अवस्थी ने बताया कि क्षेत्र के दानदाताओं से मिले सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार और विभिन्न रंगों के पेंट से मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर में होने वाले पुष्प श्रंगार आदि की व्यवस्था को देख रही श्री जन कल्याण समिति ऐहार के उपाध्यक्ष अशोक बाजपेई ने बताया कि महाशिवरात्रि पर श्री बाल्हेश्वर महादेव का 67 वां अपूर्व पुष्प श्रृंगार समारोह कार्यक्रम होगा।

महाराष्ट्र पुलिस ने दो युवकों को 83 लाख रुपये के साथ दबोचा

शिवगढ़, रायबरेली

- शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं दोनों युवक

अमृत विचार। महाराष्ट्र में काम करने वाले दो युवकों के पास से महाराष्ट्र पुलिस ने शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ में 83 लाख रुपए बरामद किया है। पुलिस दोनों युवकों को अपने साथ महाराष्ट्र लेकर चली गई है।

बुधवार को थाना भुईंज महाराष्ट्र पुलिस ने मोटी रकम लेकर फरार चल रहे युवक हसन मोहम्मद पुत्र जुम्मन निवासी भवानीगढ़ थाना शिवगढ़, इश्तियाक अहमद पुत्र जान मोहम्मद ग्राम पड़रिया थाना शिवगढ़ की तलाश में शिवगढ़ थाने पहुंच गई, जहां थाने में पासपोर्ट बनवाने के लिए आये आरोपी युवक को कब्जे में लेकर पूछताछ करने पर दूसरे युवक का भी पता चल गया।

दोनों युवकों के पास से महाराष्ट्र पुलिस ने 83 लाख रुपये बरामद किया। गुरुवार को शिवगढ़ थाने में कागजी कार्रवाई के बाद महाराष्ट्र पुलिस दोनों युवकों को अपने साथ लेकर चली गई। दोनों युवकों से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो क्षेत्र के कई युवकों का नाम आया है। रात में पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया, लेकिन सुबह छोड़ दिया। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र से किसी गाड़ी से यह दोनों युवक कैश लेकर फरार हुए थे। दोनों युवकों के खिलाफ महाराष्ट्र थाने के भुईंज में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। महाराष्ट्र की पुलिस इन दोनों युवकों को कागजी कार्रवाई के बाद अपने साथ लेकर गई है।

मामले में शिवगढ़ पुलिस की चुप्पी

शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ व पड़रिया के रहने वाले दो युवकों के पास से 83 लाख रुपये बरामद हुआ है। यह कैश कहां से आया, यह युवक कहां काम करते थे, कितना कैश इन युवकों ने चोरी किया था, यह एक चर्चा का विषय बना हुआ है। महाराष्ट्र की पुलिस ने कुछ बताने से मीडिया को इन्कार किया तो वहीं शिवगढ़ थाने में 18 घंटे से अधिक दोनों आरोपी पुलिस की कस्टडी में थे। लेकिन शिवगढ़ पुलिस भी कुछ बताने से बच रही है। क्षेत्र में यह चर्चा है कि यह युवक मोटी रकम लेकर महाराष्ट्र से भागे थे तो किसी का यह कहना है कि किसी गाड़ी में कैश रखा था उसमें से यह युवक कैश लेकर निकले हैं। महराजगंज क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इस बारे में जानकारी नहीं है।

फर्जी दस्तावेज से जमीन हथियाने में अग्रिम जमानत अर्जी रद्द

ऊंचाहार, रायबरेली

- उड़वा गांव में 12 बीघा भूमि हड़पने के लिए लगाया था फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र

अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के उड़वा गांव की चर्चित बारह बीघा जमीन हथियाने के लिए किए फर्जीवाड़े में न्यायालय ने मुख्य साजिशकर्ता की अग्रिम जमानत अर्जी को रद्द कर दिया है। यह मामला ऊंचाहार कोतवाली में पंजीकृत हुआ था, जिसमें 12 लोग आरोपित हैं। भरतपुर, राजस्थान के स्व. सीताराम पुत्र प्यारेलाल की जगतपुर के उड़वा गांव में करीब 12 बीघा जमीन थी। इसमें शिव प्रकाश निवासी ब्राह्मण मुहल्ला भरतपुर ने सीताराम का पुत्र बनकर उनका फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर भूमि अपने नाम दर्ज करा ली थी। इस साजिश में उड़वा ग्राम प्रधान रमेश मिश्र समेत स्थानीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक भी शामिल थे। बाद में जब मामले का खुलासा हुआ तो इससे संबंधित प्राथमिकी ऊंचाहार कोतवाली में दर्ज हुई, जिसमें उड़वा ग्राम प्रधान समेत कुल 12 लोगों को नामजद किया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जब पुलिस ने आरोप पत्र प्रस्तुत किया तब शिव प्रकाश ने न्यायालय में अर्जी लगाकर गिरफ्तारी पर अग्रिम जमानत मांगा था। उधर, न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई करते हुए याची के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य को देखते हुए उनकी अर्जी को निरस्त कर दिया है। यह पूरा प्रकरण तब चर्चा में आया जब स्थानीय विधायक ने ग्राम प्रधान व सभी आरोपियों को दोषमुक्त करने की मांग करते हुए पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखा और शिकायतकर्ता कुंवर मोहित सिंह के विरुद्ध जांच विधान सभा को लोक लेखा समिति से कराई थी। अब जब न्यायालय ने दोषियों को राहत देने से इंकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है तो मामले में सभी की गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है।

सार-संक्षेप

नसीराबाद में अर्द्ध सैनिक बल ने किया फ्लैग मार्च

फ्लैगमार्च करते अर्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

नसीराबाद, रायबरेली। मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने और शांति सुरक्षा के प्रति विश्वास सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नसीराबाद थाना क्षेत्र में अर्धसैनिक बल की ने फ्लैग मार्च किया। रहीमगंज तिराहे से निकली अर्द्ध सैनिक बलों की टीम नगर पंचायत नसीराबाद के मऊ मोड़, मोमिनपुरा, बस स्टॉप, गुरुखेत नगर, कायस्थाना, अकेलवा मोड़ होते हुए मुख्य चौराहे पर पहुंची। नसीराबाद थाने के प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि कस्बे की हर सभी गली में अर्धसैनिक बल के जवानों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है, अशांति और अफवाह फैलाने एवं उपद्रव करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

सड़क हादसे में घायल किशोरी की मौत

ऊंचाहार, रायबरेली। बुधवार को केवलपुर मजरे इटौरा बुजुर्ग निवासी राजेंद्र प्रसाद की 17 वर्षीया पुत्री लवली साइकिल से अपने घर की ओर जा रही थी, तभी लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर बाबा का पुरवा गांव के पास पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने उसे ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। परिजन उसे एक निजी चिकित्सालय में ले गए, जहां पर किशोरी का इलाज हो रहा था। गुरुवार को इलाज के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की सूचना परिजनों ने अभी तक नहीं दी है। मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

सेमरी, रायबरेली। उन्नाव जनपद के बीघापुर थाना क्षेत्र के इंदेमऊ गांव के राजेश कुमार (35) पुत्र रामकुमार अपने साथी सुरेंद्र (40) पुत्र रामनारायण के साथ बाइक से खीरों थाना क्षेत्र के लाला खेड़ा अपनी बहन सुमेर कली के घर जा रहा था। तभी उन्नाव - लालगंज नेशनल हाईवे पर जगन्नाथगंज मोड़ के पास अज्ञात लोडर ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दिया, जिससे राजेश कुमार अपने साथी के साथ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक क्षति ग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष देवेंद्र भदौरिया ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। घायल से तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दुर्घटना में घायल व्यापारी की इलाज के दौरान मौत

नसीराबाद, रायबरेली। थाना क्षेत्र के ग्राम बभनपुर निवासी संतोष कुमार अग्रहरि पुत्र स्व. मेड़ई ने कुछ दिन पहले जमीन खरीद कर तेल घानी का कारखाना लगवाया था। मंगलवार की शाम लगभग छह बजे वह साइकिल से सरसों का तेल लेकर घर वापस आ रहा था। इस दौरान छतोह-गांधीनगर मार्ग पर परैया नमकसार में मट्टन नाला पुल के निकट सामने से आए रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। गंभीर हालत में उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद, उसके बाद जिला अस्पताल रायबरेली और वहां से रेफर करने पर डॉ. राम मनोहर लोहिया मेडिकल इंस्टिट्यूट लखनऊ ले जाया गया। गुरुवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि मृतक के पुत्र सौरभ की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था और मृत्यु के बाद उसमें सुसंगत धाराएं जोड़ दी जाएगी। मृतक ने अपने पीछे पत्नी गुड़िया, 20 वर्षीय पुत्र सौरभ, 17 वर्षीय पुत्र गौरव और 13 वर्षीय पुत्री शुभी को छोड़ गया है।

दीक्षा संस्कार में उमड़े लोग, किया पूजन-अर्चन

लालगंज, रायबरेली। मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री में चल रही श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के अंतिम दिन हवन करने वाले भक्तों की भारी संख्या उमड़ी रही। इस दौरान दो पालियों में हवन कराया गया। लोगों ने गायत्री महायज्ञ में आहुतियां डाली। इसके साथ ही चार भक्तजनों ने दीक्षा संस्कार लिया। 30 भक्तजनों ने विद्या संस्कार, दो ने नामकरण संस्कार, तीन ने पूर्णसंवन संस्कार और दो ने अन्न प्रासन संस्कार कराया। गायत्री महायज्ञ के अंतिम दिन सीपीआरओ रेल कोच आरएन तिवारी मुख्य यजमान के तौर पर हवन में सम्मिलित हुए और साथ में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने भी गायत्री महायज्ञ में आहुतियां डाली। इस मौके पर सामूहिक पूजा समिति के पदाधिकारी बीएमएस अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल, नैब सिंह, आरडी तिवारी, ओम प्रकाश मौर्य, कुणाल रौशन, जितेंद्र कुमार, आशीष श्रीवास्तव, मनोज कुमार, मुनेश कुमार पटेल, ज्ञान प्रकाश, महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बाल-बाल बचे परिजन

अमावां, रायबरेली। मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार के दोपहर एक घर में लगे बिजली मीटर में हुए शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं देखकर जब तक परिजन माजरा समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया। परिजनों ने छप्पर के नीचे बंधे मवेशियों को बाहर निकाल कर भाग कर जान बचाई। सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी जब तक आग पर काबू पाते घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। राही निवासी फूलचंद मौर्य की पत्नी व मां घर में आराम कर रही थी। तभी अचानक घर में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। मौके पर अफ़रा तफरी मच गई। तेज हवाओं के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते घर में रखा सारा सामान धू धूकर जलने लगा। घर में मौजूद लोगों ने किसी तरह से आग की लपटों से मवेशियों को बाहर निकाल कर जान बचाई। दमकल कर्मी गंगाधर मिश्रा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

कांग्रेसियों ने बैंक के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिले भर में स्टेट बैंक आफ इंडिया के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाया। शिवगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा के नेतृत्व में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा शिवगढ़ के समक्ष धरना दिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि धरने का मुख्य उद्देश्य 15 फरवरी को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित किए गए आदेश का पालन करवाना था।

स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया ने माननीय न्यायालय से सूचना लेने के लिए 30 जून तक का समय मांगा था। इस मौके पर पराग प्रसाद रावत, गिरिजेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, प्रेम गुप्ता, ममता सिंह अशोक यादव, रामकिशोर मौर्य, सोमनाथ मौर्य, बृजेंद्र द्विवेदी, निर्मला शुक्ला आदि मौजूद रहे।

जगतपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एसबीआई बैंक के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के दबाव में भारतीय स्टेट बैंक सूचना नहीं दे रहा है। जिला पंचायत सदस्य सिंह राना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पाप छुपाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की भी अवहेलना की जा रही है। न्याय पंचायत अध्यक्ष रविंद्र सिंह, आशा पाल सिंह, छेदीलाल यादव, छेदी सिंह, जगदीश कुरील, समर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

कस्बा खीरों में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के सामने ब्लाक की कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका रावत की अगुवाई में प्रदर्शन हुआ।

लखनऊ मंडल कोऑर्डिनेटर बने मुन्नालाल साहू

संवाददाता, रायबरेली। उत्तर प्रदेश खो-खो संघ की कार्यकारिणी द्वारा खो-खो के प्रचार प्रसार एवं विकास के लिए मुन्नालाल शाहू को लखनऊ मंडल का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। इस उपलब्धि पर जिला खो-खो संघ के पदाधिकारी ने उत्तर प्रदेश खो-खो संघ का बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया। खो-खो खेल को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का दृढ़ संकल्प लिया। उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा सौंपे गए दायित्वों को खिलाड़ियों के साथ संवेदनशीलता पूर्वक संपर्क स्थापित करने के लिए जो जिम्मेदारी दी गई है उसको सहर्ष निभाएंगे। इस उपलब्धि पर जिला खो-खो संघ रायबरेली के सचिव भीम प्रताप सिंह, विजय सिंह, विनोद कुमार, मनीष श्रीवास्तव, मनोज कुमार, दिलीप वर्मा, हिमांशु तिवारी, मोहम्मद शोएब, संघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेनू शुक्ला, संजय वर्मा आदि ने खुशी जताई।

बाइकों में टक्कर मार बोलेरो खड्ड में गिरी, चार लोग घायल

- प्रतापगढ़ से विदाई के बाद बारातियों को लेकर आ रही थी बोलेरो, एक की हालत गंभीर

सलोन, रायबरेली

दुर्घटना की जानकारी लेते पुलिस कर्मी।

अमृत विचार। बारात से लौट रही बोलेरो ने दो बाइकों में टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर खड्ड में चली गई। इस दौरान बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी सलोन मे भर्ती कराया है, जहां एक महिला की हालत बिगड़ने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

गुरुवार को बोलेरो चालक प्रतापगढ़ से विदाई के बाद बारातियों को लेकर रायबरेली लौट रहा था। रायबरेली मार्ग स्थित फायर स्टेशन सलोन के समीप अनियंत्रित होकर बोलेरो ने दो बाइकों पर सवार चार लोगों को जोरदार टक्कर मार दिया। इस दौरान बाइक पर सवार भीम सिंह, उसकी पत्नी संजू सिंह और पुत्र निवासी पूरे कछवाह थाना जगतपुर, दूसरी बाइक पर कुलदीप पुत्र गजराज निवासी सुल्तानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को मौके पर मौजूद लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। वही चालक राजेश कुमार यादव पुत्र संतराम मलिकमऊ को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. भावेश ने बताया की महिला के सिर में गंभीर चोट के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अन्य की हालत पहले से बेहतर है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया की दुर्घटना की जानकारी हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

महाशिवरात्रि पर आज आएंगे स्वामी अखंड महराज

संवाददाता, रायबरेली। पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर ट्रस्ट की ओर से महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में इस बार धर्म और अध्यात्म की दुनिया के चर्चित स्वामी नारायण टेंपल वादताल गुजरात के अखंड स्वामी महराज व व्यान्त्रिक स्वामी इस आयोजन के प्रमुख आकर्षण होंगे। इनके आगमन से जिले को धर्म और अध्यात्म के क्षेत्र में नई दिशा मिलेगी। मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक शैलेन्द्र अग्निहोत्री ने बताया कि बारात उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में राजकीय कॉलोनी से चलकर जिले के प्रमुख मोहल्लों से गुजरेगी, जहां पर मोहल्लेवासियों द्वारा भगवान शिव की बारात का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा।

किशुनखेड़ा व गढ़ी दूलारॉय में होगा मुकाबला

सतांव, रायबरेली

अमृत विचार। गन्ना कांटा मैदान में चल रहे पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति अर्न्तप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरुवार को सेमीफाइनल मैच खेला गया। इसमें किशुनखेड़ा ऊंचाहार और गढ़ी दूलारॉय ने जीत हासिल करते हुए फाइनल में स्थान पक्का कर लिया।

पहले सेमीफाइनल में किशुनखेड़ा ऊँचाहार व सतांव के मध्य निर्धारित 10-10 ओवर का हुआ। सतांव ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऊँचाहार की टीम के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 4 विकेट खोकर 152 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सतांव की टीम 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी। ऊंचाहार की तरफ से 21 गेदों 56 रनों की विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए एजाज मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजनारायण तिवारी ने प्रदान किया।

दूसरा सेमीफाइनल मैच गुरुबक्शगंज और गढ़ी दूलारॉय में मध्य निर्धारित 8-8 ओवरों का खेला गया। गढ़ीदूलारॉय ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। गुरुबक्शगंज की टीम ने आठ ओवरों में 7 विकेट खोकर 108 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। 109 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गढ़ीदूलारॉय की टीम ने अंतिम ओवर की पहली गेंद पर 3 विकेट खोकर 111 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। गढ़ीदूलारॉय की तरफ से 16 गेंदों पर 49 रनों की शानदार पारी के लिए प्रफुल्ल यादव को मैन ऑफ द चुना गया। गढ़ी दूलारॉय टीम संरक्षक सीतेश सिंह ने अपने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रसन्नता जाहिर की।

पब्लिक स्कूल में मनाई गई महाशिवरात्रि

लालगंज रायबरेली। शिक्षण संस्थान न्यू स्टैडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर में महाशिवरात्रि के पर्व को मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने भगवान शिव का स्वरूप शिवलिंग की पूजा अर्चना की। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर भगवान शिव की आरती की। प्रधानाचार्य ने कहा कि महाशिवरात्रि हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। ये भारतीय मान्यता के अनुसार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव ने अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त की थी। ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव और माता-पार्वती आज ही के दिन परिणय सूत्र में बंधे थे। यौगिक परम्परा में भगवान शिव को एक ज्ञानी और वैरागी माना गया हैं। यह परम्परा शांति में विश्वास रखती हैं। इस वजह से महाशिवरात्रि आध्यात्मिक रूप से भी काफी खास हैं।

प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय हरीपुर निहस्था में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

अनुज बालक और रीतांजली बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

खीरो, रायबरेली

अमृत विचार। राजकीय महाविद्यालय हरीपुर निहस्था में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को किया गया। विद्यालय के छात्र अनुज कुमार सिंह को बालक वर्ग और छात्रा रीतांजली को बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ बीआर अम्बेडकर स्नातकोत्तर राजकीय महाविद्यालय ऊंचाहार डॉ राजेश कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि दिनेश सिंह द्वारा मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलकूद में मेहनत करने वाले छात्रों को जीवन में कभी असफलता नहीं मिलती। इस दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत गीत "जीवन कही भी ठहरता नहीं है, आंधी तूफां से डरता नहीं है, तू न चलेगा तो चल देंगी राहे, मंजिल को तरसेगी तेरी निगाहे, तुझको चलना होगा" को सुनकर उपस्थित लोग को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेलकूद प्रभारी डॉ अविनाश यादव ने खेलकूद प्रतियोगिता प्रारम्भ कराई। निर्णायक के रूप में डॉ स्वाती मिश्रा, डॉ दिनेश कुमार, डॉ रविन्द्र भाटिया, डॉ वीपी त्रिपाठी, विकास श्रीवास्तव ने निभाई। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में ऋषिकेश प्रथम, अनुज कुमार सिंह द्वितीय व हेमराज ने तृतीय स्थान, बालिका वर्ग में शालिनी देवी ने प्रथम, अंशिका सिंह ने द्वितीय व कोमल वर्मा व रीतांजली ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि और प्राचार्य।

लंबी कूद बालक वर्ग में ऋषिकेश, अनुज कुमार सिंह, हेमराज, बालिका वर्ग में रीतांजली, शालिनी देवी, कोमल वर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किया। ऊंची कूद के बालक वर्ग में अनुज कुमार सिंह, हेमराज व ऋषिकेश और बालिका वर्ग में रीतांजली, शालिनी व कोमल वर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता बालक वर्ग में अनुज कुमार सिंह, ऋषिकेश, हेमराज और बालिका वर्ग में रीतांजली, शालिनी, हेमा देवी, टेबल टेनिस के बालक वर्ग में ऋषिकेश, अनुज कुमार सिंह, हेमराज, बालिका वर्ग में उमा देवी, शालिनी देवी और रीतांजली ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किया। गोलाफेंक बालक वर्ग में हेमराज, ऋषिकेश, अनुज कुमार सिंह, जबकि बालिका वर्ग में रीतांजली, उमा देवी व कोमल वर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किया।

वरिष्ठ पत्रकार सुमित को भावभीनी श्रद्धांजलि

संवाददाता, रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय पर लोक भारती से मान्यता प्राप्त पत्रकार व वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन ग्रुप के संस्थापक सुमित अवस्थी का निधन हो गया। वह पिछले कई माह से अस्वस्थ थे। नोएडा में स्थित अस्पताल में कल रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान इंदिरा नगर में पत्रकारों ने बैठक कर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

एक नजर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार गोष्ठी आज

हरदोई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कॉन्सेप्ट कार ग्रुप के तत्वावधान में शुक्रवार को लखनऊ रोड स्थित कांसेप्ट कार शोरूम पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप के चेयरमैन सजीव अग्रवाल ने बताया कि "नारी सशक्तिकरण : उद्यमिता और कौशल विकास" विषयक विचार गोष्ठी में स्त्री शिक्षा, रोजगार स्वावलंबन पर विमर्श होगा। साथ ही अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

श्री रामलीला मेला में आज रात शायर बांधेंगे समां

हरदोई, अमृत विचार। प्राचीन धार्मिक व ऐतिहासिक श्रीराम लीला मेले की बरसो पुरानी रवायत को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को अज़ीमुश्शान मुशायरे की महफिल सजाई जाएगी। शोरो-शायरी की इस महफिल जाने-माने शायर अपने-अपने कलाम पेश करेंगें। श्रीराम लीला मेला एवं प्रदर्शनी कमेटी के मुताबिक शुक्रवार की रात 8 बजे से शुरु होने वाले मुशायरे में नदीम फर्रुख कासगंज, महशर अफरीदी मुंबई, अज़हर इकबाल मेरठ, आदिल रशीद दिल्ली, नवाज़ देवबंदी देवबंद, चिराग शर्मा चंदौसी, शायरा खुशबू शर्मा दिल्ली, अशरफ नानपर्वी दिल्ली, हाशिम नोमानी कासगंज, खुर्शीद हैदर मुजफ्फरनगर और शायरा खुश्बू शर्मा दिल्ली ने मुशायरे में शामिल होने की रज़ामंदी दी है।

कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली परिसर में महाशिवरात्रि और होली पर्व को लेकर पीस कमेटी की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने की। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक ने उपस्थित संभ्रांतजनों से सभी पर्व आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा शाहाबाद शांतिप्रिय शहर है यहां पर कभी भी किसी भी पर्व पर विवाद की स्थिति नहीं आई इसलिए सभी लोग परंपरा के अनुसार आपसी सद्भाव के साथ पर्व मनाए और एक दूसरे की खुशी बांटे। कहा कि अगर कोई भी सद्भाव में खलल डालने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, सुभाष रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में सभासद, प्रधान और बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

मंदिर से जान बचाकर भागी थी औरंगजेब की सेना

आस्था का केन्द्र है सुनासीर नाथ मंदिर, श्राप से मुक्ति के लिए इन्द्र ने की थी स्थापना

अनुराग मिश्र 'मिनी', मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। देवराज भगवान इंद्र ने सुनासीर नाथ मंदिर को सुनासीर नाथ मंदिर को स्थापित किया था जो आस्था का बहुत बडा केंद्र है। ऐतिहासिक रूप से मुग़ल बादशाह औरंगजेब ने सोने चांदी की लालसा में मंदिर में खुदाई कराकर लूटने चाहा लेकिन मंदिर की लाट बढ़ती चली गईं। तब उसकी सेना ने लाट पर आरे चलवाना शुरू किया तो लाट से पहले दूध, दही फिर खून और ततिया व बरइया ने उसकी सेना पर आक्रमण कर दिया तब उसकी को भागना पड़ा और सुकरोला गांव में शरण ली तब से गांव का नाम सुकरोला पड़ गया। सुनासीर नाथ मंदिर की लाट पर औरंगजेब की क्रूरता की निशानी आज भी विद्यमान है।

मल्लावां क्षेत्र चार किलो मीटर की दूरी पर ऐतिहासिक पौराणिक शिव मंदिर जो सुनासीर नाथ बाबा के नाम से प्रसिद्ध है। आचार्य पंडित मंगल प्रसाद मिश्र ने बताया कि मंदिर की स्थापना देवराज इंद्र ने श्राप से मुक्ति के लिए गंगा तट की गई थी। तब से यहां पूजा अर्चन का सिलसिला प्रारंभ हुआ। ऐसा मत है कि आज भी पहला पूजन अर्चन भगवान इंद्र द्वारा ही किया जाता है। जब भी मंदिर के कपाट खोले जाते है तो सर्वप्रथम पूजन अर्चन पाया जाता है। क्रूर मुग़ल बादशाह औरंगजेब ने सोलवीं शताब्दी में मंदिर को नस्तनाबूद करने की नियत से यहाँ भी आ धमका उसे पहले गौरा खेड़ा के सूर्यवीरों से लड़ना पड़ा लेकिन औरंगजेब की सेना के आगे हार का मुंह देखना पड़ा। उसके बाद मंदिर के पास बसे गौशामियों ने औरंगजेब की सेना से मोर्चा लिया, लेकिन पराजय ही हाथ लगी। उसके बाद औरंगजेब की सेना ने मंदिर में टंगे दो कुंतल के सोने के घंटों और जमीन में गड़े चांदी सिक्कों को लूट कर मंदिर को नस्तनाबूद कर शिवलिंग पर आर चलवाकर मूर्ति को खंडित करने की कोशिश की ताकि हिन्दू समाज खंडित मूर्ति का पूजन न कर सके तो शिव के प्रताप के आगे औरंगजेब की सेना को दुम दबाकर यहां से भागना पड़ा। उसके बाद भगवन्तनगर की मिश्रा परिवार की यशोदा देवी ने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। अब मंदिर विशालकाय भव्य रूप से अन्य प्रदेशो सहित आस पास के जनपदों में विख्यात है। महाशिवरात्रि और सावन माह में प्रत्येक सोमवार को यहाँ भव्य मेले का आयोजन होता है जहां हजारों कृपालु दर्शन भाव को लेकर आते है और मथा टेंक कर मन्नत मांगते हैं। अब यहाँ पर भक्तों की भीड़ हमेशा बनी रहती है। सुनसीर नाथ मंदिर को भव्य बनाने को लेकर मंदिर समिति अपना सर्वोच्च प्रयास में जुटा हुआ है। ऐसे में भव्य नंदीश्वर महाराज की मूर्ति भी स्थापित है।

महाशिवरात्रि पर सुनासीर नाथ मंदिर पर लगने वाले मेले में आने जाने के लिए ई-रिक्शा और ऑटो और अपने संसाधनों से श्रद्धालुओं पहुंच सकता है। वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहती है।

नारायण सेवा समूह की ओर से महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार को मौनी बाबा मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

महाशिवरात्रि पर आज हजारों भक्त करेंगे दर्शन

महाशिवरात्रि पर सुनासीर नाथ मंदिर में भव्य मेला का आयोजन होगा। ऐसे में हजारों भक्त दूर -दराज से दर्शन को लेकर आएगे जहां शिव लिंग पर दूध, दही बेलपत्र और ईख चढ़ाकर पूजा अर्चन करेंगे। महाशिवरात्रि पर पर सुनासीर नाथ मंदिर में हर वर्ष की तरह मेले का आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालू पूजन अर्चन कर मेले का लुत्फ़ उठाएगे। मेले में हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेरीकैटिंग की व्यवस्था भी समिति ने कर रखी है ताकि दर्शन में लगने वाले श्रद्धालुओं को दिक्क़त का सामना न उठाना पड़े। मेले में प्रसाद सहित तमाम दुकानें और झूला आदि की व्यवस्था रहेंगी। मेले में सुरक्षा को लेकर हेड मुंशी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि माधौगंज, बिलग्राम, अतरौली, क़ासिमपुर, पुलिस लाइन सहित अन्य जगहों से 10 उप निरीक्षक, 13 महिला कांस्टेबल, 30 कांस्टेबल की डियूटी लगाई है।

सुनासीर नाथ मंदिर, स्थापित शिवलिंगऔर जानकारी देते आचार्य मंगल प्रसाद मिश्र।



मंदिर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था देखते एसपी। अमृत विचार

एसपी ने देखी सुरक्षा व्यवस्था

मल्लावां। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए गुरुवार देर शाम पुलिस अधीक्षक सुनासीर नाथ मंदिर पहुंचे, वहां उन्होंने सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा के नाम पर किसी को परेशान न किया जाए। उन्होंने मंदिर को जाने वाले रास्ते का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए।

गेट से मंदिर तक खराब मार्ग हो दुरुस्त

सुनासीर नाथ मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने बताया कि मंदिर गेट से मंदिर तक संकरा और खराब मार्ग होने के चलते महाशिवरात्रि और सावन माह में श्रद्धालुओं सहित कांवरियों के जत्थों को मंदिर पहुंचने में समस्या होती है। श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए उन्होंने मंदिर गेट से मंदिर तक सड़क सही कराने की मांग की है।

आज तक न घोषित हो सका पर्यटन स्थल

वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार मिश्र ने बताया तत्कालीन जिलाधिकारी अमिय कृष्ण चतुर्वेदी ने अपनी पुस्तक गजेटियर में सुनासीर नाथ मंदिर का वर्णन किया है। उन्होंने पर्यटन स्थल को लेकर लेकिन शासन से पत्रचार भी किया था, लेकिन फाइलें गुमनामी में गुम हो गई जिसके चलते आज पर्यटन स्थल घोषित न हो सका। ऐसे में प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ से पौराणिक शिव मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की है।

भगवान शंकर और माता पार्वती के दिव्य मिलन का जश्न है महाशिवरात्रि

हरदोई

अमृत विचार। पौराणिक कथाओं और मान्यताओं के मुताबिक महाशिवरात्रि कई कारणों से महत्व रखती है। एक मान्यता यह है कि इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था और यह त्यौहार उनके दिव्य मिलन का जश्न मनाने के लिए हर साल मनाया जाता है। साथ ही दूसरी मान्यता है कि महाशिवरात्रि शिव और शक्ति के मिलन का प्रतीक है। महाशिवरात्रि का महापर्व हर साल फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। शिव भक्तों के लिए इस व्रत का विशेष महत्व है। भोलेनाथ की पूजा के लिए महाशिवरात्रि का दिन सबसे अच्छा और शुभ माना जाता है, इसलिए शिव भक्त इस दिन का बेसब्री से इंतज़ार करते है।

नवीन मंडी स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में सजा शिवलिंग।

महाशिवरात्रि का शाब्दिक अर्थ 'शिव की महान रात' है। महाशिवरात्रि पर शिव और उनके नृत्य 'तांडव' के बारे में ऐसा कहा जाता है कि भोलेनाथ इस रात 'सृजन, संरक्षण और विनाश' का अपना लौकिक नृत्य करते हैं।

तिथि और मुहूर्त

गायत्री प्रज्ञा पीठ के प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर बताते हैं कि हिंदू पंचांग के तहत फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 8 मार्च को रात्रि 09 बजकर 57 पर शुरू होगी। वहीं अगले दिन यानी 09 मार्च शाम 6 बजकर 17 मिनट पर इसका समापन होगा। शिवरात्रि की पूजा रात्रि को होती है, इसलिए इस दिन उदया तिथि देखना ज़रूरी नहीं है। पुजारी संदीप शुक्ला बताते हैं कि हिंदू पौराणिक कथाओं और मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्री को लेकर ऐसा भी कहा जाता है कि इस दिन महादेव ने समुद्र मंथन के दौरान निकले ज़हर को पीकर दुनिया को अंधकार से बचाया था, जिसके चलते उनका गला नीला हो गया था और वे नीलकंठ कहलाएं।

महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर संडीला में निकाली गई शिव बारात में सजी झांकियां। अमृत विचार

महाशिवरात्रि से पूर्व संध्या पर निकाली गई शोभा यात्रा

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। नवयुवक कांवरिया समिति ने महाशिवरात्रि से पूर्व संध्या पर भुईयन देवी मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुए खड़े हनुमान मंदिर प्रतिभा टॉकीज तक शिव बारात निकाली गई। नवयुवक कांवरिया समिति के अध्यक्ष रवि चौधरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी शिव बारात एवं शोभा यात्रा निकाली। उन्होंने बताया कि शिव बारात एवं शोभा यात्रा लगभग पांच वर्षों से निकाली जा रही है। जिसमें दूर-दूर से आए हुए कलाकारों ने प्रतिभा किया झांकी में मुख्य आकर्षण का केंद्र क्रेन पर बैठे राधा कृष्ण की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। झांकी में प्रमुख रूप से गोविंदा राठौर, रवि चौधरी, सरवन कुमार, भाजपा नेता ऋषभ खन्ना, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

संडीला में स्थापित वेल्बे स्कॉट फैक्ट्री। अमृत विचार

संडीला में बनेंगे सेना के लिए कारतूस

प्रभात अस्थाना, संडीला, हरदोई

अमृत विचार। जब से प्रदेश में योगी सरकार बनी है, तब से हरदोई जनपद की तहसील संडीला विकास की ओर अग्रसर है। संडीला के इंडस्ट्रियल एरिया में लगातार नए उद्योगों को लगाने का कार्य किया जा रहा है, जबकि पुराने उद्योग का विस्तार हो रहा है। जनपद की तहसील संडीला जहां अपने लड्डुओं के लिए प्रसिद्ध था, वहीं अब वेल्बे स्कॉट पिस्टल के लिए भी प्रसिद्ध हो गया है। संडीला के इंडस्ट्रियल एरिया में लगी वेल्बे स्कॉट की फैक्ट्री में लगातार नए-नए शस्त्र बनाए जा रहे हैं। वेल्बे स्कॉट कंपनी ने अब एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सशस्त्र बलों के प्रयोग होने वाले कारतूस को बनाने का काम भी शुरू करने जा रही हैं।

13 एमएम की भी बना चुकी है पिस्टल

देश के साथ विश्व में प्रसिद्ध बेल्वे स्कॉट ने दीपावली पर तेरह राउंड के पिस्टल लॉन्च करने के बाद अब कारतूस बनाने के क्षेत्र में भी अपने कदम जमा दिए हैं। स्याल मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड ने इकाई का विस्तार किया है। कंपनी के निदेशक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी के विस्तार के साथ ही 9 एमएम बोर और सशस्त्र सेना में उपयोग में लिए जाने वाले शस्त्रों के कारतूस भी अब संडीला की इस इकाई में बनाए जाएंगे। कारतूस बनाने को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। कारतूस बनाने का लाइसेंस भी मिल चुका है जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा।

अधिकारियों ने परिक्रमा के पड़ावों पर सुरक्षा व्यवस्था का जाना हाल

कोथावां, हरदोई

अमृत विचार। आगामी पौराणिक चौरासी कोसीय परिक्रमा के कारण क्षेत्र में पड़ने वाले परिक्रमा पड़ावों का जिले के आलाधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

गुरुवार को एडिशनल एसपी मारतन्ड प्रकाश सिंह व क्षेत्राधिकारी हरियावां संतोष कुमार सिंह ने क्षेत्र के परिक्रमा पड़ावों हरैंया, नगवां कोथावां, गिरधरपुर उमरारी आदि का निरीक्षण कर पड़ावों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, इस दौरान एडिशनल एसपी ने कोतवाली पुलिस को निर्देशित करते हुए परिक्रमा के दौरान पड़ावों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहनी चाहिए जिससे श्रृद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान एडिशनल एसपी, क्षेत्राधिकारी हरियावां के साथ ग्राम प्रधान पुत्र दिनेश कुमार, प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह व क्षेत्र के सम्मानित ग्रामीण उपस्थित रहे।

चौरासी कोसीय परिक्रमा के मार्ग पर जायजा लेते अधिकारी।

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

एक नजर

किशोरी के लापता होने की दी सूचना

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगापुर में किशोरी की मां ने उसके लापता होने की लिखित सूचना पुलिस को दी है। शाहाबाद क्षेत्र के ग्राम आगापुर निवासी मैना देवी पत्नी राजेश ने बताया बुधवार की रात वह 17 वर्षीय किशोरी नैंसी को साथ लेकर शौच के लिए गई थी। निवृत होकर उसने खेत में ढूंढा परंतु उसकी पुत्री का पता नहीं चल सका। उसने घर आकर रिश्तेदारी में फोन से पता किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। कोतवाली पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जाएगी।

हाईस्कूल की छात्रा ने फांसी लगा कर दी जान

संडीला, हरदोई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लूमामऊ निवासी हीरालाल ने बताया कि बीती रात घर के सभी लोग वैवाहिक कार्यक्रम मे गए थे, उसकी पुत्री प्रीति 16 वर्ष घर मे अकेली थी, जब सुबह घर आए तो देखा कि उसकी पुत्री घर के छप्पर में दुपट्टा बांधकर आत्महत्या कर लिया, वहीं परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका पांच बहन एक भाई में सबसे छोटी थी और हाई स्कूल की परीक्षा दे रही थी। परिजनों ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है।

मारपीट का आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुआपुर निवासी महिला ने गांव के ही दो लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। क्षेत्र के ग्राम सुआ पुर निवासी माधुरी ने बताया कि पड़ोसी विपक्षी इतवारी उसके पुत्र राम सुमिरन, बबलू और पत्नी राजरानी उसके साथ मारपीट की। राजरानी छत पर गेहूं फटक रही थी। कूड़ा उसके विकलांग पुत्र के ऊपर गिर रहा था। मना करने पर विपक्षियों ने उसे मारा पीटा। दूसरे पक्ष ने भी कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू की है।

नाली विवाद को लेकर दबंगों ने दंपति को पीटा

बिलग्राम, हरदोई। थाना क्षेत्र के राइसिनपुरवा मजरा कटरी परसोला गांव में बुधवार की रात को गांव के ही विपक्षी गणों ने नाली विवाद के चलते पति-पत्नी को घर में घुसकर पीटा, वहीं पीड़ित कृष्ण पाल 27 वर्ष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही विपक्षीगढ़ बबलू, सुमित, नन्हे, नितिन व कुछ अज्ञात लोग उसके घर के बाहर आए और पहले से चल रहे नाली विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। बीच बचाव करने आई पत्नी नन्ही को भी मारापीटा। जिससे पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी सात माह की गर्भवती है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जांच कर जल्द ही आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

पत्नी ने हिस्ट्रीशीटर प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

पिहानी, हरदोई

अमृत विचार। हिस्ट्रीशीटर प्रेमी के साथ रंगरेलिया मना रही पत्नी को पति ने रंगे हाथों पकड़ लिया। मना करने और डांट फटकार से नाराज होकर पत्नी ने पति को रास्ते से हटाने की ठान ली। इसके बाद अपने हिस्ट्रीशीटर प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला घोंटकर हत्या कर दी। करतूत छिपाने के लिए पति की सड़क हादसे में मौत होने की पुलिस को तहरीर थमा दी। जांच कर रही पुलिस ने जब परते उधेड़नी शुरु की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पुलिस ने पत्नी और उसके हिस्ट्रीशीटर प्रेमी को दबोच लिया। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के मनिकापुर गांव निवासी मृतक प्रमोद शुक्ला की हत्या में उसकी पत्नी प्रीति देवी और उसके प्रेमी सर्वेश को गिरफ्तार यह खुलासा किया है।

पुलिस के मुताबिक जहानीखेड़ा पुलिस चौकी के तहत मनिकापुर बाज़ार के पास चौबिया थाना पसगवां ज़िला लखीमपुर-खीरी निवासी प्रमोद शुक्ला का शव पाया गया था। पुलिस ने उसकी पत्नी प्रीति की तहरीर पर 12 नवंबर 2023 को प्रमोद की सड़क हादसे में मौत होने का केस दर्ज किया।

पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर व मृतक की पत्नी।

खुलासा

इस मामले में तत्कालीन एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह, सीओ हरियावां शिल्पा कुमारी और एसएचओ सुनील दत्त कौल ने प्रमोद की मौत को संदिग्ध मानते हुए गहराई से जांच की। उसी कड़ी में एसएचओ धर्मदास सिद्धार्थ व आईओ इंस्पेक्टर (रिज़र्व) हाकिम सिंह ने यह खुलासा किया।

पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि प्रमोद शुक्ला की पत्नी प्रीति का प्रेम-प्रसंग सर्वेश कुमार निवासी मुनफ्फरपुर थाना पसिगवां ज़िला लखीमपुर खीरी से चल रहा था। एसएचओ पिहानी श्री सिद्धार्थ ने बताया कि सर्वेश कुमार हिस्ट्रीशीटर है। प्रमोद शुक्ला के घर उसका आना-जाना रहता था। उसी दौरान सर्वेश और प्रमोद शुक्ला की पत्नी प्रीति के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। एक बार प्रमोद शुक्ला ने पत्नी प्रीति को सर्वेश के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। जिससे नाराज़ हुए प्रमोद ने गुस्से में पत्नी को काफी बुरा-भला कह दिया। बस उसी वक्त प्रीति व उसके हिस्ट्रीशीटर प्रेमी सर्वेश ने प्रमोद को अपने रास्ते से हटाने का फैसला कर लिया। 11 नवंबर की रात प्रीति व सर्वेश ने पहले तो प्रमोद को जमकर शराब पिलाई और फिर बहाने से चाबियापुर गांव से लेकर मनिकापुर बाज़ार ले जाया गया। जहां गमछे से गला घोंट कर हत्या प्रमोद की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक प्रीति व सर्वेश कुमार के बीच मोबाइल पर घंटो बातें होती थीं। एसएचओ व इंस्पेक्टर (रिज़र्व) हाकिम सिंह ने प्रेमी सर्वेश कुमार व प्रमोद की पत्नी प्रीति को दबोच लिया।

एसपी बोले, वेरी गुड पिहानी पुलिस

काफी सूझ-बूझ से प्रमोद शुक्ला हत्याकांड का खुलासा करने पर एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने एसएचओ पिहानी धर्मदास सिद्धार्थ, इंस्पेक्टर (रिज़र्व) हाकिम सिंह और उनकी पूरी टीम की पीठ थपथपाते हुए वेरी गुड पिहानी पुलिस बोला और कहा कि ला एंड आर्डर को खिलवाड़ समझने वाला कोई भी हो उसे किसी कीमत पर भी नहीं छोड़ा जाएगा।

हरदोई ने ठाना है, सर्वाधिक मतदान का रिकार्ड बनाना है

रसखान प्रेक्षागृह में आयोजित की गयी मतदाता जागरूकता गोष्ठी, डीएम ने दिलाई लोगों को शपथ

हरदोई

अमृत विचार। रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उदघाटन जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गोष्ठी की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' रही। इसका थीम वाक्य 'हरदोई ने ठाना है, सर्वाधिक मतदान का रिकार्ड बनाना है, इसलिए सपरिवार शत प्रतिशत मतदान करने जाना है, रहा।

जिलाधिकारी श्री सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें। बैग के सदस्य मतदाताओं को जागरूक करें। मतदान केन्द्रों पर साफ-सफाई को बेहतर बनाया जाये। गावों में मतदान के प्रति जागरूकता की अलख जगाएं। समाज के अलग-अलग वर्गों के बीच जाकर जागरूक करें। क्यूआर कोड का लोगों के बीच प्रचार करें। वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में लोगों को बतायें। उन्हें क्यूआर कोड स्केन कराएं।

मतदाता जागरूकता रैली को रवाना करते डीएम-एसपी। अमृत विचार

इसके अलावा जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं रैली का नेतृत्व कर जनपद वासियों को शत प्रतिशत मतदान का सन्देश दिया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से सोल्जर बोर्ड चौराहा, बड़ा चौराहा, नुमाइश चौराहा, गांधी मैदान से होते हुए वापस कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई। रैली संपन्न होने के उपरांत जिलाधिकारी ने सभी लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील त्रिवेदी, एसडीएम सदर सुशील मिश्रा, कलेक्ट्रेट परिसर व विकास भवन के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

हरदोई, अमृत विचार। पुलिस लाइन सभागार में हुई अपराध गोष्ठी और अपराधों की समीक्षा बैठक में एसपी केशव चन्द गोस्वामी ने अपराधों की रोकथाम, त्यौहारों और साथ-साथ लोकसभा चुनाव को लेकर अपने मातहतों को ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए। गोष्ठी की शुरूआत में पुलिस जवानों का सैनिक सम्मेलन किया गया। जिसमें उनकी समस्याओं के निपटारे की समीक्षा कर सम्मेलन में आने वाले प्रार्थना पत्रों का हल करने के निर्देश दिये गए। साथ ही सभी एसएचओ को अपने मातहतों से हर दिन सवांद कर उनकी समस्याओं का हल निकालने के लिए उन्हे निर्देशित किया गया। गोष्ठी में अपराध व की गई कार्यवाही के लिए दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमे गौ-तस्करी-गौकशी पर जीरो टॉलरेन्स रखते हुए कड़ी कार्यवाही, हत्या, दुष्कर्म, लूट, डकैती, चोरी व अपहरण जैसे अपराधों पर रोक लगाने व सख्त कार्यवाही करने, अवैध शराब, कच्ची शराब, मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन पर शत-प्रतिशत रोक लगाने के निर्देश दिए। कहा कि जन सुनवाई पोर्टल के माध्यम से आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समय में निस्तारण कराया जाए। किसी भी मामले को डिफाल्टर न होने दिया जाए और ज़मीन संबंधी विवाद की शिकायत आने पर राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर यथोचित निस्तारण करायें तथा भूमि विवाद रजिस्टर में ऐसे विवादों का इन्द्राज करें। एसपी ने आगे कहा कि गैंगेस्टर के मुकदमों में जेल गए आरोपियों की अवैध धन से अर्जित की गयी सम्पत्ति धारा 14(1) के तहत कुर्क करने की कार्यवाही की जाए।गोष्ठी में एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार के अलावा सभी सीओ व एसएचओ मौजूद रहे।

किराएदार पिता पुत्र ने दुकान मालिक को पीटा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला खत्ता जमाल खां में दुकान के किराएदार पिता पुत्र ने मिलकर दुकान मालिक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शाहाबाद के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी विनोद गुप्ता ने बताया मोहल्ले का ही रामचंद्र उर्फ भूरे उसकी दुकान में किराएदार है। उसने विपक्षी से दुकान खाली करने को कहा था। तो विपक्षी ने स्टांप पर 4 मार्च को दुकान खाली कर देने की लिखापढ़ी की थी। गुरुवार को वह विपक्षी के घर दुकान खाली करने की बात करने गया तो विपक्षी रामचंद्र उर्फ भूरे और उसके पुत्र राहुल ने उसके साथ मारपीट करते हुए दुकान न खाली करने और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग

हरदोई

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में ऑन-लाइन डिजिटलाइजेशन किए जाने से हो रही कठिनाईयों को ले कर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रान्तीय संयुक्त महामंत्री आलोक मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधि मण्डल ने बीएसए को अपना 10 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन बीईओ बावन आरके द्विवेदी को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षक-शिक्षिकाओं के सामने आने वाली तमाम कठिनाइयों का निपटारा करने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपते उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आलोक मिश्र।

बीएसए को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य कर्मचारियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त है, ईएल की व्यवस्था प्राप्त है हॉफ-डे सीएल की भी सुविधा हासिल है। लेकिन बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक-शिक्षिकाओं को उत्पीड़न के नाम पर उत्तर प्रदेश कर्मचारी सेवक आचरण नियमावली लागू कर दी गई है। जबकि बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों के सामान सुविधा नही हासिल है। राज्य कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमैट्रिक संसाधन से है व अन्य कार्य ऑफ-लाइन ही लिए जा रहे है, वहीं बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

माध्यमिक एवं महाविद्यालयों में लिपिक की नियुक्ति है जबकि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में लिपिक की नियुक्ति नहीं है, ऐसे में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के साथ सौतेला व्यवहार है। बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाओं को तमाम कठिनाइयां हो रही है और समानता के सिद्वान्त एंव सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश आदेश (निजता के हनन) का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसे शिक्षक कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस मौके पर जिला मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष प्रभाशंकर, जिला उपाध्यक्ष डा.संदीप वर्मा, अनूप दीक्षित, अनुराग पाण्डे, जिला संयुक्त मंत्री आशीष दीक्षित, प्रान्तीय संगठन मंत्री अजय सिंह, जिला संगठन मंत्री डा. पुष्पेन्द्र शुक्ला, कमल किशोर कोहली, विनोद सिंह, मनीष राठौर, ब्लाक अध्यक्ष बावन अभिषेक गुप्ता, ब्लाक अध्यक्ष टोडरपुर नरेन्द्र शर्मा, मंत्री शोभित शुक्ला, आजाद यादव, सुनील यादव, संतोष कुमार, सिद्धार्थ पाण्डे, कुलदीप द्विवेदी, कमलेश कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

मौरंग लदा ओवरलोड ट्रक पुलिया पर धंसा

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के म्योरा गांव के पास अचानक एक मौरंग लदा डंपर पुलिया पर धंस गया जिससे दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई जानकारी के अनुसार म्योरा गांव से 3 किलोमीटर दूर नोखेपुर में गांव में पुल निर्माण कार्य चल रहा है जहां पर मौरंग लादकर डंपर में मौरंग भरकर खाली करने जा रहा था जैसे ही डंपर नोखे पुरवा गांव के लिए घुसा तभी पुलिया डंपर के साथ धंस गई घटना में कोई हादसा नहीं हुआ। यह पुलिया लगभग 15 वर्ष पूर्व बनाई गई थी जो ओवरलोड मौरंग भरकर जा रही थी, तभी पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

सार-संक्षेप

एसबीआई के सामने प्रदर्शन करते प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

बैंक सार्वजनिक करें दानदाताओं की सूची

हरदोई, अमृत विचार। कांग्रेसियों ने गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लेकर इलेक्टोरल बांड के माध्यम से दानदाताओं की सूची सार्वजनिक किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों को मानते हुए भाजपा को चुनावी चंदा देने वालों के नाम स्टेट बैंक सार्वजनिक करे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भुवनेश प्रताप सिंह, जिला महासचिव अजीत सिंह चंदेल, युवा कांग्रेस गोपमाऊ विधानसभा अध्यक्ष पंकज पाल, , जिला सचिव मदनपाल वर्मा, सुरेश, सुशील, रामप्रसाद व मुनेश्वर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं शुक्रवार को दोपहर 12 बजे इंडिया गठबंधन की घोषित प्रत्याशी उषा वर्मा पूर्व सांसद प्रत्याशी 31 लोकसभा सुरक्षित के समर्थन में तथा संगठन की बैठक कैंप कार्यालय सुनीता देवी महिला जिलाध्यक्ष के आवास पर होगी।

एसपी बता कर युवक से 20 हजार की ठगी

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तड़ेर निवासी युवक से फेसबुक पर दोस्ती कर खुद को एसपी बता कर आरक्षी की नौकरी के नाम पर 20 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। ठगी की लिखित सूचना के बाद भी कोतवाली पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। क्षेत्र के ग्राम तड़ेर निवासी सुरजीत पुत्र सतीश ने बताया उसके फेसबुक अकाउंट पर पुलिस आरक्षी भर्ती का विज्ञापन आया, तो उसने लिखे नंबर पर फोन किया तो उसने अपना नाम संदीप मिश्रा और पद एसपी बताते हुए आरक्षी की नौकरी देने की बात कही। पीड़ित बहकावे में आ गया उसने तीन बार में पेटीएम और फोन पे के माध्यम से किसी राजू के नंबर पर 20 हजार रुपए मंगवा लिए। उसके बाद उसने और पैसे की मांग की। मां जगदेवी से पुत्र की नौकरी के लिए जेवर बेचकर रुपए डालने के लिए दवाब बनाया। उसने पीड़ित के मोबाइल पर एक फर्जी आइडेंटी कार्ड भी भेजा। पीड़ित ने ठगी की लिखित सूचना कोतवाली में दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़ित ने मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक और डीएम से प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

किसान नेता पर विधवा पेंशन हड़पने का आरोप

हरदोई, अमृत विचार। खुद को किसान यूनियन का नेता बताने वाले ने एक विधवा को बहला-फुसलाकर कर बैंक से उसकी सारी पेंशन निकाल कर डकार ली। दर-दर भटक रही बेचारी विधवा ने पुलिस को तहरीर देते हुए उसे अपना दुखड़ा सुनाया है। सुरसा थाने के छोलीबेरिया की रहने वाली सदा प्यारी पत्नी स्व. रामबाबू ने लालपालपुर पुलिस चौकी में दी तहरीर में कहा कि आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा लालपालपुर में उसका बचत खाता है। उसके खाते पर विधवा पेंशन के 12 हज़ार रुपये आए हुए थे। उसी दौरान बडौवा गांव निवासी सत्येन्द्र गुप्ता जोकि अपने आपको सुरसा ब्लाक का किसान यूनियन का नेता बताता है, ने उसे बहला फुसलाकर बैंक ले गया और उसके खाते से विधवा पेंशन के 12 हज़ार रुपये निकलवाकर हड़प लिए। सदा प्यारी का कहना है कि जब उसने विरोध जताते हुए सत्येन्द्र से अपने पैसे मांगे तो उसने दोबारा पेंशन जारी कराने का दावा किया। भटक रही सदा प्यारी ने पुलिस के आगे गिड़गिड़ा कर अपनी पेंशन का पैसा दिलाए जाने की फरियाद की है।

बालिका से दुष्कर्म में मिली सात वर्ष की सजा

हरदोई, अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट हेमेंद्र कुमार सिंह ने एक बालिका को बहला फुसलाकर भगाने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने से सम्बंधित मुकदमे में आरोप सिद्ध पाए जाने पर अभियुक्त को 32 हजार रुपए के अर्थदण्ड के साथ सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा द्वारा पांच अगस्त 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा गया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को तीन अगस्त को अभियुक्त तेजपाल पुत्र सोनेलाल घर से बहला फुसलाकर भगा ले गया है। वादी के अनुसार वह पहले तलाश करता रहा, उसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराई। साक्ष्यों एवं तर्कों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने अभियुक्त तेजपाल को अपहरण में में पांच वर्ष की सजा के साथ सात हजार रुपये जमा करने का आदेश दिया तथा। पाक्सो एक्ट में 20 हजार रुपए के अर्थदण्ड के साथ सात वर्ष के कारावास की सजा दी है। न्यायाधीश ने अर्थदण्ड की धनराशि का 75 प्रतिशत तथा पाक्सो एक्ट के अर्थदण्ड की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को दिए जाने का भी आदेश दिया। इसके अतिरिक्त न्यायाधीश ने राज्य सरकार को भी निर्देश दिया कि पीड़िता को पचास हजार रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में किसी योजना के माध्यम से दिलाने का भी आदेश दिया।

पुरस्कृत किए गए निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले बच्चे

हरदोई

अमृत विचार। 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम के तहत पहले तो निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। साथ ही शिक्षक और अभिभावकों को अपने-अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

अहिरोरी बीआरसी पर गुरुवार को 'हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव' का का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य ब्लाक प्रमुख धर्मवीर सिंह पन्ने ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वालित करते हुए किया। कार्यक्रम के आयोजक बीईओ उदयभान यादव ने सरकारी योजनाओं और उनके सही क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी। संचालन कर रहे नोडल संकुल शिक्षक संजीव मिश्रा ने शिक्षा के महत्व, भाषा व गणित की बुनियादी दक्षताओं, निपुण लक्ष्य, आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत नियमित उपस्थिति की ज़रूरत बताया। ब्लाक प्रमुख श्री पन्ने व बीडीओ अहिरोरी ने निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। इस बीच शिक्षकों और बच्चों के अभिभावकों को लगातार अपने-अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी से उसका निर्वहन करते रहने के लिए प्रेरित किया गया।

पंचायत भवन में होंगी हाईटेक सुविधाएं : प्रेमावती

अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। विकास खंड भरावन की ग्राम पंचायत गोड़वा खेम के पंचायत भवन का गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष व संडीला विधायक ने उद्घाटन करते हुए कहा जनपद का यह पहला पंचायत भवन है जहां मूलभूत सुविधाओं के साथ अलौकिकता बिखेर रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व संडीला विधायक अलका अर्कवंशी ने दीप प्रज्ज्वलन व शिलापट से उद्घाटन किया।

अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा पंचायत भवन में फव्वारा, शिलाफलक्म, पौधरोपण, अलौकिक्ता बिखेर रहा है। कहा जिले का यह पहला सुविधाओं से हाई टेक पंचायत भवन साबित होगा। विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा सचिव राहुल सिंह व प्रधान सुशील सिंह की मेहनत से पंचायत भवन का निर्माण व इसकी सुंदरता जिले में अलग ही छाप छोड़ेगा। बीडीओ रीता सिंह ने कहा कि गोड़वा खेम के पंचायत भवन से अन्य प्रधानों को सीख लेनी चाहिए और भविष्य में निर्माण प्रगति पर अपना भी नाम उच्च शिखर पर लाएं। सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बाजपेई ने कहा कि गोड़वा खेम में पंचायत भवन के साथ-साथ सामुदायिक शौचालय, कूड़ा घर व विद्यालय भी अन्य जगहों से बेहतर हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ललित कुमार, प्रधान कमल त्रिपाठी, अशोक तिवारी, राम मोहन गोस्वामी, राजेश यादव, वीरपाल यादव, राम कुमार, अनिल वर्मा, जेई संजय कुमार व एपीओ दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

दिव्यांग को श्रवण यंत्र लगातीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

दिव्यांगों को वितरित किए गए सहायक व कृत्रिम अंग

हरदोई, अमृत विचार। स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से दिव्यांगजन के लिए कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कुल 424 दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये। जिसमें 100 ट्राई साइकिल, 50 एमआर किट, 50 लेप्रोसी किट, 20 व्हील चेयर, 10 हियरिंग ऐड, 30 जोड़ी बैसाखी व 164 कृत्रिम अंग शामिल हैं। उपकरण पाकर दिव्यांग व उनके परिजन हर्षित नजर आये।

वर्ल्ड बर्थ डिफेक्ट-डे 100 बेड हास्पिटल में स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लब फुट ने नि :शुल्क बांटे ब्रेसेस

हर साल विकृति के साथ पैदा हो रहे 33 हजार बच्चे

हरदोई

अमृत विचार। 100 बेड हास्पिटल में गुरुवार को लगाए गए शिविर में स्वंयसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लब फुट ने ऐसे बच्चों को ब्रेसेस बांटे गए। इस बीच डा. मुरलीधर ने कि जन्म दोष जन्म के समय मौजूद संरचनात्मक परिवर्तन हैं जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के लगभग किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। वे शरीर के दिखने, काम करने के तरीके या दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। क्लब फुट जन्मजात विकृति है, जिससे कि हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33 हज़ार बच्चे इस विकृती के साथ पैदा होते हैं।

शिविर में आरबीएसके जिला प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लब फुट जैसे 42 जन्मजात बीमारी एवं दोषों की स्क्रीनिंग की जाती है, ताकि जल्द से जल्द उचित व निःशुल्क इलाज हो सके। स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पांच साल से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ काम कर रही है। क्लब बुक जन्म के नौ दोषों में से एक है जिसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा प्राथमिकता दी गई है।

फाउंडेशन 140 ज़िलों में करा रहा है इलाज

अनुष्का फाउंडेशन देश के 140 ज़िलों में क्लब फुट का नि :शुल्क इलाज मुहैय्या करा रहा है। ऐसा सरकारी अस्पताल व अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से मुमकिन हुआ है। अनुष्का फाउंडेशन का उद्देश्य ज़िला अस्पतालों में आर्थोपेडिक डाक्टरों की क्षमता बढ़ाकर स्थानीय स्तर पर उपचार प्रदान करवाना है।

डाक्टरों को दी जाती है ट्रेनिंग

अच्छे और बेहतर इलाज के लिए अनुष्का फाउंडेशन डाक्टरों को पोंसेटी पद्धति से ट्रेंड भी किया जाता है। अनुष्का फाउंडेशन क्लब फुट और उसके इलाज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आरबीएसके, आशा कार्यकर्ताओं, पीएचसी व सीएचसी के साथ मिलकर काम कर रहा है। ज़िला अस्पतालों में साप्ताहिक क्लब फुट क्लीनिक के माध्यम से पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाता।

सीएमओ ने जताया अनुष्का फाउंडेशन का आभार

सीएमओ डा. रोहिताश्व कुमार ने बताया कि आज जब विश्व जन्म दोष दिवस मनाया जा रहा हैं, उसी बीच अनुष्का फाउंडेशन अपने सभी दानदाताओं और समर्थकों का आभारी है जो यह सुनिश्चित करने में उनके उद्देश्य में उनका समर्थन करते हैं। क्लब फुट के साथ पैदा होने के परिणाम स्वरूप कोई भी बच्चा बड़ा होकर विकलांग न हो।

दहेज हत्या में पति, सास व ससुर को कैद

हरदोई, अमृत विचार। जिला जज राजकुमार सिंह ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति सास व ससुर को 10-10 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। आरोपी पर 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। थाना माधौगंज क्षेत्र के खंदेरिया खंजानपुर गांव निवासी राम नरेश उसकी पत्नी सुषमा व बेटे निगम सिंह पर दहेज की खातिर विवाहिता को हत्या कर देने का आरोप लगाया था। बताया कि थाना कासिमपुर के तेरवा दाहिगवा निवासी श्याम सिंह ने दर्ज कराते हुए कहा कि 9 नवंबर 2019 सकी बहन ने फांसी लगा ली है। कहा कि बहन मधुरानी को सके ससुराल वाले दहेत के लिए प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न होने पर हत्या कर दी गई।

एक नजर

10 से 25 मार्च तक होगी चौरासी कोसी परिक्रमा

सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने बताया कि 10 से 25 मार्च तक चौरासी कोसीय परिक्रमा एवं पंच कोसीय परिक्रमा होनी है, जिसमें देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धा और भक्ति से युक्त होकर चैरासी कोसीय परिक्रमा करते है। श्रद्धालुओं और आम जनमानस को परिक्रमा के समय किसी प्रकार की कठिनाई व समस्या के समाधान के लिए 10 मार्च से 25 मार्च तक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। ऐसे में श्रद्धालु व आम जनमानस उक्त दिवस में किसी समस्या के लिए मो. नं. 9451350016, 9451350095 पर सुबह छः बजे से रात 10 बजे तक सम्पर्क कर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों का अंकन एक पंजिका पर किया जायेगा। सम्बन्धित विभाग को शिकायत से अवगत कराते हुए उसी समय समस्या का समाधान कराया जायेगा। ड्यूटी में लगाये गये किसी भी कर्मचारी के अवकाश, अन्य किसी कारण से अनुपस्थित होने के दशा में उक्त अवधि में कार्य किया जायेगा।

अतिक्रमण मुक्त किए जाएंगे परिक्रमा के सभी पड़ाव

नैमिषारण्य। तीर्थ स्थित पहला आश्रम में आगामी चैरासी कोसीय परिक्रमा के मद्देनजर समीक्षा बैठक की गई। जिसमें बैठक में एसडीएम पंकज सक्सेना, सीओ राजेश यादव सहित साधु-संत मौजूद रहे। बैठक में साधु संतों और पड़ाव प्रभारियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों से व्यक्त की। समस्याएं सुनने के बाद एसडीएम ने कहा कि प्राचीन 84 कोसीय परिक्रमा तीर्थ की आध्यात्मिक परम्परा को सहेजने संवारने के लिए प्रशासन को जो भी आवश्यक कदम उठाने पड़ेंगे अविलम्ब उठाए जाएंगे। परिक्रमा के सभी पड़ावों को न केवल अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा बल्कि बिजली, सड़क, चिकित्सा की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने कहा मेले के दौरान किसी भी परिक्रमाथीयो को कोई भी असुविधा नहीं होने दी जाएगी चप्पे-चप्पे पर हमारे पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता 84 कोसीय परिक्रमा समिति अध्यक्ष नारायण दास नन्हकु व बनगढ़ महन्त व समिति सचिव संतोष दास ने परिक्रमा में होने वाली समस्याओं से बिंदुवार बताया। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग को गड्ढा मुक्त होना चाहिए।

महिलाओं को अबला से सबला बना रहीं कमरून निशां

बिसवां, सीतापुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- पति की मौत के बाद संघर्ष का रास्ता चुन प्रताड़ित महिलाओं को किया संगठित
- नागरिक अधिकार संगठन और वादा फाउंडेशन के माध्यम से उठा रहीं आवाज

अमृत विचार। जनपद के एलिया ब्लॉक में रहने वाली कमरून निशां अपने संघर्ष व जज्बे के दम पर महिलाओं की आवाज बन चुकी है। वह एकल व प्रताड़ित महिलाओं को संगठित कर अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही हैं। वादा व नागरिक अधिकार संगठन के जरिये वह 10 हजार लोगों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हैं।

कमरून निशां का एलिया ब्लाक के अति निर्धनतम परिवार में जन्म हुआ। मदरसे में 5वीं तक शिक्षा ग्रहण की। इनका 12 वर्ष की उम्र में बाल विवाह हो गया। कम उम्र में ही एक पुत्र व एक पुत्री की मां बन गई। वहीं 22 साल की उम्र में पति के देहांत के बाद संघर्ष का दौर शुरू हो गया। ससुराली की प्रताड़ना के बाद मायके पहुंची। बच्चों के जीवन यापन के लिए बाध (रस्सी) बनाकर बेचना शुरू किया। बाजार जाने पर समाज के ठेकेदारों ने आवारा व बदचलन कहना शुरू कर दिया। इससे परेशान कमरून निशां ने बिसवां आकर अपने काम के साथ-साथ अन्य एकल और प्रताड़ित महिलाओं को नागरिक अधिकार संगठन बनाकर संगठित व जागरूक करने का काम शुरू किया। इस काम को करते हुए ही उन्होंने हिंदी पढ़ना और लिखना सिखा। आज वह किताबें और अखबार भी पढ़ लेती हैं। वहीं उन्होंने 2009 में वादा फाउंडेशन के गठन कर तहसील बिसवां के तीनों ब्लाक सकरन, रेउसा और बिसवां तक संगठन का विस्तार किया।

कमरून निशां। अमृत विचार

करीब दो हजार महिलाओं को उनके अधिकारों, कानून और योजनाओं के प्रति जागरूक किया। डेढ़ हजार महिलाओं का मनरेगा में जाबकार्ड बनवाया। वहीं 40 महिलाओं को इंदिरा आवास दिलवाने के लिए भरपूर सहयोग किया। कमरुन निशां महिलाओं को संगठित करने और जागरूक करने में लगी हुई हैं। उनका सपना महिलाओं को अबला से सबला बनाने का है। वह कभी-कभी अपनी पुरानी यादों में खो जाती हैं, तो अपने ऊपर हुए अत्याचारों को याद कर उनकी आंखों में आंसू भर जाते हैं। यही आंसू उनको और आगे बढ़ने का हौसला देते हैं। क्योंकि उनका सोचना है। कि जो मेरे साथ हुआ वह किसी और महिला के साथ न हो। यही नहीं उन्होंने कोरोना काल मे उन्होंने कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता अभियान गांव गांव चलाया और जरूरतमंदों को राशन, सेनेटाइजर्स, मास्क आदि का बड़े पैमाने पर वितरण किया। मौजूदा दौर में कमरून निशा अंसारी नागरिक अधिकार संगठन और वादा फाउंडेशन के माध्यम से सीतापुर जनपद के बिसवां तहसील के तीनों ब्लॉक के दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और बच्चों के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण के लिए कार्य कर रही हैं। तीनों ब्लॉक के दस हजार से अधिक लोग उनसे प्रत्यक्ष तौर पर जुड़े हुए हैं। वे गांव, जिला, प्रदेश और देश स्तर पर महिलाओं की आवाज को बुलंद करने का काम कर रही हैं।

महिला हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या व बाल विवाह रोकने के लिए चलाया अभियान

हमसफर संस्था के साथ मिलकर महिला हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह को रोकने के लिए स्कूल से लेकर गांव, ब्लॉक, तहसील, जिला और प्रदेश स्तर का वृहद अभियान चलाया। कमरून निशा ने 20 महिला हिंसा के मामले में सीधा हस्तक्षेप कर आरोपियों को जेल भिजवाया। उन्होंने महिला हिंसा, बाल विवाह एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराध रोकने के लिए करीब दस हजार महिला पुरुषों को जागरूक किया।

बाइकसवार शोहदों ने छात्रा से की छेड़छाड़

तम्बौर। विद्यालय से घर लौट रही छात्रा के साथ सरेराह छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना तम्बौर इलाके के गोविंदापर गांव की रहने वाली छात्रा दोपहर के करीब इलाके के विद्यालय से पैदल ही घर वापस लौट रही थी। तभी सरेराह बाइक सवार शोहदों ने इसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग इगठ्ठा हुए तो शोहदे भाग खड़े हुए। पीड़िता ने घर जाकर आपबीती सुनाई। इस बाबत पीड़िता के भाई ने तम्बौर थाने में दोनो के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

15.95 करोड़ रुपये से संवरेगी तपोस्थली

स्वदेश दर्शन योजना में नैमिषारण्य का चयन, जल्द शुरू होगी नैमिषारण्य से हेलिकाप्टर की सुविधा

सीतापुर, अमृत विचार। केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना-2.0 में प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल जनपद के नैमिषारण्य और प्रयागराज का चयन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां लगभग 29 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने गुरुवार को वर्चुअल रूप से नैमिषारण्य की लगभग 15.95 करोड़ की योजना और प्रयागराज की लगभग 13.02 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण नैमिषारण्य स्थित पर्यटन मीटिंग हाल में किया गया।

प्रधानमंत्री ने श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर से एक केन्द्रीकृत वर्चुअल समारोह के माध्यम से उप्र में पर्यटन की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री नैमिषारण्य में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य में वैदिक वेलनेस एक्सपीरियन्स योजना के अन्तर्गत गोमती नदी में जेट्टी एवं बोट्स, ध्वनि एवं प्रकाश शो समेत अन्य कार्यों के लिए लगभग 15.95 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ और भगवान शिव के त्रिशूल पर बसी काशी है। गोरखपुर में जहां बाबा गोरखनाथ धाम है, तपोस्थली नैमिषारण्य तीर्थ स्थल है, विंध्यवासिनी धाम जैसे अनेक धार्मिक और आध्यात्मिक स्थल हैं। आज डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश में पर्यटन बहुत ही तीव्र गति से विकास कर रहा है। आज उत्तर प्रदेश हिंदुस्तान का ग्रोथ इंजन बनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन स्थलों के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। नैमिषारण्य के नियोजित विकास हेतु नैमिष तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है। नैमिषारण्य के सम्पूर्ण विकास में धन की कोई कमी आने नहीं दी जाएगी। नैमिषारण्य भव्य, दिव्य और अलौकिक बनेगा। उन्होंने कहा कि बेहतरीन कनेक्टिविटी के लिए नैमिषारण्य से लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, चित्रकूट आदि स्थलों के लिए हेलीकॉप्टर की सुविधा शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत नवीन स्वीकृत योजनाओं को प्रधानमंत्री द्वारा लांच किए जाने के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सजीव प्रसारण देखते पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, एमएलसी पवन सिंह, सांसद अशोक रावत व विधायक रामकृष्ण भार्गव और दीप प्रज्जवलित करते पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, एमएलसी, विधायक, डीएम व अन्य (दाएं)। अमृत विचार

वैदिक ट्रेल की माध्यम से पर्यटकों को दी जाएगी जानकारी

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये बताया कि वैदिक ट्रेल की माध्यम से पौराणिक एवं ऐतिहासिक जानकारियों को पर्यटकों तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य कार्यों के माध्यम से भी पर्यटकों तक हमारी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति की जानकारी भी उपलब्ध करायी जाएगी। सांसद मिश्रिख अशोक रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाए जाने का संकल्प लिया गया है, जिसके अंतर्गत नैमिषारण्य क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने कहा कि नैमिषारण्य क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होने से बेहतर पर्यटन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि 88 हजार ऋषियों की यह तपस्थली विश्व कल्याण का प्रमुख साधन बने, इसके लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। विधायक मिश्रिख राम कृष्ण भार्गव ने कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सम्मिलित प्रयासों से नैमिषारण्य क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। कार्यक्रम के दौरान पर्यटन विभाग के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, संतगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

सच्चे साथी की तरह एक दूसरे का साथ देने की ली शपथ

महिला दिवस पखवाड़े में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्र के गुलरीपुरवा गांव में स्टडी हॉल एजुकेशनल फाऊंडेशन द्वारा महिला दिवस पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। ये पखवाड़ा विभिन्न गांवों में महिलाओं को जागरूक करने के लिए लगातार बृहस्पतिवार से आगामी 20 मार्च तक चलेगा। इस पखवाड़े का उद्देश्य महिलाओं को अपने हक और आधिकारों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम की शुभारंभ ग्राम प्रधान अनीता के संबोधन से किया गया, जिसमें आरोहिणी की प्रोग्राम मैनेजर प्रियंका ने सभी को महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में पहली बार महिला चैपाल का आयोजन किया गया है। जिसमें एक गांव से निकलकर महिलाओं ने दूसरे गांव में जाकर लघु नाटिका के माध्यम से अन्य महिलाओं को जागरूक किया है। साथ ही एक दूसरे के रिबन बांध कर शपथ लेकर एकदूसरे से वादा किया कि दूसरो के सम्मान से पहले हम खुद का सम्मान करेंगे और सच्चे साथी की तरह एक दूसरे का साथ देंगे। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने मिलकर हम झूमेंगे गायेंगे अपना दिन मनाएंगे गीत को गाया। इस कार्यक्रम में स्टडी हॉल से प्रियंका, अंकिता, अनुप्रास, जुबैदा, साइमा, फुल जहां, राहुल, प्रधान अनीता देवी, आंगनबाड़ी राजेश्वरी और सभी महिला शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

हंगामा करने वाले संचालकों के अस्पताल सीज

अवैध अस्पताल को सीज करती स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। कस्बे में अवैध रूप से संचालित दो निजी अस्पतालों को बृहस्पतिवार को सीज किया गया। यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग और तहसील प्रशासन सहित पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की। मालूम हो कि तीन दिन पूर्व एसडीएम के निर्देश पर जांच में गड़बड़ी मिलने वाले निजी अस्पतालों को सीज करने गई स्वास्थ्य विभाग की टीम को दो अस्पतालों से शर्मिंदा होकर बैरंग लौटना पड़ा था। वजह थी, अस्पताल संचालकों की स्वास्थ्य विभाग से बदसलूकी। दरअसल तीन दिन पूर्व कस्बा स्थित दो निजी अवैध अस्पतालों पर सीज की कार्रवाई करने गई स्वास्थ्य टीम से दोनों अस्पताल संचालकों ने भीड़ एकत्र कर हंगामा काटते हुए सरकारी काम में बाधा उत्पन्न की थी और अस्पताल को सीज नहीं होने दिया था। जिसके बाद महमूदाबाद सीएचसी अधीक्षक ने इस प्रकरण में दूसरे दिन दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की बात कही थी। हालांकि स्वास्थ्य महकमे ने दो निजी अस्पतालों व एक पैथोलॉजी सेंटर को सीज करने की कार्यवाही भी की थी। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को तहसील प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम में पुलिस फोर्स के जीवक नर्सिंग होम और लखनऊ हॉस्पिटल पहुंची और सीज करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया। हालांकि इन दोनों अस्पतालों पर सीज की कार्रवाई तो हुई, मगर इन दो अस्पताल संचालकों पर सरकारी काम में बाधा पहुंचने का कोई भी मामला संयुक्त टीम द्वारा नहीं दर्ज कराया गया। इस कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार दीक्षा शुक्ला, कानूनगो इमरान अहमद, सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा, कस्बा इंचार्ज जितेंद्र बहादुर सिंह, सहित भरी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। इस संबंध में जब सीएससी अधीक्षक आशीष सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि भीड़ इकट्ठा कर बवाल करने वाले दोनों निजी अवैध अस्पतालों को सील किया गया है। आगे भी सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।

गांव के मोड़ से गिरफ्तार किया गया जिला बदर

झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जनपद की सीमा से छः माह के लिये निष्कासित किये गये थाना कोतवाली देहात के गांव गंगापुर कालिका बक्श निवासी जिला बदर अभियुक्त नरेश उर्फ रामनरेश को गांव के मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया कि अभियुक्त का गुंडा एक्ट अधिनियम के तहत जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है।

दो सपा नेताओं व साली ने आजम से की मुलाकात

सीतापुर, अमृत विचार। जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से गुरुवार को जेल में दो सपा नेताओं सहित आजम की हरदोई से आई साली ने भी जेल में मुलाकात की।

आजम खां रामपुर जेल से 22 अक्टूबर को सीतापुर जेल में शिफ्ट किये गये थे। एमपी-एमएलए कोर्ट से आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 साल की सजा सुनाई गई थी। आजम से जेल में मुलाकातों में अब विराम लग चुका है। गुरुवार की सुबह रामपुर से आये दो सपा नेता मकसूद अली और अजय कुमार सहित हरदोई जनपद से आई आजम की साली ने जेल पहुंचकर ऑनलाइन पंजीकरण कराया। उसके उपरांत दोपहर 12 बजे तीनों को मोहर लगाकर जेल में प्रवेश दिया गया। जेल में डेढ़ घण्टे से अधिक समय तक मुलाकात का दौर चला। जेल सूत्रों की मानें तो इस दौरान आजम से जेल से बाहर लोकसभा चुनाव की राजनीतिक हलचल पर भी रामपुर से आये सपा नेताओं से चर्चा की। आजम से इस दौरान हरदोई से आई साली से जेल में बंद अपने बेटे अब्दुल्ला आजम का हाल जाना। मुलाकात के बाद बाहर आये सपा नेताओं और साली ने मीडिया से बचते हुए गाड़ी में बैठकर वापस रवाना हो गये।

तीन माह से अधिक समय से बंद है आजम

रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा सुनाये जाने के बाद आजम व उनकी पत्नी तंजीम फातिमा सहित बेटे अब्दुल्ला कप रामपुर जेल शिफ्ट कर दिया। सुरक्षा कारणों के बाद सीतापुर जेल में 22 अक्टूबर की सुबह रामपुर से आजम को शिफ्ट कर दिया गया। इसके साथ ही अब्दुल्ला को हरदोई और पत्नी तंजीम को रामपुर जेल में रखा गया है। सीतापुर जेल में आजम करीब तीन माह से अधिक समय से जेल में रहकर सजा काट रहे है।

फिटनेस प्रशिक्षण कार्यक्रमों से बढ़ती है क्षमता

सिधौली। फिटनेस प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग से विद्यार्थियों की शारीरिक और मानसिक क्षमता बढ़ती है तथा शारीरिक विकास भी होता है। यह बात राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोंदलामऊ, सीतापुर में गुरूवार को आयोजित फिटनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम 'हम फिट तो इण्डिया हिट' के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए संस्थान की प्राचार्या सुश्री बबिता राज ने कही।

मुख्य प्रशिक्षक परमानन्द गौर, जो कि बरेली मण्डल से आये थे, ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक संचालित करवाया। गौरतलब है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोंदलामऊ में पिछले कुछ दिनों में प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व विकास और विषयगत कुशलता बढ़ाने के लिए टाटा टेक्नालाजी लैब स्थापित की गई है, नई प्रशिक्षण बिल्डिंग का निर्माण करवाया गया है तथा स्मार्ट क्लास शुरू किए गए हैं। इस अवसर पर सचिन सिंह यादव, राकेश श्रीवास्तव, ऋषभ आदि मौजूद रहे।

एक ही चिता पर जले मां और तीनों बच्चों के शव, पिता ने दी मुखाग्नि

फॉलोअप

- बुधवार को पति से झगड़े के बाद मां ने तीन बच्चों संग खाया था जहर

सीतापुर, अमृत विचार। मानपुर थाना इलाके में बुधवार की सुबह मां सहित तीन बच्चों की मौत के बाद गुरुवार की शाम एक ही चिंता पर चारों के शव को मुखग्नि दी गईं। पिता ने तीनों बच्चों और पत्नी को एक साथ एक ही चिता पर लिटाकर पुलिस अभिरक्षा में नम आंखों से अंतिम विदाई देकर मुखाग्नि दी। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर वापस थाने चली गई।

ग्राम अहमदपुर निवासिनी महिला राजकुमारी ने बुधवार की सुबह पति सजीवन से झगड़े के बाद अपने तीन बच्चों के साथ जहर खा लिया। बताया जाता है कि मां ने शर्बत में विषाक्त पदार्थ मिलाकर बच्चो कप बिस्किट के साथ डूबा डुबाकर खिलाया और स्वयं भी उस शर्बत को पी लिया। हालत बिगड़ने पर स्वयं ही महिला ने पति को फोन कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पति सजीवन ने पुलिस को सूचना देकर सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने तीनों बच्चो समेत मां को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में मां राजकुमारी और उसके तीन बच्चे संध्या (8) वर्ष, नेहा (5) वर्ष और बेटा सुमित (3) वर्ष शामिल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर महिला के पति और देवर को हिरासत में लेकर 24 घण्टे से अधिक समय तक पूछताछ की। गुरुवार को मुखाग्नि के बाद पुलिस ने पति को परिजनों की सुपुर्दगी में देकर तफ्तीश शुरू कर दी है।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद परिजन व सैकड़ों ग्रामीण। अमृत विचार

> प्रथम दृष्ट्या मामला आपसी विवाद का निकलकर सामने आया है। दोनों के फोन कब्जे में लिए गए है। कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर तफ्तीश की जाएगी। पुलिस की निगरानी में शवों का अंतिम संस्कार करा दिया गया है। पूछताछ के बाद पति और देवर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।
>
> **-दिलीप चौबे, प्रभारी निरीक्षक मानपुर**

संबोधन तालगांव स्थित केपी सिंह मेमोरियल क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

सुपर फ्लॉप साबित होगा विभिन्न दलों का गठबंधन : पाठक

संवाददाता, तालगांव, सीतापुर

- डिप्टी सीएम बोले - हिंदुस्तान का प्रत्येक व्यक्ति प्रधानमंत्री मोदी का परिवार
- कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद राजेश वर्मा ने की

अमृत विचार। प्रत्येक नागरिक को मुफ्त इलाज मिल सके, अच्छी चिकित्सा सुविधा मिल सके। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आयुष्मान बीमा योजना के अंतर्गत प्रत्येक कार्ड धारक को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज करने का कार्य किया है। उक्त विचार उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने तालगांव क्षेत्र के पारा सरायं में स्थित केपी सिंह मेमोरियल क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के उद्घाटन के मौके पर व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में विभिन्न दलों से बना गठबंधन फिल्म की तरह सुपर फ्लाप साबित होगा। देश को विकसित करने और विश्व गुरू बनाने के लिए एक बार फिर मोदी को पीएम के रूप में देखने का आतुर है। उन्होंने कहा कि इस बार एनडीए 400 पार होगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का प्रत्येक व्यक्ति पीएम मोदी का परिवार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद राजेश वर्मा ने की। उन्होंने बताया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार आम जनमानस के लिए हर सुख सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है चाहे इलाज हो चाहे आवास हो चाहे नए-नए उद्योग लगाने का कार्य हो। इसी दौरान केपी सिंह मेमोरियल क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, एमएलसी पवन सिंह चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी, वीरेंद्र पुरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जनता को संबोधित करते डिप्टी सीएम व मंच पर मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी। अमृत विचार

291 जोड़ों ने एक दूजे का थामा हाथ

तालगांव, अमृत विचार। विकासखंड परसेंडी क्षेत्र के गन्ना उत्पादक औद्योगिक हायर सेकेंडरी स्कूल परसेंडी के मैदान में एक विशाल पंडाल लगाकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में लगे जिम्मेदारों की लापरवाही से शादी में आए जोड़ों को दर-दर भटकना पड़ा। कार्यक्रम में 291 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए।

सामूहिक विवाह में ऐलिया 47, परसेंडी 46, कसमंडा 48, गोंदलामऊ 31, मछरेहटा 35, मिश्रिख 41, पिसावा दो, रामपुर मथुरा एक, पहला चार, सिधौली 30, नगर निकाय सीतापुर दो, नगर निकाय खैराबाद दो, नगर निकाय मिश्रिख-नीमसार दो, कुल 291 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। 315 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन कराया गया था जिसमें मात्र 291 जोड़े ही उपस्थित हुए, 24 जोड़े पंजीकरण के बाद भी अनुपस्थित रहे, जिसमें परसेंडी के 8 जोड़े अनुपस्थित रहे। चार मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलाना रफीउद्दीन ने कराया। वहीं हिंदू धर्मावलंबियों का शुभ विवाह गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज हरिद्वार के मिश्रीलाल मौर्य ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख परसेंडी राजेंद्र राजवंशी, जिला पंचायत सदस्य इंद्रपाल चौधरी, राजेश कुमार प्रधानाचार्य व अन्य उपस्थित थे।

वधू के गले में जयमाला डालता वर। अमृत विचार

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत्॥

कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए। कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है।

संपादकीय

विकसित जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं और किसानों के सशक्तिकरण से निकलेगा। भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के नेतृत्व से विकसित जम्मू-कश्मीर का रास्ता निकलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में रैली के दौरान 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा रही। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लिए लोगों को गुमराह कर रहे थे। अब युवा प्रतिभाओं का पूरा सम्मान हो रहा है और उन्हें विकास के लिए नए अवसर मिल रहे हैं। इस बीच सरकार जम्मू-कश्मीर को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करने में लगी रही है जिसे वह आतंकवाद और भ्रष्टाचार से शांति और स्थिरता की ओर ले आई है। रैली के दौरान जो विकास परियोजनाएं समर्पित की गईं, उनसे कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यटक उद्योग को गति मिलेगी। जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। रोजगार सृजन होगा जिससे जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों को लाभ होगा। उधर लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा की संभावना को लेकर विपक्षी दलों के बीच नए सिरे से राजनीतिक दिलचस्पी पैदा हो गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हर मुद्दे को चुनावी कैनवास के केंद्र में ले आते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने श्रीनगर रैली के दौरान चुनाव के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया। परंतु उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा शिकार रहा है। वे राजनीतिक लाभ के लिए पीड़ित होने का उपयोग बेहतर तरीके से कर जाते हैं। यह सच है कि विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री मोदी के कद की बराबरी कर सके। कहा जा सकता है यह रैली भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी।

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्य

डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे।

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर दुनिया भर के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, कामकाजी महिलाओं के प्रति भेदभाव, यौन हिंसा एवं प्रताड़ना जैसी विषम परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उनकी पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयां को दूर करने के लिए नियम और कानून हैं। उनके बावजूद विश्व की बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण का शिकार बनती रही हैं। इस अवसर के लिए विशेष निर्धारित थीम के अनुरूप दुनिया भर में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के विषय में उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे। जिससे उनकी भावी उत्पादकता और डिजिटल संबंधी क्षमता को विकसित करने में सहायता मिलेगी। भारत में किशोरवय के विकास के संबंध में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मूल्यों और सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान है। ये नीतियां विभिन्न मंत्रालयों जैसे की शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा विकसित की जाती हैं।

किशोरवय वर्ग के संदर्भ में प्रमुख नीतियों में सम्मिलित हैं : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, राष्ट्रीय युवा नीति 2003 और 2014, तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014। इनमें प्रत्येक नीति का उद्देश्य एक दूसरे से जुड़ा और विशिष्ट है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहीं-न-कहीं किशोरवय से जुड़े पहलुओं से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्यः वर्ष 2019-21 के दौरान संपन्न पांचवें 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुसार 10 से 19 वर्षीय भारतीय किशोरवय पांच लड़कियों में तीन लड़कियां एनीमिया से पीड़ित हैं जब कि ऐसे लड़कों की संख्या लगभग 28 प्रतिशत है। यह किशोरवय लड़कियों के दीर्घकालिक गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से प्रभावित होने की एक विशेष स्वास्थ्य चुनौती है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास में बाधक हो सकती है।

लौह की कमी से उत्पन्न एनीमिया व्यक्तियों और संपूर्ण आबादी की कार्य क्षमता घटा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस स्थिति से उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट राष्ट्र की विकास में बाधक होता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन में वर्ष 2002 में संपन्न एक अध्ययन पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एनीमिया के कारण कठोर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों की उत्पादक क्षमता में लगभग 17 प्रतिशत और मध्यम श्रेणी के कार्यों से जुड़े व्यक्तियों में 5 प्रतिशत की गिरावट पाई गई। 15 से 19 वर्षीय प्रति 1000 महिलाओं में प्रजनन क्षमता दर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' (2015-16) में 51 से घटकर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' (2019-21) में 43 पाई गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 15 से 19 वर्षीय आयु वर्ग की लगभग 6.8 प्रतिशत किशोरवय लड़कियों पर मातृत्व भार पड़ गया था।

'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' के अनुसार इस इस आयु वर्ग में पोषण में कमी के कारण बौनापन और शरीर भार कम होने की व्यापकता है। स्कूल जाने वाली लगभग 42 प्रतिशत लड़कियों का शरीर भार कम पाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार, झारखंड, गुजरात में देखी गई इस स्थिति से पोषण में क्षेत्रीय असमानता का संकेत मिलता है। भारत सरकार के 'नवीन पोषण अभियान 2.0' के अंतर्गत किशोरवय लड़कियों को पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषक तत्वों का संपूर्ण प्रदान किया जा रहा है। बढ़ती आयु की लड़कियों के लिए मासिक धर्म (मेंस्ट्रूअल साइकिल) के दौरान स्वच्छता उत्पादों के प्रयोग में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान इन स्वच्छता उत्पादों का प्रयोग 58 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 78 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, देश की सभी किशोरवय लड़कियों के लिए व्यापक रूप से स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और इससे जुड़ी जागरूकता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। लड़कियों में मानसिक विकारों से जुड़ी आधी समस्याओं की शुरुआत 14 वर्ष की आयु में हो जाती है। पन्द्रह से 19 वर्षीय लड़कियों में मृत्यु का प्रमुख कारण स्वयं को क्षति पहुंचाना अथवा जीवन स्वयं समाप्त करना होता है। भारत के 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16' के अंतर्गत 13 से 17 वर्षीय युवा लड़कियों में मानसिक विकारों की व्यापकता लगभग 7.3 प्रतिशत पाई गई थी। लड़कों की तुलना में लड़कियों में तनाव से संबंधित विकारों की व्यापकता अधिक थी। भारत में युवा लड़कियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर यूनिसेफ की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीनएजर्स में अवसाद और व्यग्रता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लड़कियों की किशोरावस्था में प्राथमिक से सेकेंडरी शिक्षा तथा शिक्षा से कार्य पर जाने जैसी स्थितियां बदलती हैं। उनकी शिक्षा के अवसर में कोताही उनके भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में महिलाओं की संख्या लगभग 37 प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है। लड़कियों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक कारण हो सकता है, वहीं पर्याप्त ज्ञान, दक्षता और शिक्षा में कमी जैसी स्थितियां दक्ष महिलाओं की संख्या बढ़ने में बाधक हैं। स्कूल छोड़ने वाली किशोरवय लड़कियों की संख्या अभी भी बहुत है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत की किशोरवय लड़कियों का अध्ययन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में लड़कियों की फीस कम होने के कारण कहीं-न-कहीं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत देश में मातृ, शिशु एवं किशोरवय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसूति सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'लक्ष्य' योजना, मातृ एवं शिशु ट्रैकिंग प्रणाली, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों को लौह एवं फोलिक एसिड का संपूर्ण, बच्चों को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण (इम्यूनाइजेशन) कार्यक्रम, संपूर्ण टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थानगत शिशु जन्म, पोषण, प्रतिरक्षीकरण, आदि पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा एवं संचार, आदि जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

किशोरावस्था की लड़कियों को मानसिक विकारों से बचाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और परामर्श देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रभावी पहुंच के प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता है।

देश की प्रगति नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत सरकार की वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता फैलाना प्रासंगिक है।

प्रसंगवश

कुछ अनुसुने किस्से कहानी

मिलेवा मिरका



सोफिया

बीसवीं सदी में जब लड़कों के स्कूल में एक लड़की ने साइंस स्कूल में प्रवेश लिया। बेहतरीन दिमाग इतना शानदार कि सदी का सबसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी उससे प्रभावित और आकर्षित हो गया। विवाह हुआ और आज हम उस जीनियस लड़की का नाम भी शायद ही कहीं सुनते हो। मैं बात कर रही हूं आइंस्टीन की पत्नी मिलेवा मिरका की जो खुद उसी स्तर की वैज्ञानिक थी जिस स्तर के आइंस्टीन खुद थे। उसका मानसिक स्तर ही आइंस्टीन को उसके पास खींच कर ले गया था। मिलेवा न अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को प्रमाणित कर पाई ,न ही अपने शैक्षिक सामर्थ्य को। और घरेलू मोर्चे पर तो वह थी ही असफल। वह एक अवैतनिक कर्मचारी बन गई जिसे आइंस्टीन नौकरी से निकाल नहीं सकते थे पर बतौर पत्नी उसका कोई स्थान नहीं था।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

अगला किस्सा जर्मन मूल की स्वीडिश वैज्ञानिक मेंटनर का है जिनका कई बार नोबल के लिए नॉमिनेशन हुआ पर अपने देश स्वीडन जिसके लिए उन्होंने काम किया, उस देश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी।

प्रसिद्ध लेखक जिनके नाम से कोई भी साहित्य प्रेमी अछूता नही होगा लियो टॉलस्टाय की पत्नी सोफिया का है , जो खुद एक रशियन राजकुमारी थी। लियो के तेरह बच्चों की मां थी। जो खुद भी एक इंटेलेक्चुअल थी । जिसकी डायरी ने ही उसे पहचान दे दी। पर उसकी व्यक्तिगत क्षमता केवल टॉलस्टाय के उपन्यासों की पांडुलिपियां बनाने में खर्च हो गई।

ये सभी किस्से पाश्चात्य देशों के हैं, जहां से फेमिनिज्म का बीज पड़ा। हर किस्से की एक ही त्रासदी है ; स्त्री की क्षमता को पेटेंट करा लेना। उसे उसके हक की इज्जत न मिल पाना। उसकी क्षमताएं व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक हो गई और पहचान शून्य। केवल पश्चिम ही नही भारत आदि एशियाई देशों में हाल और बदतर है। विविध कार्य क्षेत्रों में उपेक्षित नारी प्रजाति को आज भी अपने आत्मोत्थान के लिए बहुत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

ये स्त्रियां जो आज गिनवा रही हूं, ये सभी अपने क्षेत्र की हस्तियां हो सकती थी, ऐसी ही लाखों स्त्रियां जो अपनी पहचान के लिए भटकती रही और खप गईं। इन्हीं स्त्रियों का संयुक्त प्रयास फेमिनिज्म की चौथी लहर तक पहुंच गया। शायद ये उकसावा ही महिला दिवस मनाने को प्रेरित कर देता है।

भारतीय समाज में फेमिनिज्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को कम मिलता है। हमारा सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा स्त्री का मूल स्वरूप देवी का बना देता है। ये देवी बनना ही एक फंदा है जहां से भारतीय नारी को निकलने में समय लगेगा। अतः नारी दिवस पर गोलगप्पे की पार्टी से ही भारतीय नारी अभी खुश है ।

स्त्री, स्त्रीवाद और स्त्री-सशक्तिकरण



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है।

ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी गार्गी के लगातार सवाल करने पर गुस्से से कहा था, 'ज्यादा पूछा तो तुम्हारा मस्तक फट जाएगा।' प्राचीन युगों की तरह वर्तमान युग में भी स्त्रियां ज्यादा सवाल करने से रोकी जाती हैं। उनके साहस की हद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बांध दी जाती है। आमतौर पर वे राष्ट्र में वीरांगना, समाज में धर्म-संस्कृति की मशाल और बाजार में कभी 'कमोडिटी-कभी कंज्यूमर' सब एक साथ हैं। क्या उनके सवालों की हद का निर्धारण स्त्री विमर्श को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है?

भारत में स्त्रीवाद पश्चिम के गोरे स्त्रीवाद की कार्बन कॉपी है। वह स्त्री-पुरुष असमानता के कुछ रूपों को अनावृत्त करने के बावजूद आम भारतीय स्त्रियों से संवाद करने में सक्षम न हो सका। एलीट मध्यवर्गीय स्त्रियों तक सीमित बौद्धिक संवाद स्त्रीवाद की पहली सीमा है। दूसरी सीमा है, उसकी उग्रता ने देश के दूसरे वंचित समुदायों और विमर्शों से उसका अंतर्संपर्क विकसित होने नहीं दिया, जैसा कि पश्चिमी देशों में चौथी लहर के स्त्रीवाद ने किया। तीसरी सीमा है, स्त्रीवाद की दृष्टि स्त्रियों पर होने वाले अदृश्य अत्याचारों की ओर नहीं गई। इसने पुरुष सत्ता के विस्तृत रूपों और अत्याचारों पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह स्त्री विमर्श शैक्षिक-व्यापारिक क्षेत्र में लोकप्रियता के बावजूद वैचारिक स्तर पर एक छोटी बाउंडरी में रह गया।

भारत में स्त्रीवाद मुख्यतः सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व या एलीट महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बन गया है। उस पर अंततः स्त्री की धार्मिक मातृ छवि भारी पड़ गई। इसके तहत स्त्रियों का ध्यान पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था से हटा कर 'भिन्नता' की धारणाओं की ओर आसानी से मोड़ दिया गया। ये बातें बार-बार दुहराई जाती हैं- 'गरीबों की उन्नति करनी है', 'स्त्रियों की उन्नति करनी है'। लेकिन गरीबों और स्त्रियों की उन्नति में लगे व्यक्तित्व कभी समझ नहीं पाए कि 'गरीब स्त्रियों' की उन्नति एक अलग मामला है!

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। इस देश में स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है। वह परिवार ही नहीं, जाति, जनजाति और कई बार 'राष्ट्र' के लिए भी 'प्रतिष्ठा चिह्न' बना दी जाती है। उसके आज्ञा पालन की जगह जरा भी बराबरी दिखाने, सवाल करने या अधिक स्वतंत्रता लेने पर उसे 'कुलटा', 'परिवार और जाति की प्रतिष्ठा पर दाग' आदि कहकर अपमानित किया जाता है। इधर संस्कृति की दुहाई देकर भी स्त्रियों को जड़ हो चुके पुराने विश्वासों और रीतियों की ओर लौटाने की कोशिश हो रही है। एक बागेश्वरी बाबा हैं, वे कुआंरी लड़कियों को 'खाली प्लॉट' कहते हैं और स्त्रियां चुपचाप सुनती हैं। स्त्रियों का एक अपना आत्मसम्मान है, आधुनिक गरिमा है और उनमें खुद निर्णय लेने की क्षमता है, अब इन चीजों की जम कर उपेक्षा होने लगी है। ऐसी विडंबनाएं भी हैं कि किसी स्त्री की डाइन छवि निर्मित करने और उसे सजा देने के पुरुषसत्तात्मक सुख में कई बार खुद स्त्रियां शामिल रहती हैं। मीडिया स्त्रियों से मनोरंजन करने के लिए किसी स्त्री की 'डाइन-छवि' बनाता है तो किसी स्त्री की 'वीरांगना-छवि'। ये एक ही पुरुषसत्तात्मक सिक्के के दो पहलू हैं।

आम परिवारों में सामान्यतः वधू 'ग्रेजुएट और गृहकार्य में निपुण' चाहिए! कई लड़कियां जानती हैं कि वे सिर्फ इसलिए पढ़ती हैं कि उन्हें अच्छा वर मिले। दहेज एक बड़ी समस्या है। यह लज्जा की बात है कि 2021 में दहेज न देने पर सताई जा रही 6.8 हजार स्त्रियों ने आत्महत्या की। आज भी शादी से पहले प्रश्न होता है- कितना खर्च करेंगे? एक बिस्कुट कंपनी के विज्ञापन में था-वर को उपहार में ज्यादा से ज्यादा बिस्कुट दें, पैकेट में सोना मिल सकता है! दहेज सभ्य भाषा में उपहार है।

इधर एक नया यथार्थ यह है कि कई लड़कियां खुद 'डिस्टिनेशन मैरेज' की मांग करती हैं, माता-पिता की पर्याप्त क्षमता न हो, तब भी। दूसरी तरफ, आज भी लाखों लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में कर दी जाती है। गांवों-कस्बों में माना जाता है कि उनके लिए उच्च शिक्षा जरूरी नहीं है। स्त्रियां बीमार होने पर कह नहीं पातीं कि वे बीमार हैं। रोजगार करने वाली स्त्रियों की स्थिति देखें तो शहरवासी स्त्रियों में वे 21 प्रतिशत से भी कम हैं। बहुत से कामों के लिए स्त्रियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता और इनका वेतन पुरुषों की तुलना में कम होता है। इस तरह भी सोचा जाता है कि नौकरियां कम हैं। अतः इनके लिए पुरुष को ही प्रधानता मिलनी चाहिए। इसके अलावा, गरीब और वंचित स्त्रियां आवाजहीन हैं। मध्यवर्गीय स्त्रीवाद की चिंताओं के दायरे में स्त्रियों के यथार्थ का एक बड़ा संसार नहीं है।

सोशल फोरम

हुआ क्या मुझे रे तौबा

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुबहे से अपने भीतर एक गजब का परिवर्तन पा रहा हूं। मुझे हर स्त्री बेहद आकर्षक मालूम पड़ रही है। बेहद। एक भी अपवाद नहीं। क्या हो गया मुझे। इतना आनंद क्यों उमड़ रहा है। सारी स्त्रियां इतनी मोहक कैसे हो उठी हैं। क्यों खिंचा चला जा रहा हूं। किसी देवता ने मुझे कहीं सोमरस तो नहीं पिला दिया है। आह। हुआ क्या मुझे रे तौबा। झूम उठा रे मैं मस्ताना, दीवाना। जाने क्या पिलाया तूने, बड़ा मजा आया।

इसी रसदशा में फेसबुक खोला। मालूम हुआ आज महिला दिवस है। महिलाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाने का दिन। मैं उसी महिला को शक्तिशाली मानता हूं जो पुरुष को अपने अमोघ आकर्षण के बल पर घुटने टेकवा दे और हर सार्थक काम उससे करवा ले। महिला की शक्ति पुरुष-सा होने में नहीं, पूर्ण महिला होने में है। स्त्रियोचित गुण जब पूरी तरह खिल जाएं, तो पुरुष उनके सामने नतमस्तक हो जाते हैं और पुरुषोचित गुण पूर्णतः विकसित हो जाएं, तो उनके समक्ष महिलाएं झुक जाती है। ये दो गुण परस्पर भिन्न हैं। यह भिन्नता ही उनके बीच आकर्षण का कारण है। जहां इन भिन्न गुणों का मिलन होता है, वहीं प्रेम के फूल खिलते हैं। प्रेम से बड़ी कोई शक्ति नहीं। प्रेम करने की क्षमता खोना ही दुर्बल होना है।

वह दिन बहुत बुरा होगा, जब मर्द मौगा हो जाएगा और औरत मर्दानी। मर्दों के गुणों को जो अपना लेगी, वह औरत नहीं रह जाएगी और मर्द तो कभी हो ही नहीं पाएगी। मर्द के गुण हैं फौलादी शारीरिक शक्ति, शौर्य, पराक्रम, संकल्प, कठोर मेहनत करने की क्षमता इत्यादि। स्त्रियों के गुण हैं -प्रेम, करुणा, दया, समर्पण इत्यादि। प्रेम में इन दोनों प्रकार के गुणों का अनायास अंतर्मिलन होता है। इस स्थिति में पुरुषों के कुछ गुण स्त्रियों में चले जाते है और स्त्रियों के पुरुषों में। गुणों का यह प्रेमपूर्ण आदान-प्रदान दोनों की अपूर्णता को बहुत कुछ दूर कर दोनों को शक्तिशाली बनाता है। अगर दोनों साथ-साथ शक्तिशाली नहीं बनते हैं, तो अकेला शक्तिशाली होना विध्वंसक होता है। अकेले पुरुषों के शक्तिशाली होने से स्त्रियां कमजोर हुईं। उनके कमजोर होने से पुरुषों की शक्तियों का सदुपयोग संभव नहीं हुआ।

-फेसबुक वॉल से

सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं 'शिव'

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा, उत्तर प्रदेश

शिव पुराण के लेख के अनुसार सदाशिव जी ने कहा है कि जो मुझमें और कैलाशपति शिव में भेद करेगा या हम दोनों को अलग मानेगा वो नर्क में गिरेगा। या फिर शिव और विष्णु में जो भेद करेगा वो नर्क में गिरेगा। वास्तव में मुझमें, ब्रम्हा, विष्णु और कैलाशपति शिव कोई भेद नहीं हम एक ही है। परंतु सृष्टि के कार्य के लिए हम अलग अलग रूप लेते हैं। पृथ्वी पर बीते हुए इतिहास में सतयुग से कलयुग तक, एक ही मानव शरीर ऐसा है जिसके ललाट पर ज्योति है। इसी स्वरूप द्वारा जीवन व्यतीत कर परमात्मा ने मानव को वेदों का ज्ञान प्रदान किया है, जो मानव के लिए अत्यंत ही कल्याणकारी साबित हुआ है।

शिव शब्द के दो अर्थ योगी शिव और शून्यता एक तरह के पर्यायवाची हैं, पर फिर भी वे दो अलग-अलग पहलू हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति द्वंद्व से भरी है, इसलिए हम एक पहलू से दूसरे पहलू पर आते-जाते रहते हें। एक पल हम परम तत्व शिव की बात करते हैं, तो अगले ही पल हम उन योगी शिव की बात करने लगते हैं, जिन्होंने हमें योग का उपहार दिया है। शिव शब्द "वो जो नहीं है" और आदियोगी दोनों की ही ओर संकेत करता है, क्योंकि बहुत से तरीकों से ये दोनों पर्यायवाची हैं। ये जीव, जो एक योगी हैं और वो शून्यता, जो सृष्टि का मूल है, दोनों एक ही है। क्योंकि किसी को योगी कहने का मतलब है कि उसने ये अनुभव कर लिया है कि सृष्टि वो खुद ही है।

संपूर्ण ब्रम्हांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था, तब भी शिव थे। जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्र रूप दोनों के लिए विख्यात हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। जिस प्रकार इस ब्रह्मांड का ना कोई अंत है, न कोई छोर और न ही कोई शुरुआत, उसी प्रकार शिव अनादि हैं। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। पवित्र श्री देवी भागवत महापुराण में भगवान शंकर को तमोगुण बताया गया है।

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अंतर्गत रुद्र अष्टाध्याई के अनुसार सूर्य इंद्र विराट पुरुष हरे वृक्ष, अन्न, जल, वायु एवं मनुष्य के कल्याण के सभी हेतु भगवान शिव के ही स्वरूप है भगवान सूर्य के रूप में वह शिव भगवान मनुष्य के कर्मों को भली-भांति निरीक्षण कर उन्हें वैसा ही फल देते है। मनुष्य अपने अपने कर्मानुसार फल पाते हैं अर्थात स्वस्थ बुद्धि वालों को वृष्टि जल अन्य आदि भगवान शिव प्रदान करते हैं और दुर्बुद्धि वालों को व्याधि दुख एवं मृत्यु आदि का विधान भी शिवजी करते हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन शिव धर्म नाम से जाने जाते है, में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है। इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है।

पार्वती परिणय दिवस है महाशिवरात्रि

शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाले पर्व महाशिवरात्रि की पृष्ठभूमि में अनेक कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार यह पर्व शिव पार्वती परिणय दिवस है। मेरे निकट यह तिथि इस रूप में ही विशेष मान्य है। भगवान शंकर की पहली पत्नी सती जी अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में तन त्याग चुकी थीं और शिवजी अविवाहित थे। उधर तारक नामक दैत्य के अत्याचारों से देवगण और लोक त्रस्त था। देवताओं ने जब ब्रह्मा जी को समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि शिवजी का पुत्र ही इसे मार सकता है। तब देवताओं ने कामदेव को भेजकर भगवान शंकर को काम मोहित करने की चेष्टा की,ताकि उनकी रुचि नारी के लिए हो और वह विवाह करें। देवगण प्रेषित कामदेव का यह प्रयास विफल रहा। पांसा उलटा पड़ गया। भगवान शंकर ने कामदेव को ही भस्म कर दिया। अंततः देवगण ने शंकर जी से सीधे प्रार्थना की कि 'नाथ! हम लोग अपने नेत्रों से आपका विवाह देखना चाहते हैं'। शिवजी ने प्रसन्न होकर सहमति प्रकट कर दी। उधर हिमाचल की पुत्री पार्वती शिव जी को पति रूप में पाने हेतु कठिन तपस्या कर रहीं थीं। उनके प्रेम की बहुशः परीक्षा ली जा चुकी थी। अतः यह विवाह तय हो गया। सप्तर्षियों ने संयोजक का कार्य किया। भगवान शंकर की ओर से वृहस्पति और पार्वती की ओर से गर्गाचार्य ने पुरोहित का कार्य किया। वेद विहित रीति से विवाह संपन्न हो गया। यह शुभ काज इसी महाशिवरात्रि की तिथि को हुआ। यथा समय इस अलौकिक युग्म से दिव्य रीति से कार्तिकेय जी जन्में, जिन्हें स्कंद और षडानन भी कहते हैं। वे देवताओं के सेनापति बने। सेनापतियों में वे सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को 'सेनानीनामहं स्कन्दः' कहा है। यानी सेनापतियों में मैं स्कन्द हूं। उन्होंने तारकासुर का संहार किया। शिव पार्वती विवाह की यह कथा शिव महापुराण के तृतीय पार्वती खण्ड-अध्याय 46/47 में आई है।

वैसे भगवान भोलेनाथ और उनके इस पर्व की महिमा का सम्यक् वर्णन भला कौन कर सकता है? आचार्य पुष्पदंत ने 'शिव महिम्न स्तोत्र' में सही ही लिखा है कि 'यदि कज्जल गिरि को समुद्र की दवात बनाकर घोल दिया जाय और कल्पवृक्ष की डाल की लेखनी बनाकर पूरी पृथ्वी को पत्र मानकर साक्षात् सरस्वती जी शिवजी के गुणों को लिखना शुरू करें, तो भी उनके गुणों को पार पाना संभव नहीं हो सकेगा'। स्पष्ट है कि जब अलौकिक वीणावादिनी शारदा उनकी या उनके पर्वों की पूर्ण महिमा वर्णन में समर्थ नहीं है,तो फिर इस लौकिक शारदा की क्या बिसात।

कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने किया चुनाव केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

गौरीगंज, अमेठी। गौरीगंज अमेठी में भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव हेतु केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी में विशेष उत्साह दिखाई दिया। कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नंद गोपाल नंदी ने कार्यालय उद्घाटन के बाद मीडिया से रूबरू होते कहा कि हमारे पास नेतृत्व, नीति और नियत ईमानदार है, सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास यह हमारे लिए सिर्फ नारा ही नहीं बल्कि हमारा उद्देश्य है, हमारा कार्य और विकास धरातल पर दिखाई दे रहा है। बिना रुके बिना थके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल लगातार सेवा की, प्रधानमंत्री ने प्रधान सेवक के रूप में कार्य किया, उसका नतीजा है कि इस बार 400 के पार मोदी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा 500 साल पुराना संघर्ष साकार हुआ। 22 जनवरी को सनातन धर्म मानने वाले पूरे विश्व के लोग जय श्री राम का उद्घोष कर रहे थे, उन्होंने कहा मोदी सरकार ने धारा 370 हटाने का कार्य किया। उन्होंने कहा राम मंदिर का विरोध करने वाले, राम के अस्तित्व को नकारने वाले एवं राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराने वालों को इस बार देश की जनता ठुकरा देगी। उन्होंने कहा इस बार प्रचंड बहुमत से स्मृति इरानी अमेठी में चुनाव जीतेंगी, क्योंकि स्मृति इरानी ने विकास किया है, स्मृति ईरानी ने जनता की समस्याओं का समाधान किया है, उन्होंने कांग्रेस पर एवं गांधी परिवार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि अमेठी और रायबरेली को अपनी बपौती समझने वालों ने अमेठी में विकास का कोई कार्य नहीं किया था।

जिपं ने कराया 245 सड़कों का शिलान्यास

गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार। चुनावी वर्ष में जिले में सड़कों के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड और निर्माण खंड की ओर से पिछले एक महीने के भीतर तीन दर्जन से अधिक सड़कों का निर्माण शुरू कराया गया है। जिला पंचायत से 245 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। अगले सप्ताह काम शुरू कराए जायेंगे।

लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड को एक सप्ताह के भीतर ग्रामीण अंचल में 10.520 किमी. लम्बाई में सम्पर्क मार्गों के निर्माण और नवीनीकरण को शासन से पहली किश्त की धनराशि जारी की गई है। गौरीगंज में बाईपास के निर्माण के लिए 2.6191 करोड रुपये का बजट प्राप्त हुआ है। भेंटुआ विकास खंड में कडेरगांव में दो सम्पर्क मार्गों को सीसी, इंटरलॉकिंग के लिए शासन ने 61.42 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की है। निर्माण खंड की ओर से जगदीशपुर और तिलोई विधान सभाओं में 17 ग्रामीण सम्पर्क मार्गों की मरम्मत, नवीनीकरण के लिए शासन की ओर से 329.10 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। पटरी मरम्मत के लिए 8.9 लाख, पैच मरम्मत के लिए 11.16 लाख और नवीनीकरण के लिए 258.82 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। शासन ने 16.47 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुछ काम भी शुरू हो चुके हैं। जिला पंचायत अमेठी ने पिछले दो वर्षों के भीतर जिले में 152.52 किमी. लम्बाई में 63.31 करोड़ रुपए की लागत से 36 सड़कों का निर्माण पूरा कराया है।

स्मृति ने किया 206.92 करोड रुपये लागत की सड़कों का शिलान्यास

अमेठी। बुधवार को केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम में बटन दबाकर जिला पंचायत की ओर से निर्मित की जाने वाली 620.58 किमी. लम्बाई की सड़कों का शिलान्यास किया है। अधिशासी अभियन्ता इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम के दौरान ही सड़कों की सूची केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को दिखाई और सड़कों के बारे में जानकारी दी थी। 44 सडकें गौरीगंज, 66 सड़कें अमेठी, 57 सड़कें जगदीशपुर और 78 सडकें तिलोई विधानसभा की है। लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू, जिला पंचायत सदस्य और पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय आदि मौजूद थे।

उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हो निस्तारण: जिलाधिकारी

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु एवं औद्योगिक/व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम श्रम बन्धु की समीक्षा करते हुए उपस्थित उद्यमियों, व्यापारियों को श्रम विभाग में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही श्रमिकों का भी पंजीकरण कराने को कहा।

बैठक में जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को श्रमिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की श्रमिकों को जानकारी देने एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्योग विभाग के अन्तर्गत एक जनपद एक उत्पाद, मूंज क्रॉफ्ट के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न इकाइयों से प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष ऋण वितरण सहित औद्योगिक संगठनों, तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण के संबंध में समीक्षा की गई।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में समीक्षा करती डीएम व मौजूद अन्य।

जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये। बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष समीर कुरैशी द्वारा विभिन्न विभागों यथा बैंकिंग, श्रम, विद्युत, फूड आदि द्वारा स्थानीय स्तर पर कैंप लगाकर अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का प्रचार प्रसार करने, जगदीशपुर चौराहे पर स्पीड ब्रेकर, सिंबल स्ट्रिप बनवाने तथा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में स्टेक होल्डर के रूप में उद्यमियों को सदस्य के रूप में प्रतिभाग करने का सुझाव दिया गया।

बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र दिनेश कुमार चौरसिया ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र मिश्र, प्रबंध निदेशक यूपीएसआईडीसी अजय, एलडीएम गणेश यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

महिलाओं ने पूजा कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना

मुसाफिरखाना, अमेठी। हाजीगंज गांव शिव मंदिर पर चल रहे श्री राम कथा में गुरुवार को कमेटी मंडल द्वारा सामूहिक दुरदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और अवसान मैया की पूजा-अर्चना की। बोल बम कावरिया संघ के तत्वाधान में आयोजित दुरदुरिया में आसपास के गावों से सैकड़ों महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कई समूह में बंटी महिलाओं ने अवसान माई की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चन के बाद महिलाओं को अवसान माता की कथा सुनाई गयी। दुरदुरिया में शामिल महिलाओं ने पूजन-अर्चन कर देश व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर अभिषेक प्रताप सिंह, सोम सिंह, जंग बहादुर, अर्जुन, बृजलाल, रामबक्श सरोज, राणा प्रताप, रणजीत, प्रदीप आदि लोग मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमेठी। परियोजना अधिकारी डूडा विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिला लाभार्थियों को प्रशस्ति, प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से तारा एरिया लेवल समूह को प्रतीकात्मक रूप से रुपए 50 हजार रुपये का रिवाल्विंग फंड प्रमाण पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम में मिशन प्रबंधक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, सीएलटीसी योगेंद्र कुमार, सामुदायिक आयोजक शैलेंद्र कुमार पाठक सहित महिला लाभार्थी उपस्थिति रही।

महाशिवरात्रि की तैयारी, मंदिरों में रंगरोगन का काम हुआ पूरा

अमेठी। महाशिवरात्रि का पर्व आज है। ऐसे में शिव मंदिरों को सजाने व संवारने का काम पूरा हो गया है। शिव मंदिरों बाहर जहां-जहां शिवरात्रि पर मेला लगाता है और भीड़ जुटती है। वहां दुकानदार अभी से ही अपनी दुकानें सजाने में लग गए हैं।

जिले के फुरसतगंज स्थित पीढ़ी गांव में तपेश्वरनाथ धाम में शिवरात्रि पर मेले की शक्ल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। भगवान शंकर के दर्शन को आने वाले भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो। इस बात को ध्यान में रखकर मंदिर प्रबंधन तैयारी में जुटा हुआ है। अमेठी के ताला स्थित मुकुटनाथ मंदिर धाम के साथ ही जायस में स्थित शिव मंदिरों में तैयारी तेजी से चल रही है। तिलोई क्षेत्र के रामपुर पंवारा स्थित दतेहरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एक और आदम कद विशाल शिवमूर्ति का निर्माण भक्त शिवरात्रि के पूर्व कराने के लिए दिनरात जुटें हुए हैं। इसके अलावा सेमरौता के आनंदेश्वर शिव मंदिर, बाबा उजियार नाथ, राजामऊ स्थित शिव मंदिर, खेखरुवा के चहेश्वर महादेव मंदिर, जमुरवा आदि गांवों के शिव मंदिरों की रंगाई-पुताई का काम चल रहा है। जायस कोतवाली क्षेत्र के मवई आलमपुर गांव में सूरजकुंड धाम है, यहां कार्तिक पूर्णिमा को दो दिवसीय मेला भी लगता है।

युवा संसद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

सवांददाता, अमेठी

अमृत विचार। गुरुवार को नेहरू युवा केन्द्र द्वारा इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज के प्रांगण में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत सरिता सिंह और रोली सिंह ने तिलक लगाकर किया।

पुष्पगुच्छ देकर डॉ. आराधना राज ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र में युवाओं के लिए शिक्षा ही धन है, शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। अर्चना भारती प्रवक्ता संजय गांधी पॉलीटेक्निक जगदीशपुर ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। असिटेंट प्रोफेसर धनंजय सिंह ने अपने सम्बोधन में शिक्षा की नई नीतियों पर प्रकाश डाला। पर्यावरणविद् डॉ. अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि इसरो ने चन्द्र यान-3 के सफल परीक्षण द्वारा चन्द्रमा पर तिरंगा लहराकर दुनिया के खाके पर नया इतिहास रचने का कार्य किया है। डॉ. आशा गुप्ता प्रोफेसर आरआर पीजी कॉलेज ने नए भारत की कल्पना पर अपना विचार रखा।

खेलकूद प्रतियोगिता में ट्राफी के साथ मौजूद खिलाड़ी।

डॉ. केके मिश्र, डॉ. अंगद सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उपनिदेशक डॉ. आराधना राज ने सभी अतिथियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि युवाओं को नये भारत के निर्माण के लिए आगे आने की जरूरत है। मॉक पड़ोस जिला स्तरीय संसद में विकास शुक्ल ने लोकसभा अध्यक्ष, युवा अभिजीत त्रिपाठी, राहुल कुमार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्री आदि विभाग के द्वारा सत्ता पक्ष और दिलवर अली ने अपने साथियों के साथ विपक्ष की भूमिका अदा करते हुए प्रश्नों के बौछार किए।

विद्यार्थियों के लिए कॉफी उपयोगी साबित होगी स्मार्ट टीवी

महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। आधुनिक युग में शिक्षा के क्षेत्र में संचार माध्यमों का बड़ा योगदान है, जिसको विभिन्न माध्यमों से बढ़ाने का काम लगातार सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में सांसद की पहल पर बैंक ऑफ बड़ौदा व प्रोमिसिंग इंडिया सोसाइटी की ओर से उपलब्ध कराई गई स्मार्ट टीवी विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

उक्त बातें बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए सीतापुर सांसद द्वारा प्रदान की गई स्मार्ट टीवी का शुभारंभ सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में करते हुये सोसाइटी अध्यक्षा प्रेरणा सिंह ने कहीं। सांसद राजेश वर्मा ने वर्ष 2023 यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में प्रदेश टॉप करने वाली सीता इंटर कॉलेज की छात्रा प्रियांशी सोनी की उपलब्धि पर कालेज में स्मार्ट क्लास के संचालन के लिये स्मार्ट टीवी भेंट की।

स्मार्ट क्लास के शुभारंभ के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ मैनेजर आशीष सिंह, सीनियर मैनेजर मंयक सिंह, रीजनल ऑफिसर अभिषेक सिंह, मैनेजर गौरव सिंह, फॉरेस्टर अरविंद यादव राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज सहरा नानकारी के सहायक शिक्षक शैलेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी द्वारा बुके भेंट कर किया गया। कॉलेज में सांसद राजेश वर्मा द्वारा स्मार्ट क्लॉस की सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर संस्था के चेयरमैन के साथ डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष, वागीश दिनकर, उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, राकेश शुक्ल, शिव सेवक मिश्र, आशीष मौर्य सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुये बधाई दी।

खाना बनाते समय लगी आग से तीन घरों का सामान जला

रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार। थाना थानगांव इलाके में गुरुवार को चूल्हे पर खाना बनाते वक्त लगी आग से तीन भाइयों के घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। मालूम हो कि विकास क्षेत्र रेउसा थांना थानगांव की ग्राम पंचायत गवलोक कोंडर के मजरा जंगल टपरी निवासी सुशील, अवधराम, विमलेश, छोटकन्नू की झोपड़ियां, कपड़ा, जेवर, गहना, अनाज, जरूरी कागजात, नगदी समेत पीड़ितों मुताबिक तीन लाख का नुकसान की बात कही है। तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि मौके पर लेखपाल राकेश यादव से आंकलन कर रिपोर्ट भेजने की बात कहकर मौके पर पीड़ितों को जरूरी लाभ तुरंत, मकानों का प्रशासन से मंजूरी आने पर खाते में दिया जायेगा।

त्याग और परिश्रम के बल पर दूसरी बार अध्यक्ष बनें मनोज

सीतापुर। सीतापुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. के अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी निर्विरोध निर्वाचित हुये है। त्याग और परिश्रम के बल पर मनोज दूसरी बार इसी पद को सुशोभित करेंगे। गुरूवार को सामान्य सहकारी निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

चुनाव अधिकारी विजय प्रकाश एई ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा ने विधि अनुरूप निर्वाचन सम्पन्न कराया। अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी का अदना सिपाही हूँ। एक सामान्य कार्यकर्ता को पुनः अध्यक्ष बना कर शीर्ष नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित जिले के सभी जनप्रतिनिधियों ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। मनोज तिवारी ने कहा कि सेवता विधायक ज्ञान तिवारी के आशीर्वाद से शासकीय योजनाओं का लाभ क्षेत्रीय किसानो तक पहुँचाया जायेगा। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुये पार्टी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

समय से विकास कार्य शुरू न करने वाली फर्म होंगी ब्लैक लिस्टेड

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। गुरूवार को नगर पालिका परिषद सभागार में बोर्ड बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष मो. अहमद ने की। ईओ शैलेंद्र दुबे ने उपस्थित सभासदों को गत कार्रवाई पढ़कर सुनाई। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत होने वाले विकास कार्यों में अब सभासद की संतुष्टि के बाद ही ठेकेदारों को भुगतान किया जाएगा। बृहस्पतिवार को हुई इस बोर्ड बैठक में ऐसा प्रस्ताव किया गया।

इसके अलावा टेंडर लेकर समयबद्ध तरीके से विकास कार्य शुरू न करने वाली फर्मों को भी ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। सभासदों ने इस पर अपनी सहमति जताई। बोर्ड बैठक में संगत वार्ड सभासद राना राशिद कामरीन ने वार्ड की मुख्य सड़क के निर्माण का मुद्दा उठाया।

जिस पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि उस सड़क का टेंडर हो चुका है, जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। सभासदों की मांगों को ध्यान में रखते हुए पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने प्रस्ताव किया कि वार्डो के विकास कार्यों में अब सभासदों की संतुष्टि के बिना ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया जाएगा। जब सभासद लिखित में अनापत्ति प्रमाणपत्र पत्र ठेकेदारों को देंगे तभी पालिका भुगतान करेगी।

महादेव मंदिर में मूर्तियों की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार। शोभायात्रा के बाद श्री गुमानेश्वर महादेव मंदिर में मंत्रो उच्चारण द्वारा मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आज भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में स्थित लगभग 200 वर्ष पुराने प्राचीन श्री गुमानेश्वर शिव मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर से संत शिरोमणि त्यागी जी महराज के नेतृत्व में महिलाओं तथा पुरुषों ने शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा मुरलीधर मंदिर से होते हुए कस्बा से, संगत, राजा मार्केट व हनुमान मंदिर पहुंची, जहां पर राज माता सरस्वती प्रताप सिंह ने पूजन-अर्चन किया। उसके बाद मार्केट से होते हुए गुमानेश्वर मंदिर आकर समापन किया गया। श्री गुमानेश्वर मंदिर के चारों दिशाओं में स्थित मंदिरों में कार्तिकेय भगवान, सूर्य भगवान, नंदी महाराज व गणेश भगवान की मूर्ति स्थापित थी।

गुमानेश्वर मंदिर की संरक्षक राज मात सरस्वती प्रताप सिंह ने बताया कि यह मंदिर करीब 200 वर्ष पूर्व तत्कालीन राजा गुमान सिंह के द्वारा कच्छप की पीठ पर शिवलिंग की स्थापना की गई थी, यहां आने वाले सभी भक्तो की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया की यह मंदिर पूर्ण रूप से तंत्रोक विधि पर है और शिव लिंग व उसका आकार एक ही पत्थर से बनाया गया है मंदिर चारों गेट पर योगिनिया स्थापित है और मंदिर के ऊपर जो कलश स्थापित है वह भी तंत्रोक है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, राज परिवार से सत्येंद्र प्रताप सिंह, ब्रिगेडियर अवकास प्राप्त शशांक प्रताप सिंह, कमांडर शैलेश प्रताप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सवितेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, राजीतराम मिश्रा, राजू जैन, शिवबालक यादव, प्रणय जैन, हरिशंकर शुक्ला, केशवराम अवस्थी, संजय सिंह, अंकुर जैन, सोनू मिश्रा, विवेक सिंह, किशनू गुप्ता आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सचल दस्तों ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की चल रही बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन सकुशल संपन्न कराने को लेकर बनाए गए सचल दलों ने गुरुवार को क्षेत्र के कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर गहनता से जांच की। इस दौरान निरीक्षण करने आये राज्यस्तरीय सचल दल को क्षेत्र में कहीं भी कोई गड़बड़ी नहीं मिली। गुरुवार की सुबह प्रथम पाली में यूपी बोर्ड हाईस्कूल के विद्यार्थियों की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा थी। परीक्षा के दौरान राज्य स्तरीय सचल दल में शामिल उप शिक्षा निदेशक लखनऊ अजय कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ नगर के सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज, सरदार सिंह कान्वेंट इंटर कॉलेज, सीता इंटर कॉलेज सहित क्षेत्र के कई अन्य परीक्षा क्रेद्रों का औचक निरीक्षण स्थानीय सचल दल के डॉ. दिनकर द्विवेदी की टीम के साथ किया।

सार-संक्षेप

मुफ्त बिजली कार्यक्रम की शुरूआत

अमेठी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निजी नलकूप उपभोक्ता कृषकों को मुफ्त बिजली दिए जाने के संबंध में आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का शुभारंभ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ से किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जनपद के जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के सभागार में किया गया। इसी क्रम में योजनांतर्गत एक अप्रैल 2023 से उत्तर प्रदेश के किसानों को सिंचाई हेतु नलकूपों के बिजली बिल पर शत प्रतिशत छूट देने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई। इसमें जनपद के 9142 किसानों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता विद्युत ललित कृष्णा, समस्त अधिशासी अभियंता विद्युत, जनपद के किसान बन्धु व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

बाबू के भरोसे चल रहा सीडीपीओ कार्यालय

जगदीशपुर, अमेठी। सरकार के निर्देशों की धज्जिया उडाते हुए विभागीय अधिकारी कार्यालय से नदारद रहते हैं। समस्त कामकाज बैठे बाबू के भरोसे चलता रहता है जिम्मेदार आला अधिकारी बेखबर हैं। विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित जल निगम रोड पर सीडीपीओ कार्यालय स्थित है। जहां अकसर सीडीपीओ कार्यालय से नदारद रहती हैं। जिसके चलते वहां पुष्टाहार वितरण कार्यों मे धांधली की जा रही है। वहां तैनात बाबू के सहारे चल रही वितरण व्यवस्था में अव्यवस्थाओ का भंडार लगा रहता है। भुक्तभोगियो ने बताया कि पुष्टाहार व रिफाइन्ड तेल आदि सामग्री पूर्ण मात्रा में न देकर इस बार नहीं आया कहकर अपना पल्ला झाड लिया जाता है। इस संबंध मे उप जिलाधिकारी ने बताया कि जांच पड़ताल कर कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

10 को निकाली जायेगी कलश यात्रा

मुसाफिरखाना, अमेठी। दादरा स्थित पौराणिक देवी हिंगलाज धाम पर 34वें महायज्ञ महोत्सव एवं संगीतमई प्रवचन कार्यक्रम की तैयारिया जोरो पर है, युवा टीम द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर तरह के प्रयास जारी है। कार्यक्रम से जुड़े कृपाशंकर सिंह ने बताया कि आगामी 10 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ मां हिंगलाज के मंदिर परिसर से प्रस्थान करेगी और बाबा पुरूषोत्तम दास मंदिर होते हुए गोमती नदी स्थित भद्वौर घाट तक पहुंचेगी और वहां से माता रानी के भक्त कलश को भरकर माता के दरबार में वापस लौटेंगे। 11 मार्च से संगीतमयी प्रवचन कथा प्रारंभ होगी। 14 मार्च को विशाल दुखदुरिया कार्यकम एवं 18 मार्च को हवन व पूर्णाहुति का आयोजन होगा। 20 मार्च को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इसमें सभी क्षेत्रवासियो के जनसहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

एसडीएम व थानाध्यक्ष के नेतृत्व में किया फ्लैग मार्च

बाजार शुकुल ,अमेठी। आगामी त्योहार और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर केंद्रीय शस्त्र व सीआईएसएफ के जवानों व स्थानीय थाने की पुलिस एसडीएम दिग्विजय सिंह व थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। मार्च की मंशा नागरिकों में सुरक्षा और अपराधियों में खाकी का दहशत पैदा करना था। थाना से निकलकर थाना क्षेत्र के कस्बा अंबेडकर तिराहा, जैनमगंज किशनी सत्थिन सहित विभिन्न मार्गों से गुजरा। थाना अध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि त्योहार और चुनाव को लेकर मार्च निकाला गया। मार्च से संदेश दिया गया है कि पुलिस पूरी तरह तैयार है। नागरिक सौहार्द के माहौल में पर्व मनाएं। इसी तरह चुनाव भी शांति के माहौल में संपन्न कराया जाएगा। मार्च में उप निरीक्षक उदय पांडे वीरेंद्र पांडे राम जी सिंह प्रेम चंद्र गौतम समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

मनीष त्रिपाठी को मिली बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री की उपाधि

शुकुल बाजार, अमेठी। विकासखंड शुकुल बाजार के अंतर्गत ग्राम सूर्य नगर निवासी मनोज कुमार त्रिपाठी के पुत्र मनीष कुमार त्रिपाठी को सुशांत विश्वविद्यालय गुरुग्राम हरियाणा द्वारा दीक्षांत समारोह में बैचलर ऑफ साइंस इन ऑप्टोमेट्री (नेत्र विज्ञान) की उपाधि प्रदान की गई है। वर्ष 2022-23 में आयोजित विश्वविद्यालय की फाइनल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले मनीष त्रिपाठी को दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राकेश रंजन व विश्वविद्यालय के रजिस्टर प्रोफेसर संजीव शर्मा द्वारा उपाधि प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के सीईओ डॉक्टर अनिल यादव द्वारा मनीष त्रिपाठी को उपाधि हेतु चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त विश्व विद्यालय के अन्य विषय छात्र-छात्राओं को भी उपाधि दी गई है। इस उपलब्धि से परिवार जनों के साथ क्षेत्रीय लोगों ने खुशी की लहर है सभी ने मनीष के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

20 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमेठी। थाना पीपरपुर पुलिस ने रेलवे स्टेशन पीपरपुर मोड़ के पास से गैर जनपद के एक युवक को नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को उप निरीक्षक सभाजीत सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान रामकुमार विश्वकर्मा पुत्र राम अभिलाख विश्वकर्मा निवासी अहिमाने थाना कोतवाली देहात जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब उनतालिस वर्ष को रेलवे स्टेशन पीपरपुर मोड के पास से समय करीब साढ़े बारह बजे दिन गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना पीपरपुर पुलिस के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

राम वनवास व राम केवट का किया संवाद

मुसाफिरखाना, अमेठी। क्षेत्र के हाजीगंज गांव में शिव मंदिर पर चल रहे श्रीराम कथा के 5वें दिन कथा व्यास आचार्य सूर्यभान पांडेय ने राम वनवास व राम केवट संवाद कथा की मनोहारी व्याख्या किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब आप दूसरे की मर्यादा को सुरक्षित रखेंगे तभी आपकी मर्यादा सुरक्षित रह सकेगी। भगवान राम 14 वर्ष वनवास के लिए सीता और लक्ष्मण के साथ गंगा घाट पर पहुंचे और केवट से गंगा पार करने के लिए नाव मांगा तो केवट ने कहा कि मैं तुम्हारे मर्म जान लिया हूं। चरण कमलों की धूल के लिए सब लोग कहते हैं वह मनुष्य बना देने वाली कोई जड़ी है। पहले पांव धुलवाओ फिर नाव पर चढ़ाऊंगा। कथा व्यास आचार्य ने कहा कि जिससे पूरी दुनिया मांगती है।

संयुक्त शिक्षा निदेशक ने बोर्ड परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

जगदीशपुर, अमेठी। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की हकीकत परखने परीक्षा केंद्र पर अचानक संयुक्त शिक्षा निदेशक शिक्षा विभाग टीम समेत केंद्र पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया, जहां समस्त व्यवस्थाएं चाक चौबंद पाए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए केंद्र व्यवस्थापक की कार्य कुशलता की सराहना की। जगदीशपुर स्थित एएच इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर इण्टर मीडिएट रसायन विज्ञान व समाज शास्त्र की हो रही परीक्षा के समय अचानक संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल के सतीश कुमार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह मय टीम केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा दे रहे छात्र छात्राओ के पास जाकर पूछताछ करते हुए विद्यालय का चप्पा चप्पा छान मारा। परंतु किसी प्रकार की अव्यवस्था नजर नही आई। नकल विहीन हो रही सुचारू रूप से संचालित परीक्षा पर संतोष व्यक्त करते हुए केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य मान सिंह राठौर के कार्यों की सराहना करते हुए पीठ थपथपाई तथा इतना ही नहीं उन्होने प्रधानाचार्य के साथ फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट जितेंद्र कुमार अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक सोनिया रजक समेत विद्यालय के समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे।

पेड़ गिरने से गाय की मौत

अमेठी। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के धनापुर मजरे सहजीपुर में पुलिस और वन विभाग की मिली भगत से हरे विशालकाय पेड़ों को कई दिनों से काटा जा रहा है। कई दिन से लोग इसकी शिकायत भी कर रहे थे। लेकिन पुलिस और जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नही की गई। गुरुवार को कटान के दौरान सीवान में चरने गई चौकीदार की गाय पर पेड़ गिर गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई घटना को दबाने के लिए पुलिस और वन विभाग लीपापोती कर रहा था। संग्रामपुर थाने में पेड़ कटान का कार्य बेखौफ किया जा रहा है। कई जिलों के वन माफ़िया अलग अलग गांवों में पेड़ कटान कर रहे है। संग्रामपुर के सहजीपुर गांव के धनापुर में बीते एक सप्ताह से हरे विशाल काय पेड़ो की कटान की जा रही है। गांव के लोगों ने कई बार शिकायत की लेकिन विभाग ने कार्रवाई करने के बजाय वन माफ़िया को संरक्षण देता रहा। गुरुवार को गांव के थाने के चौकीदार जितेंद्र यादव की गाय सीवान में चरने गई थी। कटान के दौरान महुआ का पेड़ गाय पर गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत गई।

शतप्रतिशत छूट का सीएम ने की शुरूआत

सीतापुर, अमृत विचार। उप्र शासन द्वारा किसानों को सिंचाई के लिए नलकूपों के बिजली बिल पर शतप्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है। इस व्यवस्था का शुभारम्भ मुख्यमंत्री ने गुरूवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया। कार्यक्रम में अन्य लोगों एवं कृषकों के साथ-साथ संबंधित मंत्री एवं अधिकारीगणों ने भी प्रतिभाग किया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, कृषक बन्धुओं एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने सुना और देखा। जनपद में एक अप्रैल से सिंचाई के लिए नलकूपों के बिजली बिल में शतप्रतिशत छूट के फलस्वरूप 21500 किसान भाई लाभान्वित हुये।

शक्ति तेरे अनेक रूप...

नारी... दो अक्षरों से बना ये शब्द न केवल शक्ति का प्रमाण है बल्कि संघर्ष की वो गाथा भी कहता है जिसे आम जीवन में हम सभी ने अपनी आंखों के सामने से गुजरते देखा है। कभी मां, कभी बहन, कभी बेटी तो कभी पत्नी के रूप में अपने कर्तव्यों से घिरी नारी यूं ही जीवन भर संघर्ष करती नजर आती है। आधुनिकता के युग में पुरुष प्रधान समाज के सामने आज महिलाएं कंधे से कंधा मिलकर हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं, ...पर कुछ संघर्ष की कहानियां ऐसी भी हैं जहां इन महिलाओं ने न केवल अपने कर्तव्यों को निभाया साथ ही पूरे समाज को हार न मनाने का पाठ भी पढ़ाया और जीवन को ऐसे सफल बनाया कि आज वे प्रेरणा हैं। आइए आपकों मिलवाते हैं शक्ति के उस रूप से जो जीवन से लड़ी और योद्धा बनकर मुश्किलों को पराजय का स्वाद चखाया...।

संस्कार और मर्यादा संग संघर्ष की कहानी, वैष्णवी की जुबानी

- रात-दिन एक कर सीखी तेलगू, शूटिंग के दौरान पीठ में पड़ गए छाले
- अयोध्या की वैष्णवी का तेलुगु फिल्मों में धमाल

अयोध्या ● राजेंद्र कुमार पांडेय

अमृत विचार : प्रतिभा और संघर्ष का जज्बा हो। धैर्य और सोच हो तो व्यक्ति अपना मुकाम प्राप्त कर ही लेता है। संस्कार और मर्यादा को साध आगे बढ़ना आसान नहीं है। खासतौर से इस दौर में। यह तपस्या से कम नहीं है। खासतौर से फिल्मों में, लेकिन अयोध्या की वैष्णवी ने जीवन मूल्यों को साधा। आगे बढ़ीं। आजकल तेलुगू फिल्मों में धमाल मचा रही हैं।

वैष्णवी अयोध्या की है। राजसदन परिसर में रहती है। माता प्रधानाध्यापिका है। पिता लाल मनीष प्रताप सिंह जाने-पहचाने चेंहरों में हैं। पढ़ाई-लिखाई अयोध्या के अलग-अलग स्कूलों में हुई। वैष्णवी के संघर्ष की कहानी में कई उतार-चढ़ाव आए। कहती हैं कि माता-पिता डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन मुझे बचपन से एक्टिंग का शौक था। पुडुचेरी के एक कॉलेज में दाखिला कराया, लेकिन जूनून कला का था। खून और इंजेक्शन से तनाव हुआ। संवेदनाएं सतह पर आ गईं, फिर गायकी में भाग्य

आजमाया। अचानक नया मोड़ आ गया। चर्चित वेबसीरिज आश्रम की शूटिंग होने वाली थी। डायरेक्टर ने काम करने का ऑफर दे दिया, काम किया। आगे बढ़ने से पहले ही कोरोना का दौर शुरू हो गया।

वैष्णवी कहती हैं कि यह उनके लिए संघर्ष के कहानी की शुरूआत थी लेकिन कोरोना कॅरीअर के लिए वरदान भी था। उन दिनों फिल्मों के लिए आडीशन ऑनलाइन हो रहे थे। भाग्य आजमाना शुरू किया, लेकिन अयोध्या की मर्यादा और घर के संस्कार राह रोक रहे थे। माता-पिता अकेले कहीं जाने नहीं देना चाहते थे। मां और भाई के साथ मुंबई गई लेकिन लौटना पड़ा। मुंबईया फिल्मों के संस्कार पसंद नहीं आ रहे थे। दक्षिण की फिल्मों के लिए ऑनलाइन आडीशन दिया। कहती हैं कि श्री राम जी पर विश्वास और उनकी कृपा। फिल्म महिषा में नायिका के रूप में चयन हो गया। फिल्मों में साउथ की परंपरा पसंद आई। लगा कि पहनावा और संस्कार जिंदा है। हामी भर दी। मां और भाई के साथ पहुंची लेकिन मन में तरह-तरह की आशंकाएं थी। कैसे लोग होंगे, कैसी सभ्यता होगी। फिल्मों में अपनी शर्त मानी जाएगी या नहीं। कुछ दिन में शंकाए निर्मूल हुईं। लगा कि यहां अभी मर्यादा और संस्कार के साथ काम किया जा सकता है।

मुंबईया फिल्मों की सभ्यता पर सवाल उठाती है। संघर्ष यहीं समाप्त नहीं होता। उत्तर की वैष्णवी को दक्षिण की तेलगू बोलने का संकट। तीन चार महीने अभ्यास किया। रात दिन एक कर दिया। तेलगू बोलने पर पकड़ बनी। रात-दिन शूटिंग की। खानपान और मौसम बदला तो बीमार पड़ गईं। शूटिंग के दौरान पीठ में छाले तक पड़ गए। दक्षिण के चर्चित कलाकारों के साथ काम किया। ज्यादातर फिल्मों में लीड रोल किया, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

केजी थ्री के लिए मिला बेस्ट डांसर अवार्ड

वैष्णवी बताती हैं कि महिषा के साथ श्रीरंगापुरम, क्रेजी तीन, वार्ड नंबर-54, मधुरम जैसी आधा दर्जन फिल्में कीं। दक्षिण की फिल्म इंडस्ट्री गुरुटुकोस्थुनायी में काम कर रही है। मधुरम फिल्म प्रमोशन में है। जल्द ही रुपहले पर्दे पर आ जाएगी। वेबसीरिज नादान परिंदे और कशमकश मुंबई में भी की। केजी थ्री में बेस्ट डांसर का अवार्ड मिला। तीन फिल्में हाथ में हैं। आजकल हैदराबाद में रहकर शूटिंग करती हैं। कुछ रिलीज, कुछ फिल्मों के रिलीज होने का इंतजार है। इन दिनों राम लला की शरण में आई हैं।

सायरा ने तीन तलाक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लड़ी जंग, अब मुस्लिम महिलाओं को कर रहीं जागरूक

सायरा ने तीन तलाक को ही दे दिया 'तलाक'

अर्शी खान, काशीपुर

अमृत विचार : तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं थी। जब तीन तलाक के खिलाफ कानूनी जंग की ठानी तो कुछ परिचितों और कौम के कथित ठेकेदारों से ही ठन गई। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और देश भर की मुस्लिम महिलाओं की आवाज बनकर सर्वोच्च अदालत में तीन तलाक के खिलाफ याचिका दायर की। एक साल तक लड़ी जंग के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इंसाफ दिया। बाद में यह जंग रंग लाई और तीन तलाक के खिलाफ कानून भी बना। रूढ़िवादी सोच, कट्टरता के खिलाफ इस जंग की नायक कोई सरकार, संगठन नहीं बल्कि एक महिला सायरा बानो है।

काशीपुर में पांडे कॉलोनी निकट हेमपुर डिपो की रहने वाली सायरा बानो का निकाह वर्ष 2002 में इलाहाबाद निवासी एक प्रापर्टी डीलर से हुआ था। वह बताती हैं कि निकाह के बाद से ही उन्हें हर दिन किसी-न किसी बात पर प्रताड़ित किया जाता था। मामूली बातों पर शौहर झगड़ा और मारपीट करता था। वह इस उत्पीड़न से तंग आकर मायके आ गईं। फिर एक दिन उन्हें स्पीड पोस्ट मिला, जिसमें शौहर ने तीन तलाक देकर तलाकनामा भेजा था। जब उन्होंने इसके बारे में उलेमाओं, मौलानाओं से बात की तो उन्होंने भी जायज ठहराया। इस पर उन्होंने इस तीन तलाक के खात्मे की ठान ली। साल 2016 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ जनहित याचिका दायर की।

लगभग एक साल तक सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई लड़ी। फिर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और उन्हें इंसाफ मिला। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2018 बनाया। मगर सायरा की तीन तलाक के खिलाफ जंग अभी समाप्त नहीं हुई। अब वह मुस्लिम महिलाओं को रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़कर जागरूक कर रही हैं।

सायरा बानो कहती हैं कि पूर्व में मुस्लिम पुरुष शरीयत की आड़ लेकर तीन तलाक का नाजायज फायदा उठा रहे थे। उन्हें किसी का भी खौफ नहीं था लेकिन अब कानून बनने से ऐसे पुरुषों को सजा मिलेगी। कानून के डर से बेबस महिलाओं का आसानी से शोषण नहीं कर पाएंगे। यह कानून भावी पीढ़ी की महिलाओं के हितों का भी संरक्षण करेगा। कोई भी ई-मेल, व्हाट्सअप, मोबाइल, मैसेज या चिट्ठी से तलाक नहीं दे सकेगा। जो उनके साथ हुआ है किसी के साथ नहीं होगा।

2020 में बनीं उत्तराखंड महिला आयोग की उपाध्यक्ष

उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने सायरा बानो की इस हिम्मत की हौसला अफजाई की। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने वर्ष 2020 में सायरा बानो को उत्तराखंड महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। अब वह महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ जंग लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का काम कर रही हैं। उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन वह अब भी सभी धर्मों व वर्गों की महिलाओं के साथ मिलकर शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद रही है। गांव-गांव जाकर शिविर लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुन रही हैं। वह अब तक 8 जोड़ों को तीन तलाक से बचाकर आपसी सुलह करा दी है।

रुखसाना और सलोनी ने गरीबी में भी खोज ली खुशी

- रुखसाना ने बेटी को मुकाम दिलाने के लिए छोड़ दिया सबको

अयोध्या ● विवेक सक्सेना

अमृत विचार: गरीबी कई बार ऐसे इम्तिहान लेती है कि इंसान टूट ही जाए, लेकिन रुखसाना ने हार नहीं मानी और अपने सपने को बेटी का सपना बनाया। शादी के एक साल के अंदर ही जब वह मां बनने की खुशियां मना रही थी तभी पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। माता-पिता ने संभाला। ड्राइवर पिता का निधन मां-बेटी के लिए बज्र पात से कम नहीं था, क्योंकि वही एक कमाने वाले थे। ऐसे में नन्ही बेटी को संभालना, मां का ख्याल रखना,घर का खर्च समेत कई परेशानियां एक साथ ही आ गईं। इस पर भी रुखसाना ने हिम्मत नहीं हारी।

घर खर्च के लिए उसने ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया। धीरे-धीरे कुछ मदद होने लगी। बड़ी होती बेटी को शहर के अच्छे स्कूलों में शामिल कनोसा कॉन्वेंट में पढ़ाया। किसी तरह दिन बीत रहे थे की रुखसाना की मां भी चल बसी। अब तक मकान भी खस्ता हाल हो गया था। घर की दीवारें टूट सी गई थी। छत की जगह टिन पड़ा था, जो बारिश में पूरा घर भिगो देता। दरवाजे भी किसी तरह अटकते भर थे। बेटी सलोनी ने मां के कंधे से कंधा मिलाया और वो भी ट्यूशन पढ़ाने लगी। धीरे-धीरे बीकॉम और फिर एमकॉम कर लिया। प्रधानमंत्री आवास

योजना ने घर बनवा दिया। आज सलोनी एक स्कूल में शिक्षिका बन गई है। इसके साथ-साथ वो पीसीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही है। आज मां-बेटी एक-दूसरे का सहारा हैं। छोटी से छोटी खुशी भी साथ मनाते हैं। बेटी के कुछ बन जाने के लिए 55 वर्षीय रुखसाना सपने बुना करती है। तमन्ना है कि बेटी सलोनी को अच्छी नौकरी मिल जाए तो उसके हाथ पीले कर दूं। मुकेरीटोला रिकाबगंज निवासी मां-बेटी का प्रेम, सहयोग और विश्वास आज कई लोगों के लिए मिसाल बने है। साथ ही समाज के लिए सीख भी, कि जीवन में किसी भी परिस्थिति में मायूस होकर हार नही माननी चाहिए। संघर्ष, मेहनत और संकल्प एक दिन अंधेरे में भी सूरज की रोशनी जरूर फैलता है।

चाय की दुकान से ताइक्वांडो में पूजा ने लगाई 'सिल्वर' किक

कानपुर ● अभिषेक वर्मा

अमृत विचार: 'एक दिन मेरी चाय की दुकान के सामने से कुछ खिलाड़ी स्पोर्ट्स की ड्रेस में निकल रहे थे। पिता से पूछा तो उन्होंने बताया कि ये ताइक्वांडो के खिलाड़ी हैं। बस उसी दिन जिद कर ली कि यह खेल सीखना है, पिता ने हौसला बढ़ाया और ग्रीनपार्क में दाखिला करा दिया।' गिलास में तेजी से चाय छानते हुए नेशनल ताइक्वांडों प्रतियोगिता (जूनियर) में कई सिल्वर मेडल जीत चुकीं 14 साल की पूजा कुमारी चौहान जब यह बताते हुए मुक्केबाज मैरीकॉम की तरह देश का नाम ऊंचा करने का संकल्प गिनाती हैं, तो लगता है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के अलग गरीबी कोई बाधा नहीं है।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर के गेट के सामने पूजा के पिता चाय की दुकान लगाते हैं। घर में पत्नी, बड़ी बेटी पुष्पलता, बेटा आकाश और छोटी बेटी पूजा है। पूजा कुमारी एमजी कॉलेज में नवीं की छात्रा हैं। वह जिला और यूपी के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में छाप छोड़ रही हैं। पूजा कुमारी लगभग रोज सुबह पिता के आने तक चाय की दुकान संभालती हैं। इसके बाद प्रैक्टिस करने जाती हैं। पूजा ने अमृत विचार को बताया कि दुकान के बाद सीधे रनिंग करने

पूजा की उपलब्धियां

- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2017 राजस्थान में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2018 जयपुर में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2019 दिल्ली में सिल्वर मेडल

जाती हूं। ग्रीनपार्क के साथ ही ताइक्वांडों की बारीकियां और ट्रिक सीखने के लिए ऐलन हाउस में प्रैक्टिस कर रही हूं। नेशनल के साथ अब देश के बाहर खेलने की इच्छा है। इसी तैयारी में जुटी हूं। जिस तरह बाक्सिंग में मैरीकॉम ने देश का नाम रोशन किया, उसी तरह मैं ताइक्वांडो में देश को गर्व की अनुभूति कराना चाहती हूं। पिता सतीश ने बताया कि बेटी को खेलते देखकर क्षेत्र के और बच्चे भी आगे आ रहे हैं।

वेस्टेज से तकदीर संवार महिलाओं को प्रेरित कर रहीं मीना और आसमां

बदायूं ● प्रदीप सक्सेना

अमृत विचार: महिलाएं परिवार को भावनात्मक की नहीं आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रही हैं। तमाम महिलाओं ने जीवन में आने वाली कठिनाइयों से हार नहीं मानी बल्क आज वह एक नजीर बन गई हैं। ऐसी ही कहानी है शहर निवासी मां बेटी की। उन्होंने अपने हुनर से न सिर्फ परिवार को समृद्ध किया बल्कि दूसरों के लिए भी सहारा बन गईं। आज यह दोनों तमाम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग दे रही हैं। पांच सौ से अधिक महिलाएं इनके सिखाए हुनर से अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं।

शहर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी मीना ने बताया कि वेस्टेज वस्तुओं से टोकरी बनाने का काम अपनी मां से सीखा था। शादी के बाद यही हुनर उनके काम आया। वह कहती हैं कि शादी के समय परिवार के हालात ठीक थे। कुछ साल बाद हालात खराब होने लगे। आय के सीमित साधन होने की वजह से घर चलाना मुश्किल होने लगा। इसके बाद घर में पॉलीथिन और अन्य वस्तुओं को एकत्रित करना शुरू कर दिया। साथ ही दूसरों के घरों से भी कागज-पन्नी आदि को मांगकर लाने लगीं। इनके जरिए उन्होंने टोकरी बनानी शुरू कर दीं। जिसे फल विक्रेताओं को बेचने लगीं।

महिलाएं आती हैं सीखने

मीना और उनकी बेटी आसमां ने बताया कि शुरू में मोहल्ले की महिलाएं टोकरी डलिया आदि बनाने का काम सीखने आतीं थीं। अब आस पास गांव शेखूपुर, चंदोखर गोटिया, मीरा सराय, देहमी आदि गांवों की महिलाएं इस काम को सीखने के लिए उनके पास पहुंच रही हैं।

धीरे-धीरे इसकी मांग बढ़ी तो उन्होंने अपनी बेटी आसमां को भी इस काम में लगा लिया और बाजार से वेस्टेज वस्तुओं को खरीद कर उनसे टोकरी बनानी शुरू कर दीं। इन टोकरियों की मांग अब इतनी हो गई है कि दिल्ली तक सप्लाई कर रहीं हैं। हर सात दिन बाद सौ से अधिक टोकरियों को वह दिल्ली बिक्री के लिए भेजती हैं।

पीर पर्वत सी | नेहरू युवा केंद्र में तैनात जिला युवा अधिकारी पुष्पा सिंह दोनों हाथ से हैं दिव्यांग

पुष्पा ने दिव्यांगता का दंश झेला, मगर बेटियों को दे रहीं शिक्षा का मंत्र

बरेली ● अंकित चौहान

अमृत विचार : घर में बेटी का जन्म हो और पता चले कि वह दिव्यांग है तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है, लेकिन कुछ परिवार के हौसले इतने मजबूत होते हैं कि वो समाज में फैली कुरीतियों पर अमिट छाप छोड़ देते हैं। ऐसा ही संघर्ष की कहानी है पुष्पा सिंह की।

श्रावस्ती जिले के गांव मोगला मल्हीपुर निवासी भवानी सिंह के परिवार में वर्ष 1990 में एक बिटिया का जन्म हुआ। पिता भवानी सिंह की गोद में जब बिटिया आई तो आंखों में खुशी के आंसू आ गए, लेकिन इसी बीच चर्चा होने लगी कि बिटिया तो दिव्यांग है, लेकिन पिता हताश नहीं हुए। बिटिया और पत्नी मीना सिंह को घर लाए। बिटिया का नाम रखा पुष्पा। कहावत है कि पूत के पांव पालने से पता लग जाते हैं, पुष्पा के पढ़ाई के प्रति लगाव देख, माता पिता उसका हौसला बने, स्कूल में दाखिला कराया। पुष्पा दोनों हाथों से दिव्यांग थीं। कड़ी मशक्कत के बाद वह पैरों से ही लिखने की कला में पारंगत हो गईं। 10 वीं से लेकर कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट होने का सफर जिला युवा अधिकारी बनने तक पुष्पा का रुका नहीं। वर्तमान में पुष्पा सिंह बरेली के नेहरू युवा केंद्र में जिला युवा अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी शादी जिले के फतेहगंज पूर्वी के गांव शिवपुरी रधौली निवासी भूपेंद्र सिंह से वर्ष 2020 में हुई थी।

गांव में चलाया साक्षरता अभियान

पुष्पा सिंह बताती हैं कि उनके गांव में लड़कियों को स्कूल भेजने की ओर कोई सोचता तक नहीं था, लेकिन उन्होंने खुद शिक्षित होने के साथ ही दोस्तों के साथ मिलकर अपने गांव में घर-घर जाकर बच्चों के माता-पिता को बेटियों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अपने ही गांव की पांच लड़कियों का अपने निजी खर्च पर स्कूलों में दाखिला कराया, जो कि अब 8 वीं कक्षा में हैं।

हमें अपने दिमाग से ही दुनिया को जितना है

पुष्प का कहना है कि अगर हमारे पास हाथ पैर नहीं है तो निराश न हों, क्योंकि हमारे पास दिमाग है। हमें उससे ही दुनिया को जितना है, क्योंकि इंसान की शक्ति उसकी आत्मा में होती है और आत्मा कभी दिव्यांग नहीं होती है।

उपेक्षा से भी नहीं मानी हार

पुष्पा बताती हैं कि वर्ष 2005 में 10 वीं की परीक्षा 90 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की, लेकिन उनकी कहानी समाज के लिए एक संदेश है कि अगर हौसला हो तो कुछ भी काम नामुमकिन नहीं है। पुष्पा स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार उपेक्षा का शिकार हुईं, लेकिन उनके कदम रुके नहीं। वह वर्ष 2007 में 12वीं में 92, 2012 में बीए में 65, एमए में 62 और एमसीए में 97 फीसदी अंक अर्जित कर हमेशा अव्वल रहीं।

हम रोज महिला दिवस मनाते हैं: सुमन

लखनऊ ● शबाहत हुसैन विजेता

पॉवर विंग फाउंडेशन चलाने वाली सुमन रावत चौबीसों घंटे पीड़ितों की मदद के लिए तैयार रहती हैं। समाज एक दिन महिला दिवस मनाता है वह हर वक्त इसे सेलीब्रेट करती रहती हैं। जो पीड़ित है उसे इंसाफ दिलाने को जूझती हैं और जो महिला विपरीत परिस्थितियों से जूझती नजर आती है उसकी पीठ ठोंकती हैं। उसका सहारा बनने की कोशिश करती हैं।

सुमन कहती हैं कि पीड़ित लड़कियों के लिए शीरोज हैंगआउट कैफे जैसी कोशिशों की जरूरत है। इस कैफे में तेजाब पीड़िताओं ने यह साबित किया कि शरीर का कोई अंग खराब हो जाने से जिन्दगी खत्म नहीं हो जाती है। कोई आंख फोड़ दे या चेहरा बिगाड़ दे लेकिन हौंसला बरकरार रहे तो कुछ भी खत्म नहीं होता है। इस कैफे में काम करने वाली लड़कियों ने इस बात को साबित भी किया है।

वह बताती हैं जिन दिनों कोविड का दौर था और सारे काम बंद हो गए थे तब मदद करने वालों के पास एक पल की भी फुर्सत नहीं थी। उन दिनों अस्पतालों से लेकर श्मशान तक

महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

सुमन रावत ऐसी महिलाओं और लड़कियों के लिए संघर्ष करती हैं जो काम के अभाव में पेट भरने की सम्मानजनक व्यवस्था नहीं कर सकतीं। वह बताती हैं कि लखनऊ के मुंशी पुलिया इलाके में उन्होंने 50-60 लड़कियों को जूट के बैग सिलना सिखाए। जिन लोगों को जूट के बैग बनाना नहीं पसंद आया उन्हें अचार बनाने का प्रशिक्षण दिया। अब बड़ी संख्या में महिलायें अचार, मुरब्बा और पापड़ बनाना सिखाया। इस व्यवसाय ने महिलाओं के घरों को चलाना आसान कर दिया।

काम किया। जिनके रिश्तेदार शव लेने नहीं आये वह जिस धर्म के थे उस रीति से उनका अंतिम संस्कार करवाया।

वह बताती हैं कि यमुना एक्सप्रेस वे पर पैदल आ रहे लोगों को भोजन बांटने का काम अधिकारियों के साथ कर रही थीं। हरियाणा से साइकिल पर अपनी पत्नी और दो बच्चों को लेकर श्रावस्ती जा रहा युवक पहुंचा तो उसके बच्चों को दूध दिया। पति-पत्नी को खाने को दिया। उनसे रास्ते के लिए कुछ रख लेने का अनुरोध किया लेकिन वह महिला साइकिल से नहीं उतरी। जब बहुत प्रेशर दिया तो वह अनमने भाव से साइकिल से उतरी तो पता चला कि उसके पास कोई दूसरा कपड़ा नहीं था और माहवारी से उसके कपड़े खराब हो गए थे। उसकी हालत देखकर आंखें छलछला आईं। अपनी गाड़ी से निकालकर उसे तौलिया दिया। सर को जिस स्टोल से ढंका था वह उसे दे दिया। वह महिला तो चली गई लेकिन वह आंखों में ही घूमती रही। इसके बाद फूड पैकेट के साथ-साथ सैनेटरी नैपकिन बांटने का काम शुरू किया। 25 हजार से ज्यादा सैनेटरी नैपकिन बांटे। वह बताती हैं कि उनके साथ 35 वकीलों का पैनल है जो पीड़ित महिलाओं का मुफ्त में केस लड़ता है। इस तरह से हम रोजाना महिला दिवस मनाते हैं।

इंडिया गठबंधन और पीडीए परिवार लाएगा देश में परिवर्तन : अखिलेश

संगम नगरी पहुंचे सपा प्रमुख, एक निजी कार्यक्रम में सरकार पर जमकर साधा निशाना

भाजपा पर वार

संवाददाता, प्रयागराज।

प्रयागराज में शादी समारोह में मौजूद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ।

अमृत विचार : संगम नगरी पहुंचे समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को एक निजी कार्यक्रम में सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा इंडिया गठबंधन व पीडीए परिवार देश में परिवर्तन लाएगा। डूबते प्रदेश को बचाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक कराती है। भाजपा मंत्री विधायकों को तोड़ने के लिए पैकेज देती है। सरकार ने गंगा सफाई की कसम खाई लेकिन कुछ नहीं किया। ऐसी सरकार जब मां गंगा की नहीं हो सकी तक जनता की क्या होगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष 2 घंटे शहर में रुके। वह सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष के. के. श्रीवास्तव की बेटे की शादी में शामिल हुए। जेपी यादव की बेटी और राकेश यादव के यहां शादी में पहुंचे।

शादी समारोह में अखिलेश यादव ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि भाजपा सरकार जानबूझ कर पेपर लीक कराती है। सरकार की नियत तो युवाओं को नौकरी देने की नहीं है। ना ही उनका भविष्य बेहतर करना चाहती है। अब लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होने वाला है। भाजपा को इंडिया और पीडीए मिलकर हराएंगे। अखिलेश ने कहा कि भाजपा विधायक मंत्रियों को तोड़ने के लिए पैकेज देने का काम रही है। परीक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि 60 लाख अभ्यर्थियों का परिवार भाजपा को सफाया करने वाला है। मैं नौजवानों को बधाई देता हूं, जिन्होंने आरओ/एआरओ की परीक्षा रद्द करने की घोषणा के बाद अपने आंदोलन समाप्त किया है। उन्होंने कहा अब यह लड़ाई गठबंधन नहीं, हम खुद लड़ेंगे। बसपा से गठबंधन के सवाल पर अखिलेश यादव बोले कि गठबंधन बहुत हो चुके हैं। अब हम लड़ाई के लिए खुद मैदान में आ रहे हैं। उन्होंने नारा देते हुए कहा कि भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ, भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ, भाजपा हटाओ नौकरी पाओ। प्रत्याशियों के बारे में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए जल्द ही प्रत्याशियों का ऐलान किया जाएगा। रेवती रमण की नाराजगी पर अखिलेश यादव ने कहा रेवती रमण से उनकी कोई नाराजगी नहीं है। वह उनसे जल्द मुलाकात करेंगे। अखिलेश बोले- जो भी लोग 40 और 400 सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं। उनका दावा फेल साबित होगा। इंडिया गठबंधन और पीडीए मिलकर भाजपा को 400 सीटों पर हराने का काम करेगी।

हम चुनाव लड़ेंगे भी और लड़ाएंगे भी: सपा प्रमुख

कन्नौज सीट से चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर अखिलेश यादव ने कहा हम लड़ेंगे भी और लड़ाएंगे भी। अब सब कुछ किया जाएगा। कन्नौज ही नहीं, यूपी की सभी 80 सीटों पर बीजेपी को हराने का काम किया जाएगा। हम सम्मान के लिए राजनीति करते हैं और कुछ लोग सामान पाने के लिए राजनीति में आए हैं। विकसित भारत का नारा देने वाली बीजेपी विधायकों और नेताओं को पार्टी छोड़ने के लिए पैकेज देती है। यह लोकतंत्र में उचित नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि अकेले मदरसों को ही नहीं, बल्कि संस्कृत विद्यालयों को भी बंद किया जा रहा है। सरकार संस्कृत बोर्ड को भी खत्म करने की तैयारी कर रही है। भाजपा सरकार सिर्फ एक समाज की नहीं, बल्कि देश की दुश्मन है।

सपा कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का दिया गया गुरुमंत्र


अतीक खान को यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर स्वागत करते कार्यकर्ता।

मिर्जापुर। मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर अतीक खान का स्वागत समारोह पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर रखा गया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने नव मनोनीत जिलाध्यक्ष अतीक खान का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर नगर विधानसभा का उपाध्यक्ष फैसल खान को बनाया गया। पार्टी कार्यालय पर संगठन मजबूत करने पर भी बल देते हुए 2024 लोकसभा चुनाव जीतने का गुरूमंत्र भी उपस्थित कार्यकर्ताओं को दिया गया।

स्वागत समारोह से अभिभूत यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष अतीक खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुलायम सिंह यादव ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने मुझ पर भरोसा कर जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का आभारी हूं। इसी के साथ उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से प्रदेश में सरकार बनी है तबसे छात्र, नौजवानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि अतीक खान के यूथ ब्रिगेड का जिलाध्यक्ष बनने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिली है। पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष ने भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए आरोपों की झड़ी लगा दी। स्वागत समारोह में सत्यप्रकाश, रामराज, शराफत, संग्राम, जमाल, अनीस, सलीम, अरशद, रामजी, मनोज, राममिलन, आनन्द, फैसल, नसीम, शिवकुमार, शहनवाज, आर्यन, शोएब, शिवम, सुनील, धनंजय, छबीले, प्रवीण, गोपी, सुधाकर, अजय कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

आखिरकार तहसीलदार का किया गया स्थानांतरण

कोरांव/नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार : तहसील कोरांव में तहसीलदार को बिगड़े बोल व अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता करना आखिरकार महंगा पड़ गया। गुरुवार को तहसीलदार का फूलपुर स्थानांतरण कर दिया गया। आरोप है कि तहसीलदार कोरांव मनमाना रवैया अपनाए हुए हैं। कोर्ट ना चलने के बावजूद भी तहसीलदार ने फर्जी आदेश व शासन को मुकदमे की फर्जी सूची भेज कर दामन बचाने की बहुत कोशिश की। किंतु अमृत विचार अखबार में तहसीलदार कोराव के काले कारनामों की छपीं खबर को उच्च अफसरों ने गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार कोराव अजय संतोषी का स्थानांतरण फूलपुर करते हुए राजेश कुमार पाल को कोराव का नया तहसीलदार बनाया। बार एसोसिएशन कोरांव अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी सहित सभी अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

बैठक करते पुलिस अधीक्षक।

अहरौरा (मिर्जापुर)। अहरौरा पुलिस चौकी समेत चुनार, अदलहाट थाना क्षेत्र समेत कई जगहों पर पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें साफ-सफाई पेयजल आपूर्ति नगर पालिका द्वारा विद्युत विभाग के द्वारा जर्जर बिजली के तारों आदि को दुरुस्त करने पर चर्चा की गई। बैठक में नगर पालिका के पालिका अध्यक्ष समेत दर्जनों सभासद व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने कहा जो भी रूट हैं शिव बरात की रूट वही रहेगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर मड़िहान समेत थाना प्रभारी बृजेश सिंह सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

जिला जज ने पट्टी ग्राम न्यायालय का किया निरीक्षण

निरीक्षण करते जिला जज।

पट्टी प्रतापगढ़, अमृत विचार : जिला जज अब्दुल शाहिद ने गुरुवार को पट्टी तहसील में स्थित ग्राम न्यायालय एवं लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण कर अदालती कामकाज की प्रक्रिया के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने न्यायालय कक्ष, कार्यालय एवं पत्रावलियों के रख रखाव के साथ वादकारियों की सुविधा के लिए पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधारमण मिश्र, प्रभात त्रिपाठी रीडर ग्राम न्यायालय पट्टी, पवन मिश्र, अनीता सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

लोस चुनाव में गड़बड़ी करने वालों की खैर नहीं

मानधाता प्रतापगढ़

▸▸ पुलिस और एसएसबी के जवानों ने किया एरिया डोमिनेशन

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एरिया डोमिनेशन के तहत गुरुवार को पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने कदम से कदम मिलाकर ग्रामीण क्षेत्रों में ताकत का अहसास कराया। कहा कि चुनाव के सम्बन्ध में कोई भी धमकाता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। गड़बड़ी करने वालों की खैर नहीं रहेगी।

मानधाता थाना क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह ने मयफोर्स भ्रमण कर जनसमुदाय को चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों से कहा कि सभी आने वाले चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करें। चुनाव प्रक्रिया को लेकर अगर कोई उन्हें धमकाता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। एसएसआई भृगुनाथ मिश्र के साथ सम्भावित पोलिंग बूथों का निरीक्षण भी किया। चौकी प्रभारी मोहनगंज राकेश सिंह भदौरिया के साथ सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एरिया डोमिनेशन किया। पूरे खुशई, मोहनगंज, बढ़नी, रेड़वीर, सराय आनादेव, प्रतापगढ़ सिटी, कटरा मेदनीगंज समेत कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भ्रमण कर चुनाव में गड़बड़ी करने वालों को चेतावनी दी। कहा कि अगर चुनाव में किसी ने व्यवधान पहुंचाने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं।

भयहरण नाथ धाम में दुर्लभ पांडुलिपियों की प्रदर्शनी शुरू

मानधाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : 24वें महाकाल महोत्सव व महाशिवरात्रि के अवसर पर 6 से 9 मार्च तक पांडवकालीन भयहरणनाथ धाम में राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय, संस्कृति विभाग, उप्र द्वारा भगवान शिव एवं श्रीराम कथा पर आधारित दुर्लभ छाया चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि बाल कृष्ण पाण्डेय, अध्यक्ष राष्ट्रीय रामायण मेला समिति श्रृंगवेरपुर, प्रयागराज एवं क्रांतिकारी संत सर्वेश्वर गिरी जी महाराज, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा जोधपुर, राजस्थान के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि बालकृष्ण पांडेय ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर लगाई गई यह प्रदर्शनी अवसर अनुकूल है। इस प्रदर्शनी के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के लोग पांडुलिपियों एवं अपनी संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। इस अवसर पर राज कुमार शुक्ल, सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर, पांडुलिपि अधिकारी हरिश्चन्द्र दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

प्राचीन शिव मंदिर बहुंचरा का होगा सौंदर्यीकरण

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : सई नदी के तट पर बहुंचरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। शासन ने इसके लिए 2 करोड़ 40 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। शासन के अनु सचिव ने महानिदेशक पर्यटन को पत्र भेज कर बजट के सापेक्ष सौंदर्यीकरण कराने को निर्देश दिया है। बहुंचरा गांव में सई नदी के तट प्राचीन शिव मंदिर है। बहुंचरा के साथ आस पास के गांव के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र शिव मंदिर पर ग्रामीण धार्मिक अनुष्ठान करने के साथ किसी भी शुभ कार्य के पहले मंदिर पर भगवान शिव की पूजा की जाती है। अब इस प्राचीन मंदिर का कायाकल्प करके पर्यटन के लिए विकसित करने का प्रयास किया गया है। बहुंचरा निवासी परिवहन विभाग के आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने शासन में पौराणिक मंदिर के सौंदर्यीकरण कराने के लिए प्रयास किया। सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश सिंह डकैता पर्यटन विभाग के अधिकारियों को लेकर बहुंचरा गांव पहुंच गए। पर्यटन के अधिकारियों ने प्रस्ताव तैयार कर पत्रावली शासन में भेजी। जिस पर शासन ने 2 करोड़ 40 लाख रूपये का बजट स्वीकृत किया है। इस बजट से सई नदी में पक्का घाट, मंदिर का सौंदर्यीकरण, महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग शुलभ काम्प्लेक्स, हाल व अन्य कार्य कराए जाएगें। जिससे ग्रामीण सई नदी में स्नान करके भगवान शिव को जलाभिषेक कर सकेगें। शासन द्वारा बजट जारी होने पर ग्राम प्रधान मदन सिंह, पूर्व प्रधान संजय सिंह, समाजसेवी अशोक सिंह, विनय सिंह समेत ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर का सौंदर्यीकरण होने के बाद बहुंचरा ग्राम पंचायत प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर प्रदर्शित हो सकेगा।

इंसाफ के लिए एसडीएम आवास पहुंचा पीड़ित

▸▸ पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया मामला

कुण्डा प्रतापगढ़, अमृत विचार : तिलौरी विक्रमपुर मोहल्ला कुण्डा निवासी राकेश पुत्र विशेशर गौतम के घर के सामने आबादी की जमीन है। जिस पर उसका कब्जा है, आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग लोग उस पर कब्जा करके निर्माण करना शुरू कर दिए। पीड़ित का उसी भूमि से निकास बंद कर दिया जा रहा है। पीड़ित बार-बार तहसील पहुंचकर इंसाफ की गुहार लगा रहा था, लेकिन उसकी कोई सुनने वाला नही था। बुधवार की शाम राकेश गौतम अपनी पत्नी विमला देवी, बेटा आकाश, विकास, संदीप के साथ हांथ में पेट्रोल की बोतल लिए ग्रामीणों के साथ एसडीएम आवास पहुंच गया। जहां पर एसडीएम के न होने की बात उसे बताई गई। इस पर पीड़ित परिवार के साथ यह कहने लगा कि जब तक एसडीएम से मुलाकात नही होगी वह यहां से नही हटेगा। नहीं तो वह पेट्रोल छिड़ककर परिवार के साथ आत्मदाह कर लेगा। हालांकि कुछ लोगों के समझाने बुझाने के बाद वह घर चला गया। गुरुवार की सुबह उसे कोतवाली बुलाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता कराया। मौके पर निर्माण करा रहे लोगों को हिदायत दी गई कि जब तक जमीन की वास्तविक नापजोख नही हो जाती तब तक दोनों पक्ष शांति बनाए रखेंगे। अपराध निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को समझाया गया है कि जब तक तहसील प्रशासन द्वारा मामले का निस्तारण नही हो जाता तब तक निर्माण कार्य नही किया जाएगा।

गांधी परिवार की सीट पर भाजपा व सपा ढूंढ रही दिग्गज प्रत्याशी

संवाददाता, प्रयागराज।

तैयारी

▸▸ कौन होगा उम्मीदवार, किसके सिर होगा ताज़

▸▸ पटेल बाहुल्य क्षेत्र में दो दिग्गज आ सकते है आमने - सामने

अमृत विचार: गांधी परिवार की सीट मानी जाने वाली फूलपुर लोकसभा को लेकर इन दिनों सियासी गलियारों में माहौल गर्म है। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रयागराज व फूलपुर की सीट को काफी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एक तरफ भाजपा और अपना दल तो दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी अपने दिग्गज प्रत्याशी की तलाश में लालटेन लेकर टहल रही है। माना जा रहा है कि पटेल बाहुल्य क्षेत्र में किसी दिग्गज के मैदान में आने से सपा और भाजपा या फिर अपना दल के बीच कांटे की टक्कर होगी। ऐसे में अभी यह कह पाना थोड़ा मुश्किल होगा की इस पार्टियों में किसका कौन प्रत्याशी मैदान में ताल ठोंकेगा।

भाजपा, सपा और कांग्रेस ने अपने अधिकतर लोकसभा प्रत्याशियों का नाम उजागर कर दिया है। लेकिन दो महत्वपूर्ण सीटों प्रयागराज और फूलपुर की सीट पर अभी भी कश्मकश की स्थिति बनी हुई है। एक तरफ भाजपा से केशरी देवी पटेल वहां की मौजूदा सांसद है। जो कि स्वयं टिकट को लेकर जोर आजमाईश कर रही है। दूसरी तरफ फूलपुर सीट से अन्य कई दावेदार भी हाईकमान की चौखट पर दंडवत प्रणाम कर रहे है। उधर, इंडिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी कांग्रेस अपने पत्ते खोल चुकी है। एक तरफ प्रयागराज की सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार को टिकट मिलने के उम्मीद जताई जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी खुद फूलपुर की सीट पर अपना दावेदारी ठोक रही है। फूलपुर सीट जो कि कभी नेहरू गांधी परिवार की यह सीट मानी जाती थी। भाजपा से अभी तक प्रयागराज से किसी भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, ना ही समाजवादी पार्टी की तरफ से किसी प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया गया है। अब कयास यह लगाया जा रहा कि यदि प्रयागराज सीट से भाजपा ब्राह्मण को टिकट दिया तो मुकाबला दिलचस्प होगा। प्रयागराज की सीट पर ब्राह्मण वोटर के साथ-साथ अन्य वोटर भी भाजपा की तरफ अपना रुख कर रहे हैं। अगर बात की जाए फूलपुर लोकसभा सीट की तो यहां सपा किसी पटेल को उम्मीदवार बनाने में लगी है। फिलहाल इस सीट पर मुकाबला बेहद दिलचस्प होगा। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा से पटेल उम्मीदवार को टिकट दिया जा रहा है। जिस तरह से अनुप्रिया पटेल और उनके कार्यकर्ता लगातार फूलपुर लोकसभा सीट में सभी विधानसभा में जोर आजमाईश कर रहे है उससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि करीब 4 महीने पहले ही जमीन तलाशना शुरू कर दिए थे। मौजूदा समय में प्रयागराज और फूलपुर सीट पर भाजपा का वर्चस्व कायम है। वहीं एक तरफ भाजपा को यह भय सता रहा है कि अगर समाजवादी पार्टी जो सिराथू से सपा विधायक पल्लवी पटेल को फूलपुर सीट से मैदान में उतारा तो यहां का मुकाबला और भी दिलचस्प होगा। इस महामुकाबले में दो दिग्गज पटेल आमने सामने होंगे। अमृत विचार के संवाददाता ने जब कुछ पार्टी के नेताओं से हकीकत जानने का प्रयास किया तो सभी का जवाब अलग-अलग निकला।

किसने क्या कहा

भाजपा ने देश के लिए बहुत काम किया है। जिसकी वजह से भाजपा का परचम हर तरफ लहरा रहा है। महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने जो किया है किसी की सरकार में नहीं किया गया। पहले महिलाएं न ही सुरक्षित थी, न ही स्वावलंबी।

-अर्चना शुक्ला, उपाध्यक्ष, काशी प्रांत भाजपा

भारतीय जनता पार्टी ने सिर्फ गुजरातियों को बढ़ाने का काम किया है। इसके अलावा उनके पास और कोई काम नहीं था। युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। महंगाई चरम पर आ चुकी है, लेकिन उन्होंने सिर्फ अपने गुजरात और गुजरात वासियों को ध्यान दिया है।

-बब्बन दुबे, वरिष्ठ सपा नेता

वर्ग पहेली-3

बाएं से दाएं

2.1. कटहल का वृक्ष 2. उक्त वृक्ष का फल 3. कांटा 4. एक प्रकार का सांप 5. विभीषण का एक मंत्री 6. राम की सेना का एक बंदर।

4. एक ही पेशे से जुड़ा हुआ, सहव्यवसायी।

6.1. हुक्के में तंबाकू का धुआं खींचने के लिए लगी हुई नरकट की नलियां 2. बहुत ही दुबला-पतला व्यक्ति।

7.1. प्रेमी, प्रेमासक्त 2. रूमानी।

8.1. पानी के अंदर होने वाली एक प्रकार की घास 2. शैवाल।

10.1. साफ़-सुथरा, व्यवस्थित 2. ठीक, अच्छा।

ऊपर से नीचे

1.1. शाकंभरी लवण, पांशु लवण 2. ज्योतिष सिद्धांत का एक भेद।

3. टेलीविज़न या रेडियो पर प्रसारण के लिए समाचार पढ़ने वाला व्यक्ति, उद्घोषक, (न्यूज़रीडर)।

5.1. भव्य 2. उत्तम, बढ़िया 3. ऐश्वर्यवाला 4. तड़क-भड़कवाला 5. प्रशंसनीय।

7.1. तालाब

9. कटी हुई फ़सल से अनाज के दानें अलग करने के लिए बैलों से रौंदवाना, दंवरी।



वर्ग पहेली - 2 का हल

1 म	लि	क	■	2 उ	जा	डू
ठि	■	■	■	ता	■	■
या	■	3 नि	■	4 व	रू	थ
■	5 दी	पा	व	ली	■	■
6 आ	न	न	■	■	■	7 स
■	दा	■	■	■	8 बै	ट
9 सु	र	ब	हा	र	■	ना

सुडोकू -82

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			4		9	5		
5								2
	6		5		1		3	
	3			5		4		7
	1						9	
7		8		3			5	
	5	2	3		8			
3					5			8
		4	7		6			

सुडोकू - 81 का हल

2	6	7	8	3	1	4	9	5
5	3	8	4	7	9	2	6	1
9	1	4	2	5	6	3	8	7
3	9	5	1	8	2	6	7	4
4	2	1	6	9	7	5	3	8
8	7	6	3	4	5	1	2	9
6	8	2	7	1	4	9	5	3
1	5	3	9	6	8	7	4	2
7	4	9	5	2	3	8	1	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 21.57 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 10.41 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज व्यापारी वर्ग को अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। सत्यनिष्ठा और धैर्यपूर्वक दिन बिताने की सलाह दी जाती है। बॉस के साथ मजबूत संबंध स्थापित होंगे। बकाया धन आज वापस मिल सकता है। घर का माहौल भी सामान्य ही रहेगा।

वृष — आज किसी सामाजिक संस्था से भी जुड़ सकते हैं। विद्यार्थी किसी नए कोर्स के प्रति आकर्षित रहेंगे। भविष्य को लेकर योजनायें बनायेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। तीर्थ यात्रा के विषय में कुछ योजना बना सकते हैं।

मिथुन — आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो यात्राओं से आपको बचना चाहिए। घर के लोगों के साथ बहस हो सकती है। अपरिचित लोगों पर भरोसा न करें। विचारों की उधेड़बुन में दिन बीतेगा। भोग-विलास में धन का अपव्यय हो सकता है।

कर्क — आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। कारोबार में अनुमान से अधिक अच्छी सफलता मिलेगी। व्यवस्थित और अनुशासित जीवनशैली का अनुसरण करेंगे। पूर्व में की गयी आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की मिलेगी।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र में स्थिति थोड़ी चिंताजनक हो सकती है। खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं।प्रतिद्वन्दियों के साथ विवाद हो सकता है। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं में राहत मिलेगी।

कन्या — आज आपके कार्यक्षेत्र में अचानक से आपकी स्थिति में बढ़ोत्तरी होगी। संतान को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। मनोरञ्जन में धन खर्च होगा। परिवार में किसी सदस्य को लेकर चिन्ता रहेगी। प्रेम-संबंधों में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

तुला — आज कार्यक्षेत्र में काफी संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र का शेड्यूल अचानक बदल सकता है। आपको भी अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ेगा। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। काम में मन न लगने के बावजूद काम करना पड़ेगा।

वृश्चिक — आज नए क्रियेटिव आइडियाज से काम आसानी से पूरा कर लेंगे। यात्राओं का भरपूर आनंद उठायेंगे। आपके व्यक्तित्व में सन्तुलन रहेगा। लोग आपके उदार और विनम्र व्यवहार की काफी प्रशन्सा करेंगे। समस्त इच्छाओं की पूर्ति होगी।

धनु — आज मन में किसी विषय विशेष के गूढ़ ज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होगी। भोजन की शुद्धता का ध्यान रखना आज जरूरी होगा। लघु उद्योगों से जुड़े लोगों को आज अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है। काम उचित समय पर पूरे नहीं होंगे।

मकर — आज प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो सकती है। व्यवसाय में साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। एक साथ अनेक कार्य करने की कोशिश न करें। दांपत्य जीवन में आपसी समझ और समर्पण बढ़ेगा। नई संपत्ति या घर लेने के विषय में विचार हो सकता है।

कुंभ — आज मन में नकारात्मक चिन्तन उत्पन्न होगा। घुटनों में तकलीफ बढ़ सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। अपने संकल्प और विचारों को लेकर शंका उत्पन्न होगी। नींद में कमी के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

मीन — आज मित्रों से उत्साहवर्धक समाचार प्राप्त होंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। शेयर मार्केट और लॉटरी आदि से फायदा मिल सकता है। चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना करेंगे। धर्म-कर्म में आप विशेष रुचि लेने वाले हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- गुलाब गैंग — सुबह : 12.00
- एक और एक ग्यारह — शाम : 06.00

SONY PIX
- वेनम — सुबह : 12.29
- डोंट ब्रेथ — रात : 07.37

SONY SMAX
- मैडम गीता रानी — सुबह : 11.20
- हिचकी — शाम : 06.59

ZEE CINEMA
- रश्मी रॉकेट (2021) — सुबह : 10.30
- सीक्रेट सुपरस्टार — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- कल हो न हो — सुबह : 09.29
- जब बी मेट — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ने राह चलती एक लड़की को आंख मार दी...

लड़की बोली- ओए, ये क्या कर रहा है, मैं तुझे कोई ऐसी-वैसी लड़की दिख रही हूं?

गप्पू- आपकी बात बिल्कुल ठीक है मैडम, लेकिन चेक करना तो हमारा फर्ज बनता है न।

संजू और बंटी दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे...

टीचर- तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?

संजू- मैडम फिर आप कहोगे नकल मारी है, इसलिए।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत

अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग के कार्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानूनों का किया जिक्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को अपनी वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने औपनिवेशक दौर के कानूनों की जगह लेने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के एक कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि देश भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के साथ आपराधिक न्यायशास्त्र में बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इन तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी। ये तीनों कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा-इन कानूनों की तरह हमारी मौजूदा आवश्यकताओं और वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 2,000 अच्छे वकीलों की सेवाएं लेते हैं तो आप अगले पांच वर्षों में लगभग 35,000 कानूनों में सुधार कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार विनिर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान देगी क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है।

नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की वैष्णव ने शुरुआत की

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स' की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में 'विकसित भारत रणनीति कक्ष' का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना साझा करने का काम करेगा।

आने वाले समय में भारत का मोबाइल फोन निर्यात पांच गुना हो जाएगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात आने वाले समय में पांच गुना से अधिक बढ़कर 50-60 अरब डॉलर हो जाएगा। वैष्णव ने बुधवार को एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख के मौजूदा स्तर से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा।

सेंसेक्स 33 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी रिकॉर्ड

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...नए शिखर पर पहुंच गए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार नई ऊंचाई पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 159.18 अंक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

आरबीआई, बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल के लिए किया समझौता

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

आरबीआई ने बयान में कहा कि सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और इंडोनेशियाई रुपैया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने की सुविधा देगी। इससे रुपया और इंडोनेशियाई मुद्रा के विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के विकास में मदद मिलेगी।

आरबीआई ने कहा-स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। एमओयू पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किये। आरबीआई ने कहा-समझौता ज्ञापन का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,950
गिन्नी (प्रति नग)	49,8000-50,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,600
सोना जेवरात गिन्नी	63,600
चांदी पक्की	728 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,200
चांदी आभूषण	73,800।

वाहनों की खुदरा बिक्री में 13 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने फरवरी के जारी किए आंकड़े

फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। 'फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, "फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। नए उत्पादों की रणनीतिक पेशकश और वाहनों की उपलब्धता बढ़ने की इसमें अहम भूमिका रही।" पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी।

अमित शाह आज जारी करेंगे राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस

नई दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को सहकारिता केंद्रित आर्थिक मॉडल के विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारिता 'डाटाबेस' जारी करेंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, शाह राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस, 2023 पर एक रिपोर्ट भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण 'सहकार से समृद्धि' को पूरा करने के लिए यह सहकारिता मंत्रालय का एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत, मंत्रालय ने देश के विशाल सहकारी क्षेत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने के लिए एक मजबूत डाटाबेस की जरूरत को पहचाना है।

मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2023-24 के लिए करीब आठ प्रतिशत कर दिया

मूडीज रेटिंग्स ने पूंजीगत व्यय और घरेलू खपत में तेजी को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर करीब आठ प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान के एक दिन बाद आया है।

बयान में उन्होंने कहा था कि तीसरी तिमाही के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब हो सकती है। मूडीज का ताजा अनुमान नवंबर 2023 में जताए गए 6.6 प्रतिशत के अनुमान से 1.40 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी अनुमान को भी संशोधित कर क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। जबकि पहले इसके 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी।

मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। इसकी वास्तविक जीडीपी वृद्धि मार्च, 2024 में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में आठ प्रतिशत के आसपास रहेगी जो वित्त वर्ष 2022-23 में सात प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी पूंजीगत व्यय के साथ मजबूत घरेलू खपत भारत की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेगी।

राष्ट्रीय

एक नजर

बहस के बाद महिला यात्री को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा गया

नई दिल्ली। लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही एक महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई, जिसके बाद उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतार दिया गया। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक यह घटना पांच मार्च की है, जो उड़ान संख्या एआई 161 में हुई। उन्होंने बताया कि इस उड़ान की 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला वरिष्ठ कॉर्पोरेट कार्यकारी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसकेबाद कैप्टन की सलाह पर उड़ान के रवाना होने से पहले महिला को विमान से उतार दिया गया।

सत्ती किशोर बने सीबीसी के संयुक्त महानिदेशक

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आकाशवाणी में तैनात भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी सत्ती किशोर को केंद्रीय संचार ब्यूरो में संयुक्त महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया है। सत्ती आकाशवाणी से पहले डीएवीपी में थे, जिसका नाम बदलकर अब केंद्रीय संचार ब्यूरो कर दिया गया है। उन्होंने गुरुवार को सूचना भवन स्थित सीबीसी में अपना पद भार ग्रहण कर लिया है।

पीड़ित महिलाएं कोर्ट के समक्ष देंगी बयान

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि की पीड़िताओं को शिकायतें लाने की दी अनुमति

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता को आवेदन/हलफनामा के जरिए संदेशखालि की महिलाओं को अपनी शिकायतें अदालत के संज्ञान में लाने की अनुमति दे दी।

संदेशखालि में महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन कब्जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि इलाके की 80 महिलाएं सुनवाई में शामिल होना चाहती हैं और अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहती हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने माना कि सभी 80 महिलाओं को अदालत में लाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही टिबरेवाल को एक आवेदन/पूरक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसके जरिए कथित पीड़िताएं अपनी आपबीती अदालत के रिकॉर्ड पर ला सकती हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि पीड़ितों के बयान को उचित तरीके से सत्यापित किया जाना चाहिए और उनकी पहचान भी स्थापित होनी चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि कथित पीड़ितों का बयान स्थानीय भाषा में होगा इसलिए याचिकाकर्ता को उसका अनुवादित प्रति अदालत के समक्ष रखना चाहिए। एक अन्य याचिकाकर्ता ने अदालत से जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की।

संदेशखालि जा रही भाजपा की महिला नेताओं को बाहरी इलाके में रोका गया

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल और लॉकेट चटर्जी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार दोपहर संदेशखालि जा रहीं पार्टी की महिला नेताओं को कोलकाता के बाहरी इलाके 'न्यू टाउन' में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई और महिला नेताओं ने उसी जगह धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जहां उन्हें रोका गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें इस आधार अशांत संदेशखालि की ओर से बढ़ने से रोक दिया गया कि वहां (संदेशखालि) के कई हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

भाजपा संदेशखालि को लेकर गलत सूचना फैला रही : ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संदेशखालि की घटना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। उन्होंने साथ ही दावा किया कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश में सबसे सुरक्षित राज्य है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार को महिला सुरक्षा पर 'भाषण' देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।

पुरी : रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी में महाशिवरात्रि उत्सव से पहले भगवान शिव की सुंदर मूर्ति बनाई। ● एजेंसी

अभिजीत गंगोपाध्याय न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने मंगलवार को न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने के बाद वादा किया था कि वह उन लोगों की सेवा करने के लिए जीवन के एक बड़े क्षेत्र राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं, जो न्याय प्राप्त करने के लिए अदालत तक नहीं पहुंच पाते हैं। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि मैं एक राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होकर बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

हमारी सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियां देंगे : राहुल

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसा नों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।

वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, 'गिग इकॉनमी' में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं। युवाओं को तीस लाख नौकरियां देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा परेशान है।

अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से मूल रिकॉर्ड तलब

नआ दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के कार्यालय से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी उद्धव ठाकरे समूह की याचिका से जुड़े मूल रिकॉर्ड बृहस्पतिवार को मंगवाने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को एक आदेश में जून, 2022 में विभाजन के बाद शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को मूल राजनीतिक दल घोषित किया था। उन्होंने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

कांग्रेस की बैठक में 60 सीटों पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

- दिल्ली से जयप्रकाश अग्रवाल लवली एवं सुरेंद्र कुमार के नाम पर बनी सहमति
- राजधानी की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें दिल्ली सहित कुल 60 सीटों पर चर्चा की गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सुरेंद्र कुमार के नाम पर सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य की सीटों पर भी लगभग अंतिम फैसला हो चुका है। इसके अलावा दक्षिण भारत के राज्यों की सीटों पर ज्यादा विचार विमर्श चल रहा है।

इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं। जिसमें चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक अलका लंबा एवं पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल की प्रबल दावेदारी थी लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी में जेपी अग्रवाल के नाम को ज्यादा वजन दिया गया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम दिल्ली (सुरक्षित) सीट से पूर्व सांसद उदित राज एवं बवाना के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सहित छह दावेदारों पर चर्चा की गई। इस सीट पर कांग्रेस ने एक सर्वे भी करवाया था जिसके तहत सुरेंद्र कुमार को 44 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है जबकि पांच दावेदारों को 56 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया था। इसी आधार पर स्क्रीनिंग कमेटी ने सुरेंद्र कुमार का नाम तय किया है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह लवली एवं रागिनी नायक के नाम पर विचार किया गया। अंत में लवली के नाम को अंतिम रूप दिया गया है। कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा होती रही। अभी कोई नाम तय नहीं किया गया है।

संसद की सुरक्षा में चूक का मामला : पुलिस ने जांच लिए और समय मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए एक अदालत का रुख कर और समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि कुछ रिपोर्टों का इंतजार किया जा रहा है और डिजिटल डेटा विशाल मात्रा में है। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर से मामले की जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय देने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने अर्जी पर जेल में बंद आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत को नोटिस जारी कर 11 मार्च तक जवाब मांगा है।

चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आवेदन को चुनौती देते हुए दो एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर और मंशा के साथ शीर्ष अदालत के छह मार्च तक चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे की विस्तृत जानकारी निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने के निर्देशों की अवज्ञा की गई।

अवमानना याचिका

- दो एनजीओ ने निर्देशों की अवज्ञा का लगाया आरोप

दो एनजीओ द्वारा दायर याचिका में दावा किया कि एसबीआई ने जानबूझकर आखिरी क्षण में अर्जी दाखिल कर दलों द्वारा चुनावी बॉण्ड भुनाने की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि दानकर्ताओं और उनकी ओर से दान दी गई राशि की जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक नहीं हो। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से अदालत में पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी दलीलों पर संज्ञान लिया। भूषण ने कहा कि एसबीआई की याचिका 11 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है और अवमानना याचिका पर भी साथ में सुनवाई होनी चाहिए।

82.42% अज्ञात आय का संबंध चुनावी बॉण्ड से: एडीआर

राष्ट्रीय दलों की 2022-23 के दौरान अज्ञात स्रोत से हुई आय में से 82 प्रतिशत का संबंध चुनावी बॉण्ड से है। यह खुलासा चुनाव अधिकार निकाय ने किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा ऑडिट रिपोर्ट और दान संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर उनका स्रोत अज्ञात रहा। एडीआर ने कहा कि वित्तवर्ष 2022-23 के लिए दाखिल वित्तीय रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि अज्ञात स्रोत से हुई कुल 1,832.88 करोड़ रुपये की आय में से 1510 करोड़ रुपये चुनावी बॉण्ड से प्राप्त हुए, जो कुल अज्ञात स्रोत से प्राप्त राशि का 82.42 प्रतिशत है। इस अध्ययन के लिए छह दलों की आय पर विचार किया गया जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) शामिल है। एडीआर के मुताबिक भाजपा ने सबसे अधिक अज्ञात स्रोत से आय की जानकारी दी।

कार्तिक खत्म करेंगे आईपीएल करियर अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला जल्द

धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के सत्र में अंतिम बार खेलने की तैयारी में हैं और इसके बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलने वाले कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं। 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि 2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी होगा। वह आईपीएल के बाद अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में पंजाब से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ की राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े। आरसीबी ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात से खेले और फिर 4 सत्र तक कोलकाता का हिस्सा रहे। उनकी अगुआई में 2018 में कोलकाता आईपीएल प्ले ऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 2022 से पहले कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और आरसीबी ने उन्हें साढ़े पांच में खरीदा था। उन्होंने आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्ले ऑफ में पहुंचाने में भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन से कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया में हुए आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल सके।

आईपीएल बेहद लोकप्रिय, लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही जीवन: अश्विन

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप पाने के बाद भावुक हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन

धर्मशाला, एजेंसी

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से गुरुवार को अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप प्राप्त करने के बाद रविचंद्रन अश्विन भावुक हो गए। इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट जीवन के सबसे करीब है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के साथ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट का समर्थन किया।

अश्विन ने कहा कि आईपीएल बेहद लोकप्रिय है, बहुत सारे बच्चे टी-20 खेलना और आईपीएल में जाना चाहते हैं। मैं सचमुच चाहता हूं कि वे वहां पहुंचें, लेकिन याद रखें, यह प्रारूप (टेस्ट) कई चीजों में है जो जीवन आपको नहीं सिखाएगा। मुझे लगता है कि टेस्ट ही जीवन है। यह जीवन के सबसे करीब है। यह आपको सामंजस्य बैठाना, दबाव से निपटना सिखाएगा। 2011 में टेस्ट पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने पिता रविचंद्रन की भी सराहना की। अश्विन ने कहा कि यह काफी भावनात्मक क्षण है। सिर्फ मेरे लिए नहीं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो भावनाओं से ज्यादा हिल जाएंगे, लेकिन आज चेन्नई में बैठे एक व्यक्ति के लिए बेहद भावनात्मक क्षण है। दुर्भाग्य से वह यहां नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पहला दिन (बचपन में क्रिकेटर के रूप में), अब भी मुझे बहुत स्पष्ट याद है, मैं अपनी किट पेट्रोल टैंक के सामने रख देता था और फिर वह मुझे बाइक पर बैठाते थे और कोचिंग के लिए ले जाते थे। एक सरकारी कर्मचारी (उनके पिता) अपने बेटे को जीवन में मीलों आगे ले जाना चाहता था, उन्होंने सोचा था कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगा। उन्होंने मुझे मेरी मां और निश्चित रूप से मेरे दादाजी की मदद से यहां पहुंचाया। संघर्ष के दौर में उनकी पत्नी प्रीति ने उनका काफी समर्थन किया। अश्विन को कैप सौंपने के बाद द्रविड़ ने कहा कि तमिलनाडु का यह क्रिकेटर इस क्षण का हकदार था। आपने टीम को ईमानदारी से सब कुछ दिया है और आज आपका 100वां टेस्ट है। यह एक यात्रा थी जो चेन्नई की सड़कों से शुरू हुई थी। यह आपके परिवार के बिना संभव नहीं होता। उन्हें भी बधाई। आप इस लम्हे के हकदार हैं। आपसे बात करना सौभाग्य की बात रही। एक कोच के रूप में आपके साथ काम करना सौभाग्य की बात है। और बेशक यह कैप आपको सौंपना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

खेल डायरी

स्टिमक ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

नई दिल्ली। चोट के कारण एशियाई कप टीम से बाहर हुए सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली और मिडफील्डर जैकसन सिंह को गुरुवार को महीने के अंत में अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत 21 मार्च को सऊदी अरब के आभा में और फिर 26 मार्च को गुवाहाटी में मैच खेलेगा। अफगानिस्तान के घरेलू मैच देश से बाहर कराए जा रहे हैं। मोहन बागान सुपर जायंट्स के खिलाड़ी अली पिछले साल टखने की चोट से खेल से बाहर रहे, जिससे वह इस साल जनवरी में एशियाई कप में नहीं खेल सके। पिछले महीने भी उन्हें इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के दौरान चोट लग गयी थी जो इतनी गंभीर नहीं थी। जैकसन की पिछले साल नवंबर में बाएं कंधे की सर्जरी हुई थी। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी आईएसएल टीम के लिए वापसी की हैं। विंगर आशिक कुरूनियन की अभी चोट ठीक नहीं हुई है जो उन्हें सितंबर में लगी थी इसलिये उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया।

गुकेश जीते, प्रज्ञानानंदा ने बार्टेल से बाजी ड्रॉ की

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में आठवें दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमेर को शिकस्त दी, लेकिन आर प्रज्ञानानंदा को पोलैंड के मातेयूज बार्टेल ने बराबरी पर रोक दिया। उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव का विजयी अभियान जारी रहा और उन्होंने ईरान के परहम माघसूदलू को हराकर एक दौर शेष रहते ही खिताब जीत लिया। अब्दुसत्तारोव के छह अंक हो गए हैं और उन्होंने 1.5 अंक की विजयी बढ़त बना ली है। यहां इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उज्बेकिस्तान का यह ग्रैंडमास्टर विश्व रैंकिंग में भी चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय विदित गुजराती ने भी रोमानिया के रिचर्ड रेपोर्ट के साथ ड्रॉ खेला।

नडाल के हटने के बाद नागल इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में

इंडियन वेल्स। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने स्पेन के महान खिलाड़ी रफेल नडाल के बीएनपी परिबास ओपन से हटने पर लकी लूजर के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं होने का हवाला देकर नडाल टूर्नामेंट से हट गए। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे, लेकिन उस ड्रॉ में शीर्ष खिलाड़ी होने से उन्हें मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। वह अभी एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर हैं। नागल पहले दौर में 2016 विंबलडन के फाइनल में जगह बनाने वाले मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे। नागल ने एक्स पर लिखा कि इंडियन वेल्स के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण करने को लेकर रोमांचित हूं। इससे पहले नडाल ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

युवाओं और जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा से नौकरी अच्छा विचार नहीं: तेजस्विन

नई दिल्ली। भारत के ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है और कहा है कि इससे खिलाड़ी 'अनुचित तरीके' अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को पुरस्कृत करती है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया खेलों- युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन खेल- के पदक विजेता संशोधित मानदंडों के अनुसार सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके विचारों को अलोकप्रिय राय माना जा सकता है। तेजस्विन ने 'एक्स' पर लिखा कि अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं/जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि।

कुलदीप-अश्विन ने इंग्लैंड को 218 पर समेटा, भारत मजबूत

यादव ने 5 और रविचंद्रन ने लिए 4 विकेट, भारतीय बल्लेबाजों ने पहले दिन बनाए 135 रन

धर्मशाला, एजेंसी

बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के 5 और 100वां टेस्ट खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 4 विकेट से इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

कप्तान रोहित शर्मा (83 गेंद में नाबाद 52, 6 चौके, 2 छक्के) और यशस्वी जायसवाल (58 गेंद में 57 रन, 4 चौके, 3 छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। दिन का खत्म होने पर शुभमन गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे। भारत अब इंग्लैंड से सिर्फ 83 रन पीछे है जबकि उसके 9 विकेट शेष हैं। कुलदीप (72 रन पर 5 विकेट) ने पहले पारी में चौथी बार 5 या इससे अधिक विकेट लेते हुए इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो वहीं अश्विन (51 रन पर 4 विकेट) ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। रविंद्र जडेजा ने भी 17 रन देकर एक विकेट लिया, जिससे सभी विकेट स्पिनरों के खाते में गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (108 गेंद में 79 रन, 11 चौके और 1 छक्का) शीर्ष स्कोरर रहे। अश्विन की तरह 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (18 गेंद में 29 रन), बेन डकेट (27), जो रूट (26) और बेन फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत को रोहित और जायसवाल ने शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने मार्क वुड पर चौके से खाता खोला। रोहित को 20 रन पर जेम्स एंडरसन की गेंद पर मैदानी अंपायर ने विकेट के पीछे कैच आउट दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद पैड से टकराई थी। जायसवाल ने ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का स्वागत 4 गेंद में 3 छक्कों से किया। जायसवाल ने बशीर पर दो चौकों के साथ 56 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 21वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वह अगली गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में फोक्स के हाथों स्टंप हो गए। रोहित ने भी बशीर की गेंद पर 1 रन से 77 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले कुलदीप ने भारत को वापसी दिलाई। मेहमान टीम ने 175 रन पर 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड का स्कोर 3 पर 175 रन से 6 पर 175 रन हो गया। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में 94 रन जोड़कर 6 विकेट गंवाए। भारत अगर डीआरएस लेता तो कुलदीप को सत्र की दूसरी गेंद पर क्राउली का विकेट मिल जाता। कुलदीप को हालांकि इंतजार नहीं करना पड़ा और उन्होंने ऑफ साइड से तेजी से अंदर की ओर स्पिन होती गेंद पर क्राउली का लेग स्टंप उखाड़ दिया। बेयरस्टो दो छक्के और दो चौके के बाद कुलदीप की गुगली पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। इस समय टीम का स्कोर 4 पर 175 रन था। जडेजा ने इसके बाद रूट और कुलदीप ने स्टोक्स (0) को पगबाधा किया। इन तीनों ने डीआरएस लिए और तीनों गंवा दिए। अश्विन ने तीन गेंद में टॉम हार्टले (6) और मार्क वुड (0) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर 8 पर 183 रन किया। चाय के बाद अपने दूसरे ओवर में फोक्स (24) और एंडरसन (0) को 4 गेंद में आउट करके इंग्लैंड की पारी को समेटा। सुबह के सत्र में क्राउली ने अर्धशतक जड़ा और लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 100 रन तक पहुंचाया।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी) 218/10 (57.4 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली बो कुलदीप	79	108	11/1
बेन डकेट का गिल बो कुलदीप	27	58	4/0
ओली पोप स्टं जुरेल बो कुलदीप	11	24	0/0
जो रूट पगबाधा बो जडेजा	26	56	4/0
जॉनी बेयरस्टो का जुरेल बो कुलदीप	29	18	2/2
बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप	00	06	0/0
बेन फोक्स बो अश्विन	24	42	3/0
टॉम हार्टले का पडिक्कल बो अश्विन	06	09	1/0
मार्क वुड का रोहित बो अश्विन	00	02	0/0
शोएब बशीर नाबाद	11	22	2/0
एंडरसन का पडिक्कल बो अश्विन	00	03	0/0

अतिरिक्त: 5, **विकेट पतन:** 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218, **गेंदबाजी:** बुमराह 13-2-51-0, सिराज 8-1-24-0, अश्विन 11.4-1-51-4, कुलदीप 15-1-72-5, जडेजा 10-2-17-1

भारत (पहली पारी) 135/1 (30 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी स्टं फोक्स बो बशीर	57	58	5/3
रोहित शर्मा नाबाद	52	83	6/2
शुभमन गिल नाबाद	26	39	2/2

अतिरिक्त: 0, **विकेट पतन:** 1-104, **गेंदबाजी:** एंडरसन 4-1-4-0, वुड 3-0-21-0, हार्टले 12-0-46-0, बशीर 11-2-64-1

तोक्यो के कांस्य को पेरिस में स्वर्ण में तब्दील करना है लक्ष्य : हरमनप्रीत

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक को पेरिस में स्वर्ण पदक में बदलने का है। रिकॉर्ड 8 बार की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो में कांस्य पदक के प्लेऑफ में 1-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जर्मनी को 5-4 से हराकर 41 साल के ओलंपिक पदक के सूखे को समाप्त किया था। भारत ने पिछला ओलंपिक स्वर्ण पदक 1980 में मास्को में जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि तोक्यो में कांस्य जीतना यादगार पल रहा और हम उसी लय को पेरिस तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुरू में हमारा ध्यान एक समय में एक कदम उठाने का होगा, ग्रुप चरण से अगले दौर में पहुंचने और क्वार्टरफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा।

मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स को 42 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल में यूपी वारियर्स को 42 रन से हराकर चौथी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने शुरूआती झटकों के बाद 6 विकेट पर 160 रन बनाए। इसका पीछा करने उतरी यूपी ने पांचवें ओवर में 15 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। इन झटकों से टीम उबर नहीं सकी और दीप्ति शर्मा की नाबाद 53 रन की पारी भी काम न आ सकी, जिन्होंने 36 गेंद में 6 चौके और 2 छक्के लगाए। यूपी 9 विकेट पर 118 रन बनाकर हार गई। यह उसकी दूसरी हार है। मुंबई के चौथी जीत से 8 अंक हो गए हैं, जिससे वह शीर्ष पर काबिज दिल्ली के बराबर पहुंच गई है। यूपी का स्कोर 10 ओवर में 4 विकेट पर 42 रन था और उसे 60 गेंद में 119 रन बनाने थे। दीप्ति को छोड़कर उसकी सिर्फ दो खिलाड़ी ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी जिसमें ग्रेस हैरिस ने 15 और श्वेता सेहरावत ने 17 रन बनाए। मुंबई की साइका इशाक सबसे सफल गेंदबाज रहीं जिन्होंने 27 रन देकर 3 विकेट और नैट साइवर ब्रंट ने 2 विकेट लिए। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। लेकिन नैट साइवर ब्रंट (31 गेंद में 45 रन) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (30 गेंद में 33 रन) ने 3 विकेट के लिए 46 गेंद में 59 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। अमेलिया केर ने 23 गेंद में नाबाद 39 रन और संजीवन सजना ने 14 गेंद में नाबाद 22 रन का बनाया। इन दोनों ने अंत में 4.2 ओवर में 43 रन जोड़े। मुंबई ने अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज के विकेट चौथे ओवर तक गंवा दिए थे।

बॉलीवुड हलचल

जया ने बताई सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री जया बच्चन ने सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह बताई है। जया अक्सर अपने बयानों और प्रतिक्रियाओं को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। जया सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करती हैं। जया अपने परिवार की एक मात्र सदस्य हैं, जो सोशल मीडिया से दूर रहती हैं। जया अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में नजर आ रही हैं। नव्या ने शो के प्रोमो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में जया ने कहा कि दुनिया पहले से हमारे परिवार के बारे में काफी कुछ जानती है। इसे हमें शेयर करने की जरूरत नहीं है। जया ने कहा कि जब मैं छोटी थी, तो हमें कॉल बुक करनी पड़ती थी और ये दो तरह की होती थीं, एक नॉर्मल थी, और दूसरी एमरजेंसी थी। यदि आप अपने बॉयफ्रेंड से बात करती हैं, तो ये एक इमरजेंसी कॉल होनी चाहिए।

राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज हो गया है। ये गाना गिरिराज म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। गाने के म्यूजिक वीडियो में तोशी दूबेदी भी नज़र आई हैं। राकेश ने इस गाने को अब तक का सबसे कमाल का गाना बताया है। उन्होंने कहा कि होली सबों के घरों में खुशियों का रंग लेकर आए और इससे पहले होलिका दहन में अपनी बुराइयों को दहन कर देना चाहिए। मैं आग्रह करूंगा कि आप सब भी खुशियों भरी होली के साथ संगीत का आनंद लें और हमारे गाने को खूब एन्जॉय करें। इसे हमने आपके लिए बेहद मेहनत से बनाया है और इस लिए भी उम्मीद है कि आप हमारे गाने को पसंद करेंगे और अपने आशीर्वाद और प्यार से इसे बड़ा बना दें। गाना होली खेले राम लला के गायक राकेश मिश्रा हैं। निर्माता मुकेश गिरी (रंकु) हैं। संगीत छोटू रावत का है और गीतकार रजनीश चौबे हैं। वीडियो डायरेक्टर अलोक सिंह हैं।

रिंकू और काजल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड सिने फिल्म्स प्रोडक्शन प्रस्तुत और प्रदीप सिंह कृत भोजपुरी फिल्म ननद का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ननद का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह है जबकि फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है। फिल्म ननद के ट्रेलर में अभिनेत्री रिंकू घोष और काजल राघवानी का जलवा देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनेता गौरव झा देव सिंह और संजय सिंह भी फिल्म में काफी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं। निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमारी फिल्म ननद की कहानी एसके चौहान ने लिखी है। यह कहानी दर्शकों को कहीं ना कहीं अपने से जोड़ने का काम करेगी और भोजपुरी सिनेमा घरों के अंदर महिला दर्शकों को वापस लेकर आएगी। हमने एक बेहतरीन फिल्म का निर्माण करने की कोशिश की है। उम्मीद है कि यह फिल्म सिनेमाघर के साथ-साथ टीवी पर भी इस साल की बड़ी फिल्म साबित हो। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना किरदार बेहद खूबसूरती से निभाया है जो आपको फिल्म के ट्रेलर में एक झलक के तौर पर देखने को मिल सकती है। यदि आपने अब तक ट्रेलर नहीं देखा तो जल्दी से ट्रेलर देख। फिल्म ननद में गौरव झा, काजल राघवानी, रिंकू घोष, देव सिंह, संजय पांडे, प्रेम दुबे, मनोज टाइगर, रितु पांडे, रिंकू भारती मुख्य भूमिका में हैं। लेखक एस.के. चौहान हैं। संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव, राकेश निराला और शानदार जी हैं। छायांकन मनोज कुमार सिंह का है। संकलन गुरजंट सिंह, नृत्य कानू मुखर्जी और एक्शन अशोक यादव का है। कला रणधीर दास, कॉस्ट्यूम विद्या-विशुन, कार्यकारी निर्माता कमल यादव और निर्माण प्रबंधक राजू रेड्डी हैं।

इंडिया को हंसाएंगे' में धूम मचाएंगे खान ब्रदर्स



मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में खान बदर्स अरबाज और सोहैल नजर आएंगे। इस रविवार अनलिमिटेड मैडनेस से भरे एक एपिसोड के साथ, शो में अरबाज़ खान और सोहैल खान का स्वागत किया जाएगा, जो मैडनेस की मालकिन हुमा कुरेशी के साथ जुड़ेंगे और कॉमेडियंस द्वारा पेश किए जाने वाले कुछ अनूठे एक्ट्स का मजा लेंगे। जाने-माने स्टैंड-अप कॉमेडियन और शो के होस्ट, हर्ष गुजराल, बड़े दिलचस्प अंदाज में यह बताएंगे कि बड़े भाई-बहनों के साथ रहने के लिए क्या करना पड़ता है और इसके साथ किस तरह की विचित्रताएं जुड़ी होती हैं। हास्य कलाकार हेमांगी कवि और कुशल बद्रीके ने अपने स्किट साइलेंट बायको के जरिए से वैवाहिक जीवन के उतार-चढ़ाव को हास्यपूर्ण तरीके से पेश किया और अपनी हास्य प्रतिभा के लिए खान ब्रदर्स से तारीफ हासिल की। परितोष त्रिपाठी ने एक स्ट्रगलिंग स्क्रिप्ट राइटर की उलझन को इतने मजेदार ढंग से पेश किया कि गेस्ट्स के पास हंसने के अलावा कोई चारा नहीं था। हेमांगी कवि ने कहा, इसका हिस्सा बनना बेहद खुशी की बात है।

प्रभास और दिशा पटानी ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए किया गाना शूट

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास और बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए इटली में एक विशेष गाना शूट किया है। फिल्म निर्माता नाग अश्विन की आने वाली विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। फिल्म के प्रमुख हिस्से की शूटिंग पहले ही हो चुकी है, फिल्म के मुख्य कलाकार प्रभास, सह-कलाकार दिशा पटानी, निर्देशक नाग अश्विन और निर्माता प्रियंका दत्त के साथ, हाल ही में फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। यह गाना इटली के कैसर्टा में राजसी रॉयल पैलेस ऑफ कैसर्टा में फिल्माया गया था। सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए, टीम 'कल्कि 2898 एडी' ने पूरी टीम और निर्माताओं के साथ प्रभास और दिशा पटानी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, इटली लो आता पता। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्देशित, 'कल्कि 2898 एडी' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई, 2024 को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

गंभीर बीमारियों को एनएचपी में दें मान्यता

- जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किया जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएचपी) के तहत 'पैलिएटिव केयर' (गंभीर बीमारियों का उपचार) मुहैया कराने का प्राधिकारियों को निर्देश देने संबंधी जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय में पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता जयना कोठारी की इन दलीलों पर गौर किया कि 'पैलिएटिव केयर' को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और इसे मान्यता दी जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप इस बात पर परमादेश (एक रिट) चाहते हैं कि पैलिएटिव केयर अनुच्छेद 21 के अंतर्गत आती है।

मुझे नहीं लगता कि आपको यह अनुरोध करने की आवश्यकता है। पैलिएटिव केयर का अधिकार स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अनुच्छेद 21 मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं को शामिल करता है। पीठ ने याचिका को उचित बताते हुए केंद्र से आठ सप्ताह में जवाब देने को कहा। उसने केंद्र से देश में पैलिएटिव केयर पर मौजूदा नीति की जानकारी देते हुए एक व्यापक जवाब दाखिल करने को कहा। कोठारी ने कहा कि इस समय देश में एक से दो प्रतिशत रोगियों को पैलिएटिव केयर मिलती है। जनहित याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल को पैलिएटिव केयर कहते हैं।

जर्मनी के जजों ने सुप्रीम कोर्ट में देखी कार्यवाही

जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा की। सीजेआई ने दोपहर में कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि हम जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों का स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आए जर्मन न्यायाधीशों ने पीठ साझा की और न्यायिक कार्यवाही देखी।

प्रधानमंत्री मोदी की बधाई पर शहबाज ने जताया आभार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुनः निर्वाचित होने पर बधाई के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

धांधली के आरोपों के बीच चुनाव के करीब एक महीने बाद उन्होंने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की बागडोर दूसरी बार संभाली है। शहबाज ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देने के लिए नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शहबाज को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई।

कैश ट्रांजेक्शन के नियम जानें नहीं तो मिलेगा आयकर नोटिस

अक्सर लोग टैक्स बचाने के लिए नकद में लेनदेन करते हैं। उन्हें लगता है कि आयकर विभाग को पता नहीं चलेगा लेकिन ऐसा नहीं है। बड़े कैश ट्रांजेक्शन हमेशा आयकर विभाग की नजरों में रहते हैं। किसी भी गलत लेनदेन पर इनकम टैक्स का नोटिस आ सकता है। आईए जानते हैं इसके के नियमों के बारे में...

फिक्स्ड डिपॉजिट

जिस तरह बैंक खाते में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से ज्यादा पैसे जमा करने पर सवाल उठता है, वैसा ही एफडी के साथ भी होता है। अगर आप एक या एक से अधिक एफडी में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से अधिक जमा करेंगे तो कोई शक होने पर आयकर विभाग आपसे पैसों के स्रोत को लेकर सवाल पूछ सकता है।

बड़ी प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन

अगर आपने कोई प्रॉपर्टी खरीदते वक्त 30 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश ट्रांजेक्शन कर दिया है तो प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार इस बारे में आयकर विभाग को सूचना जरूर देगा। ऐसे में इतने बड़े ट्रांजेक्शन की वजह से आयकर विभाग पूछ सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान

अगर आपके क्रेडिट कार्ड का बिल 1 लाख रुपये या उससे अधिक हो जाता है और आप कैश में उसका भुगतान करते हैं तो भी आपसे पूछा जा सकता है कि पैसों का स्रोत क्या है। वहीं अगर किसी वित्त वर्ष में आप 10 लाख रुपये या उससे अधिक का भुगतान किसी भी तरीके से करते हैं तो आपसे आयकर विभाग सवाल कर सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

बैंक खाते में कैश जमा करना

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नियम के अनुसार अगर एक वित्त वर्ष में कोई 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा कैश जमा करता है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाती है। यह पैसे एक या एक से अधिक खातों में जमा किए गए हो सकते हैं। अब क्योंकि आप तय सीमा से अधिक पैसे जमा कर रहे हैं तो आयकर विभाग आपसे इन पैसों के स्रोत के बारे में पूछ सकता है।

शेयर, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदना

अगर शेयर, म्यूचुअल फंड, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदने में बड़ी मात्रा में कैश का इस्तेमाल होगा, तो इससे भी आयकर विभाग सचेत हो जाता है। अगर कोई शख्स 10 लाख रुपये या उससे अधिक का ट्रांजेक्शन करता है तो इसकी जानकारी आयकर विभाग तक पहुंच जाती है। ऐसे में आयकर विभाग आपसे पूछ सकता है कि आप कैश कहां से लाए।

एक नजर

मिजोरम: 9.6 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

आइजोल। असम राइफल्स के जवानों ने मिजोरम के चंपई जिले में 9.6 करोड़ रुपये की 1.3 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जबकि म्यांमार के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। अर्द्धसैन्य बल के अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने मंगलवार को मिजोरम-म्यांमा सीमा के पास स्थित जिले के जोखावथर गांव में तलाशी अभियान चलाया और तस्कर के कब्जे से मादक पदार्थ जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा कि उन्होंने साबुन की पेटियों से मादक पदार्थ बरामद किया और म्यांमा के 35 वर्षीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया।

मेक्सिको में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त तीन सैनिकों की मौत, तीन घायल

मेक्सिको सिटी। मैक्सिको की खाड़ी में नौसेना के एएस565 पैंथर हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन सैनिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए जबकि दो अन्य लापता हैं। नौसेना ने गुरुवार को एक कहा, दुर्घटना में नौसेना के आठ सैनिक सवार थे, जबकि, तीन की मौत हो गई और तीन को बचा लिया गया है। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लापता हैं। खोज अभियान जारी है। दुर्घटना के पीछे के कारणों की जांच जारी है।

नेपाल: महाशिवरात्रि से पहले साधु-संतों ने निकाली शिव बारात

काठमांडू। देवों के देव महादेव शिव शंकर के विवाह को लेकर मनाया जाने वाला पर्व महाशिवरात्रि आज मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले गुरुवार को नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में साधु-संतों ने शिव बारात निकाली। बता दें कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालु उपवास, अनुष्ठान और प्रार्थना करके भगवान शिव को फल, फूल और दूध चढ़ाते हैं।

पोलैंड: किसानों ने यूक्रेन से अनाज आयात के खिलाफ किया हाईवे जाम

वारसों। पोलैंड में बुधवार को किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। युक्रेन से अनाज आयात और यूरोपीय संघ की नीतियों के खिलाफ किसानों के समर्थन में छात्र और आम लोग भी उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बारसों में प्रधानमंत्री आवास की घेराबंदी कर दी है। किसानों के ट्रैक्टरों के साथ पहुंचने से वारसों की ओर जाने वाला हाइवे जाम हो गया। इस बीच, कई जगह पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच झड़पें हुई हैं। उग्र प्रदर्शनकारियों ने यूरोपीय संघ का झंडा भी जला दिया।

सीमा पर समझौतों का उल्लंघन कर रहा चीन, जयशंकर की खरी-खरी

जापान में विदेश मंत्री बोले- हिंद प्रशांत में शक्ति परिवर्तन से भविष्य में गंभीर असर होगा

टोक्यो, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।

जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि 'अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया।' विदेश मंत्री ने कहा कि 'हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है।

मेक इन इंडिया के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा मिला

टोक्यो में गुरुवार को अपने जापानी समकक्ष को भारतीय निर्मित उपहार भेंट करते जयशंकर।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में ओआरएफ द्वारा रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नए भारत के साथ लोगों की मानसिकता में भी बदलाव आ रहा है। सम्मेलन के दौरान एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो के माध्यम से जयशंकर ने संदेश दिया। उन्होंने कहा, जी20 की अध्यक्षता के दौरान हमने संरचनात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आगे कहा, ग्लोबल साउथ काफी हद तक उत्पादक से उपभोक्ता बनकर रह गया है। इस स्थिति में भारत की प्रतिक्रिया आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर है। जयशंकर ने आगे बताया कि इसके लिए मेक-इन-इंडिया पहल है, जो न केवल हमारी अपनी, बल्कि दूसरों की जरूरतों पर भी ध्यान केंद्रित करती है। इससे भारत में व्यापार करना भी आसान होगा। नए भारत ने अपना 5-जी स्टैक बनाया। कोविड वैक्सिन की खोज खुद की और चांद के दक्षिणी ध्रुव पर भी उतरने में सफल रहा। केंद्रीय विदेश मंत्री ने कहा, सरकार मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, अटल टिंकरिंग लैब्स जैसी कई राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा दे रही है।

महाशिवरात्रि मनाने भारत से पाकिस्तान पहुंचे 62 हिंदू भक्त

लाहौर। पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए 62 हिंदू बुधवार को वाघा सीमा के रास्ते भारत से लाहौर पहुंचे है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे।

आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया। तीर्थयात्री 10 मार्च को लाहौर लौटेंगे और 11 मार्च को वे कृष्ण मंदिर, लाहौर किला और लाहौर के अन्य ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। वे 12 मार्च को भारत लौटेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के श्री कटासराज मंदिर की तीर्थयात्रा के लिए रवाना होने से पहले भक्तों ने बुधवार को अमृतसर में दुर्गियाना मंदिर में दर्शन किए।

भारत-पाकिस्तान में हों सार्थक-शांतिपूर्ण संबंध

- अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता बोले-दोनों देशों के बीच बातचीत का स्वागत करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि वाशिंगटन कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच "उत्पादक और शांतिपूर्ण वार्ता का स्वागत करेगा, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत की रफ्तार क्या होगी, उसकी गुंजाइश क्या होगी और बातचीत का आधार क्या होगा, ये भारत और पाकिस्तान के बीच तय करने का मामला है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेने पर बधाई देने पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। यानि, अमेरिका ने साफ शब्दों में कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आने से इनकार कर दिया है, जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि वो लगातार इस कोशिश में लगा था, कि अमेरिका, कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाए, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को नकारता है। मिलर ने कहा, हम, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है और हम उनके बीच उत्पादक और शांतिपूर्ण संबंध देखना चाहते हैं।

दोनों देश बातचीत का दायरा मिलकर करें तय

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच सार्थक और शांतिपूर्ण बातचीत का स्वागत करेंगे, लेकिन किसी भी बातचीत की गति, दायरा और चरित्र भारत और पाकिस्तान को तय करना है। बता दें, शरीफ ने पदभार संभाला, पाकिस्तान के विशेषज्ञों ने कहा कि जटिल कश्मीर मुद्दे पर उनके बड़े मतभेदों के कारण उन्हें निकट भविष्य में पाकिस्तान और भारत के बीच संबंधों में तत्काल सुधार नहीं दिख रहा है।

अदन की खाड़ी: पोत पर हमला, भारतीय नौसेना ने की मदद

नई दिल्ली। अदन की खाड़ी में मिसाइल हमले का शिकार बने बारबाडोस का ध्वज लगे एक मालवाहक जहाज के 21 चालक दल सदस्यों को भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने बचा लिया है। चालक दल के इन सदस्यों में एक भारतीय भी है।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने गुरुवार को बताया कि बारबाडोस का ध्वज लगे मालवाहक जहाज एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर बुधवार को अदन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 55 समुद्री मील की दूरी पर कथित रूप से ड्रोन या मिसाइल से हमला किया गया था। इससे जहाज पर आग लग गई थी और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- बोलीं- वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो उद्देश्य, वही भारत का भी

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो समग्र उद्देश्य है, भारत की भी वही प्राथमिकताएं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई, जिसमें भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि 'युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने की जरूरत है क्योंकि इसका सीधा असर हम पर होता है।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमारा उद्देश्य अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थायित्व स्थापित करना है। वैश्विक समुदाय के अफगानिस्तान को लेकर उद्देश्य हैं, वही भारत की प्राथमिकताएं हैं। जिनमें आतंकवाद से निपटना, समावेशी सरकार का गठन, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, नशे के खिलाफ लड़ाई और मानवीय मदद देना शामिल है। 18-19 फरवरी को कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, भारत, कनाडा, चीन और जर्मनी, पाकिस्तान, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल हुए।

रोमांच में जाम बना बाधा...



मनाली : बर्फ के रोमांच में यातायात जाम बाधा बन रहा है। हिमपात के बाद मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। गुरुवार को पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के पलचान क्षेत्र में भारी जाम लगा रहा। मनाली से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग तीन घंटे से अधिक समय लग रहा है। सड़कों पर यातायात दबाव बढ़ने से वाहन घंटों रेंगते रहे। मनाली शहर से अटल टनल, वामतट मार्ग, कुल्लू-मनाली हाईवे और हिडिंबा मंदिर जाने वाली सड़क पर चक्का जाम हो गया। जाम ने सैलानियों के रोमांच का मजा किरकिरा कर दिया। ● एजेंसी

विज्ञान वैज्ञानिकों ने कहा, नई खोज में युवा तारों के आसपास हो रहा है ग्रहों का जन्म, लघु आकाशगंगा की तरह आते हैं नजर

ग्रहों के जन्म को लेकर वेरी लार्ज टेलीस्कोप की नई खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने ग्रहों के जन्म की अद्भुत तस्वीरे कैद की हैं। यह खोज ग्रहों के निर्माण के अध्ययन में नई दिशा प्रदान करेगी। चिली स्थित वेरी लार्ज टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हो पाई है। ग्रहों के जन्म को लेकर एक हद तक जानकारियां है, लेकिन अभी भी अनेक गूढ़ रहस्यों को समझना बाकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अध्ययन इस दिशा में उर्वरत जारी है।

अलबत्ता अब जो जानकारी मिली है, वह वैज्ञानिकों की अब तक की खोज से कुछ हटकर नजर आती है। जिसके चलते इस खोज को अहम माना जा रहा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई खोज में युवा तारों के आसपास ग्रहों का जन्म हो रहा है। नई तस्वीरें लघु आकाशगंगाओं की तरह दिखती हैं। मगर वास्तव मे मलवे के ढेर हैं। जिनका आकार आकाशगंगाओं की तरह नजर आता है। जिनमें धूल की मोटी परते शामिल होने के कारण इनके आकार बदलते रहते हैं। इस तरह की तस्वीरें पहले नही देखी गई थी और यही वजह है कि ये खगोलविदों के अध्ययन को नई राह व दिशा देती है। इससे बड़ी बात यह है कि यह खोज ग्रहों के जन्म की तस्वीर काफी हद तक साफ कर देगी। दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीनों से एक समय मे ली गई तस्वीरों का अभी तक का सबसे विशाल संग्रह है। जिसमें 80 से अधिक युवा सितारों और उनके ग्रह निर्माण के बाहरी आवरण यानी फ्रेम शामिल हैं। आयरलैंड स्थित गॉलवे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

डॉ. क्रिश्चियन गिंस्की ने बयान दिया है कि यह वास्तव में हमारे अध्ययन के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव है। अब हम अलग-अलग तारा प्रणालियों के गहन अध्ययन से लेकर संपूर्ण तारा-निर्माण क्षेत्रों के इस विशाल समूह के अवलोकन तक पहुंच गए हैं। यह युवा तारे और उनके नवोदित ग्रह आकाशगंगा में तीन प्रमुख तारा-निर्माण क्षेत्रों से आते हैं।

कुछ वृषभ यानी गिरगिट तारामंडल में गैस बादलों में रहते हैं, जो पृथ्वी से लगभग 600 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित हैं, जबकि दूसरे लगभग 1600 प्रकाश वर्ष दूर ओरियन गैस के बादल से आते हैं।



ग्रहों के जन्म की नई तस्वीरें।

5 हजार से अधिक बाहरी ग्रहों की हो चुकी है खोज

बाहरी ग्रहों की खोज के क्षेत्र में मानव एक लंबा मार्ग तय कर चुका है। 1990 के दशक से अब तक अंतरिक्ष व पृथ्वी आधारित दूरबीनों द्वारा 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी बाहरी ग्रहों को खोजा जा चुका है, जो अपने सूर्य की परिक्रमा करते हैं। जिससे यह पता चलता है कि कुछ ग्रह प्रणालियां हमारे सौर मंडल से बिल्कुल अलग दिखती हैं। इसलिए खगोलविद अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से कारक हैं, जो ग्रह-निर्माण के परिणामों को प्रभावित करते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिन क्षेत्रों में तारे बनते हैं, वे न केवल दूर हैं, बल्कि आमतौर पर धूल से भी ढके रहते हैं। वैज्ञानिक ऐसी कई खोजों को लेकर हमेशा अग्रसर रहते हैं।

कई देशों के घुसपैठियों को निकालेगा फ्रांस

- इराक, पाकिस्तान समेत 10 देशों के लोग हैं शामिल, बीते साल 38 हजार को किया था निर्वासित

पेरिस, एजेंसी

यूरोपीय देश अवैध तरीके से आने वालों को रोकने के लिए सख्ती कर रहे हैं। ब्रिटेन रवांडा शरणार्थी प्रक्रिया शुरू कर चुका है। फ्रांस तो इस मामले में और सख्त हो गया है। वहां इसी महीने शरण के नाम पर अवैध रूप से रहने वाले 23 हजार लोगों को देश से निकाला जाएगा।

इसमें सीरिया, इराक, पाकिस्तान समेत कुछ एशियाई और अफ्रीकी देशों जैसे मोरक्को, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र समेत 10 देशों के लोग शामिल हैं।

फ्रांस सरकार ने इस कड़ी में कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को फ्रांस सरकार ने कहा है कि, कार्रवाई फ्रांस में कट्टरता बढ़ने और अगस्त में होने जा रहे ओलिंपिक खेलों की तैयारी की बजह से की जा रही है। बीते साल ही फ्रांस ने 38 हजार लोगों को निर्वासित किया था। यह फ्रांस में रह रहे थे। इनमें ज्यादातर घुसपैठ करने वाले थे। दरअसल, घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व वाली सरकार ने आव्रजन बिल पास कराया है। इसका विपक्ष ये कहकर विरोध कर रहा है कि भले मैक्रों ने कानून पारित करा लिया, पर उदार लोकतंत्र के र रक्षक वाले देश की छवि पर दाग लग गया है। जनवरी में घोषित कानून को वामपंथी विपक्ष द्वारा नस्लवादी बताया गया था, लेकिन धुर दक्षिणपंथी रैसेम्बलमेंट नेशनल (आरएन, आईडी) संसदीय समूह की अध्यक्ष मारिन ली पेन ने इसे 'वैचारिक जीत' माना। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कानून पूरे यूरोप में प्रवासन नीतियों को सख्त करने के लिए लाया गया है। बता दें कि नेशनल असेंबली में बहुमत की कमी के चलते मैक्रों को धुर दक्षिणपंथी धड़े से चुनौती मिल रही है। वह बिल पास कराने के लिए सरकार के बाहर के दलों पर भी निर्भर हैं। नए कानून के तहत प्रवासियों के लिए परिवार के सदस्यों को फ्रांस लाना और मुश्किल होगा। फ्रांस निर्वासन में बड़े पैमाने पर बदलाव कर रहा है। इसके तहत यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय उनके मामलों की सुनवाई करने से पहले ही घुसपैठ करने वालों को निर्वासित कर सकता है।

कट्टरपंथ से जुड़े दंगे, आतंकी हमले भी बढ़ने लगे

फ्रांस सरकार ने कहा है कि, हाल में कट्टरपंथ से जुड़ी घटनाएं हुई हैं। दिसंबर में पेरिस में हमलावर ने चाकू मारकर जर्मन पर्यटक की हत्या कर दी थी। हमलावर अफगानिस्तान और गाजा में मुसलमानों की मौत को लेकर गुस्से में था। 13 अक्टूबर को अर्थस के स्कूल में चाकू से हमले में एक शिक्षक की मौत हो गई थी। जून में एक सीरियाई नागरिक ने अल्पाइन में चार बच्चों को जख्मी कर दिया था।